हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • मंगलवार • 11.03.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 228 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## बच्चों को पटाखा जलाकर दिखाना दुकानदार को पड़ा भारी

# दुकान में आग लगने से पांच की मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा के रंका के गोदरमाना ग्रामीण बैंक के सामने पटाखा व्यवसायी कुश कुमार गुप्ता को पटाखा जलाकर दिखाना भारी पड़ गया। पड़ोस के दो बच्चे नमन कुमार केसरी और भोला केसरी को पटाखा जलाकर दिखा रहा था। इसी क्रम में पटाखे की दुकान में आग लग गई। चारों तरफ पटाखे फूटने लगे। दुकानदार अपने साथ दो बच्चे, एक कर्मी एवं एक ग्राहक अजीत कुमार केसरी को लेकर अपने पास के बगल वाले गोदाम की दुकान में चला गया और शटर बंद कर दिया, ताकि आग की लपटें दुकान के अंदर तक ना जा सके, लेकिन दुर्भाग्यवश शटर का कुछ भाग खुला रह गया। धुंआ भरने लगा। लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। इसी बीच कुछ उत्साही युवक मोटरसाइकिल मिस्त्री असलम रजा,पंकज सोनोग्राफी, संजय गुप्ता, बिट्टू केसरी, गिरधारी राम, दिनेश गुप्ता, मेंडेस गुप्ता, अनील गुप्ता, सुनील राम, विजय गुप्ता, विक्की गुप्ता, सोनू गुप्ता और यहां के मुखिया प्रतिनिधि शंभू प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया मिथिलेश कुमार यादव अशोक गुप्ता आदि ने आग पर काबू पाने के लिए आसपास के लोगों को मोटिवेट किया तथा बुझाने के लिए भरपूर प्रयास किया।

लोगों को यह पता नहीं था कि जिस दुकान में आग लगी है उसके अंदर में कुछ लोग छुपे हुए हैं । जब जानकारी हुई तो जेसीबी के सहयोग से दीवार तोड़कर सभी पांचो को बाहर निकाला। लेकिन उम्मीद लगाए लोगों ने पास के छत्तीसगढ़ राज्य के अस्पताल में सभी को भर्ती कराया, जहां पर प्राथमिक उपचार के क्रम में चिकित्सकों ने पांचो को दम घुटने से मौत हो जाने की जानकारी दी।

### इनकी हुई मौत

मृतकों में कुश कुमार गुप्ता दुकानदार, भंडरिया थाना क्षेत्र के मर्दा ग्राम निवासी ग्राहक अजीत कुमार केसरी, रंका थाना क्षेत्र के बुढ़ापलास ग्राम निवासी दुकान में काम करने वाली सुशीला करकेटा तथा पड़ोस के नमन केसरी (9) और भोला केशरी (8) बताए गए हैं, जबकि दुकान के सामने लगी हुई एक मोटरसाइकिल सीजी 15 डीजे 5467 आग में जलकर पूरी तरह से स्वाहा हो गया है। बाइक रंका थाना क्षेत्र के बेलवादामर ग्राम निवासी अनिल कुमार ठाकुर की थी।

### जांच के लिए पहुंचे एसपी

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, रंका के अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, पुलिस निरीक्षक सुभाष पासवान मौके पर पहुंचे। एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि पांचो की पटाखे में आग लगने के कारण दम घुटने से मौत हुई है। ग्रॉसरी की दुकान में पटाखे बेचे जा रहे थे। पटाखे खरीदने के लिए बच्चे वहां पहुंचे थे। अचानक पटाखे में आग लगने के बाद बच्चे और लोग दुकान का शटर बंद कर अंदर छुप गए थे। दुकान में वेंटिलेटर नहीं था। आग जब लगी तो धुंआ दुकान के अंदर घुसा और दम घुटने से सारे लोग बेहोश हो गए। काफी देर बाद आसपास के लोगों को दुकान के अंदर बच्चे और लोगों के रहने की जानकारी हुई तो उन्होंने दीवार काटकर सभी को बाहर निकाला। उन्हें छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिया जाएगा। उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर जांच के लिए पहुंचे हैं। घटनास्थल पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। इस घटना से बाजार क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं घटना को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी जिला प्रशासन को जांच का निर्देश दिया है।

### राज्यपाल, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने जताया शोक

**रांची :** गढ़वा जिले के रंका प्रखंड के गोदरमाना में पटाखा दुकान में लगी भीषण आग में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना में पटाखा दुकान में आग लगने की घटना हृदयविदारक है। इसमें कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि गढ़वा जिले के रंका प्रखंड में पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मृत्यु की दु:खद खबर मिली है। मरांग बुरु (सर्वोच्च देवता) दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। जिला प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है। वहीं दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि गढ़वा जिले के रंका थाना के अंतर्गत गोदरमाना में पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगों के मृत्यु की दुखद सूचना प्राप्त हुई। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें। मरांडी ने कहा है कि जिला प्रशासन पीड़ित परिजनों को मुआवजा उपलब्ध कराए एवं पटाखा दुकानों को खुले स्थानों पर सभी मानकों के अनुरूप संचालित करने का दिशानिर्देश जारी करे।

## एक नजर

### विमान को मिली बम की धमकी

**मुंबई :** मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाले एयर इंडिया के विमान (एआई119) को सोमवार को बम की धमकी के बाद बीच उड़ान से ही वापस लौटना पड़ा।

एयर इंडिया के बयान के अनुसार, उड़ान भरने के आठ घंटे बाद विमान के शौचालय में विस्फोट की धमकी भरा नोट मिला। बोइंग 777 विमान, जिसमें 303 यात्री और 19 चालक दल के सदस्य सवार थे, अजरबैजान के ऊपर से उड़ रहा था। उसी दौरान, विमान ने अपना रास्ता बदला और मुंबई लौट आया। लैंडिंग के बाद, विमान की जांच की गई लेकिन बाद में, पता चला कि धमकी भरा अलर्ट झूठ था। मुंबई पुलिस के जोन-8 के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने घटना की पुष्टि की और कहा कि यह शौचालय में पाया गया एक सामान्य धमकी भरा नोट है। प्रक्रिया के अनुसार आगे की जांच जारी है। एयरलाइन के अनुसार, अब विमान 11 मार्च को सुबह पांच बजे उड़ान भरेगा। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि संभावित सुरक्षा खतरे के बाद मुंबई लौटने का फैसला लिया गया। बयान के मुताबिक यात्रियों को आवास, भोजन और अन्य सहायता प्रदान की गई है।

### राहुल गांधी ने हाई कोर्ट से याचिका ली वापस

**रांची :** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है।

मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए की विशेष अदालत की ओर से राहुल गांधी को सशरीर उपस्थित से छूट नहीं देने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में हुई।

मामले में अदालत ने राहुल गांधी के आग्रह को देखते हुए याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की। साथ ही कोर्ट ने राहुल गांधी को अंतरिम राहत के तहत चाईबासा की निचली अदालत में उनके खिलाफ चल रही कार्यवाही पर लगी रोक को समाप्त कर दी।

यह मामला वर्ष 2018 का है। भाजपा को लेकर राहुल गांधी की ओर से आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी, राहुल गांधी ने वर्ष 2018 में कांग्रेस के एक अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में कोई भी हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं है। इसे लेकर भाजपा के नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया था। बाद में मामले को चाईबासा में एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था।

### अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी रोहिंग्या गिरफ्तार

**लखनऊ :** अलीगढ़ में चार बांग्लादेशी घुसपैठिये पकड़े गए हैं। जिले की टप्पल पुलिस ने जट्टारी चौकी अंतर्गत नई बस्ती से एक महिला समेत चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये लोग एक ही परिवार के हैं और 17 साल से यहां पर अवैध रूप से रह रहे थे। पुलिस अधीक्षक (देहात) अमृत जैन ने सोमवार को बताया कि मूल रूप से बांग्लादेश के बागडंडा निवासी मकसूद खान उसकी पत्नी साहिना, बेटे मोहम्मद तौफीक, मोहम्मद साबिर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में इन लोगों ने स्वीकार किया कि वे जट्टारी स्थित नया बस्ती में अवैध रूप से रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक 17 साल पहले वर्ष 2008 में ये बांग्लादेशी घुसपैठिये आगरा रेलवे स्टेशन से सियालदह ट्रेन से बेना पुल बॉर्डर होते हुए बस से अलीगढ़ पहुंचे थे।

## झारखंड में एयर एंबुलेंस सेवा बनी जीवन रक्षक, अब तक 94 मरीजों को मिली मदद




### यह है निर्धारित रूट और दर

- रांची-दिल्ली 3.3 लाख
- रांची-मुंबई 4.4 लाख
- रांची-चेन्नई 3.85 लाख
- रांची-कोलकाता 1.10 लाख
- रांची-हैदराबाद 3.02 लाख
- रांची-वाराणसी 1.37 लाख
- रांची-लखनऊ 2.20 लाख
- रांची-तिरुपति 3.85 लाख

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में शुरू की गई एयर एंबुलेंस सेवा गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। अब तक 94 मरीजों को झारखंड से एयरलिफ्ट कर दूसरे राज्यों के प्रमुख अस्पतालों में पहुंचाया जा चुका है। इनमें से 78 मरीज रांची से और 11 अन्य जिलों से थे।

### आम और खास लोगों ने लिया सेवा का लाभ

एयर एंबुलेंस के जरिए त्वरित और सहजभाव से मरीजों को दूसरे राज्यों में इलाज का लाभ मिल रहा है। तभी तो बीते समय में आम लोगों के साथ-साथ गणमान्य लोगों को भी एयर एंबुलेंस की सेवा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त विधानसभा चुनाव कार्य के दौरान गंभीर रूप से घायल झारखंड पुलिस बल के कई जवानों को भी ससमय उच्चतर चिकित्सीय सेवा के लिए एयर एंबुलेंस से एयरलिफ्ट कराकर उच्चस्तरीय मेडिकल सेंटर में शिफ्ट कराया जा चुका है।

### हर वर्ग को एयरलिफ्ट का लाभ, मोबाइल से करें बुक

राज्य के आम और खास हर वर्ग के मरीजों के परिजन नगर विमान विभाग की ओर से संचालित +918210594073 मोबाइल नंबर पर फोन कर एयर एंबुलेंस की सेवा संबंधी जानकारियां 24 घंटे किसी भी समय ले सकते हैं। जानकारी के अनुसार झारखंड के बाहर अन्य गंतव्य स्थानों पर मरीजों को ले जाने पर संबंधित व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर 55,000 प्रति उड़ान घंटे के दर पर एयर एंबुलेंस की सुविधा दी जाती है।

### फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी-90 की सुविधा उपलब्ध

तत्काल नागर विमान प्रभाग की ओर से एयर एंबुलेंस सेवा के लिए फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी-90 की सुविधा उपलब्ध है। इसके माध्यम से एक मरीज तथा दो परिजनों को एक साथ एयर एम्बुलेंस से अन्य राज्य में चिकित्सा के लिए ले जाया जा सकता है।

## वानुआतु के प्रधानमंत्री ने ललित मोदी का पासपोर्ट रद करने का दिया निर्देश : रिपोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** वानुआतु के प्रधानमंत्री जोथम नापत ने नागरिकता आयोग को पूर्व आईपीएल प्रमुख और भगोड़े ललित मोदी को जारी वानुआतु पासपोर्ट रद करने का निर्देश दिया है। रिपोर्टों और प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक कथित प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री नापत ने कहा कि हालांकि जांच में कोई आपराधिक दोष सिद्ध नहीं हुआ है, लेकिन हाल ही में उन्हें बताया गया कि इंटरपोल ने अपर्याप्त साक्ष्य के कारण ललित मोदी पर अलर्ट जारी करने के भारतीय अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया है।



प्रेस विज्ञप्ति में प्रधानमंत्री के हवाले से कहा गया है, मैंने नागरिकता आयोग को श्री मोदी के वानुआतु पासपोर्ट को रद करने की कार्यवाही तुरंत शुरू करने का निर्देश दिया है।

श्री नपत के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, जबकि उनके आवेदन के दौरान की गई इंटरपोल स्क्रीनिंग सहित सभी मानक पृष्ठभूमि जांचों में कोई आपराधिक दोष सिद्ध नहीं हुआ, मुझे पिछले 24 घंटों में पता चला है कि इंटरपोल ने पर्याप्त न्यायिक साक्ष्य के अभाव में श्री मोदी पर अलर्ट नोटिस जारी करने के भारतीय अधिकारियों के अनुरोधों को दो बार अस्वीकार कर दिया है। इस तरह की कोई भी चेतावनी श्री मोदी के नागरिकता आवेदन को स्वतः ही अस्वीकार कर देती। उन्होंने कहा है कि वानुआतु का पासपोर्ट एक विशेषाधिकार है, न कि अधिकार, और आवेदकों को वैध कारणों से नागरिकता दिखानी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में उनकी सरकार ने निवेश कार्यक्रम के माध्यम से अपनी नागरिकता के लिए उचित प्रक्रिया को मजबूत किया है। बयान में कहा गया है कि अद्यतन प्रक्रिया में इंटरपोल सत्यापन सहित ट्रिपल-एजेंसी जांच शामिल है।

## तनिष्क शो-रूम से 25 करोड़ के गहनों की लूट




एजेंसी

**पटना :** बिहार में आरा शहर के नगर थाना क्षेत्र स्थित गोपाली चौक के समीप तनिष्क शो रूम से आज अपराधियों ने दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम दिया है। तनिष्क शो-रुम के स्टोर मैनेजर के अनुसार 25 करोड़ की लूट हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शो रूम को सील कर दिया है। स्टोर मैनेजर मृत्युंजय कुमार ने मीडिया से बातचीत में बताया कि हथियार के बल पर अपराधी शो रूम अंदर घुसे और चंद मिनटों में सोना-चांदी के जेवरात लूटकर फरार हो गए। इसकी कीमत करीब 25 करोड़ रुपये है। घटना के बाद नगर थाना की पुलिस इसकी छानबीन कर रही है।

वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खबरों के अनुसार आरा-बबुरा से डोरीगंज की ओर तीन मोटरसाइकिल पर सवार छह संदिग्ध व्यक्ति जाते दिखे। इसके बाद पुलिस ने उनका पीछा किया। कुछ दूर तक पीछा करने पर अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों की जवाबी फायरिंग में दो अपराधी घायल हो गये। उनके पैरों में गोली लगी। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी पहचान सारण के दिघवारा निवासी विशाल गुप्ता और सोनपुर के कुणाल कुमार के रूप में हुई है।

## छत्तीसगढ़ : पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आवास पर ईडी की रेड, नोट गिनने की मशीन लेकर पहुंचे बैंककर्मी

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके पुत्र चैतन्य बघेल सहित उनके 14 करीबियों के ठिकाने पर ईडी की रेड के कारण राज्य की सियासत में भूचाल मचा हुआ है। बता दें कि सोमवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके पुत्र चैतन्य बघेल के यहां छापा मारा। ईडी ने शराब घोटाले के मामले को लेकर रेड की खबरों के अनुसार भूपेश बघेल के घर दस्तावेजों की जांच कर रहे अधिकारियों ने नोट गिनने के लिए मशीन मंगवाई। बैंक कर्मचारी पुलिस की सुरक्षा में नोट गिनने की मशीन लेकर पूर्व सीएम के घर पहुंचे हैं। दूसरी ओर ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के आवास के बाहर ईडी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल होने टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू सहित प्रदेश कांग्रेस के कई दिग्गज नेता भिलाई पहुंच गये हैं। हालंकि अभी तक इस बात की कोई जानकारी सामने नहीं आयी है कि ईडी ने अब तक रेड में कितनी रिकवरी की है, लेकिन पुलिस की सुरक्षा में बघेल के बंगले में नोट गिनने की मशीन लेकर बैंककर्मी गये हैं।



- भूपेश बघेल के आवास के बाहर प्रदर्शन।
- कांग्रेस विधायकों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में किया हंगामा।
- ईडी की कार्रवाई को बघेल ने राजनीतिक षड्यंत्र बताया, कहा, 33 लाख रुपये ले गये।

सोमवार सुबह भूपेश बघेल के घर के बाहर पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्की-मुक्की भी हुई है। इससे पहले कांग्रेस विधायकों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में हंगामा किया। सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन में आसन के पास आ गये। इसके बाद कांग्रेस विधायकों को निलंबित कर दिया गया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया कि सरकार में कथित भ्रष्टाचार पर सवाल उठाने वालों को केंद्रीय एजेंसी का इस्तेमाल कर निशाना बनाया जा रहा है।

ईडी की कार्रवाई को भूपेश बघेल ने राजनीतिक षड्यंत्र बताया है। कहा कि, भाजपा ईडी का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को डराने-धमकाने के लिए कर रही है। कहा कि यह कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध का हिस्सा है और सरकार को इस तरह की रणनीति बंद करनी चाहिए। उन्होंने कहा वे अपने साथ अलग-अलग परिवार के सदस्यों से करीब 33 लाख रुपये ले गए हैं। हमने कहा कि हम खेती करते हैं, डेयरी चलाते हैं और हमारे पास नकदी है, हम लिखित में इस रकम का ब्योरा लेंगे। उन्होंने सिर्फ मीडिया में सुर्खियां बटोरने के लिए इतनी रकम के लिए पूरा मामला खड़ा कर दिया। मैंने उनसे पूछा कि वे किस बात की जांच कर रहे हैं? अब विधानसभा में सवाल उठाना अपराध बन गया है। मैंने विधानसभा में सवाल उठाया और यह हुआ।

## मप्र में भीषण सड़क हादसा नौ की मौत, 13 लोग घायल

एजेंसी

**सीधी :** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार-सोमवार की दरमियानी रात हुए भीषण सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। यहां पनी पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार टैंकर और जीप के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में 13 लोग घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायलों में सात को गंभीर हालत में रीवा मेडिकल अस्पताल में रेफर किया गया है। मृतकों में पांच महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि राजमणि साहू अपनी बेटी का मुंडन संस्कार कराने के लिए तूफान जीप मैहर के ग्राम झोखों जा रहे थे। उनके परिवार के साथ ससुराल पक्ष के लोग भी थे। जीप में कुल 21 लोग सवार थे। सीधी में पेट्रोल पंप के पास रात करीब ढाई बजे सीधी से बहरी की ओर आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने जीप को सामने से टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने घायलों को जीप से निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

डीएसपी गायत्री तिवारी ने बताया कि हादसे में आठ लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हुई थी, जबकि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने सोमवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में आठ की पहचान कुंजलाल साहू, एतवरिया साहू, गंगा साहू, एतवरिया साहू पत्नी दीनदयाल साहू, सुखरजुआ , फूलकली साहू, सुशीला साहू और शिवकुमार साहू के रूप में हुई है, जबकि एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। सभी मृतक सीधी जिले के ग्राम पड़रिया और देवरी के रहने वाले थे।

## एक नजर

### बरही अनुमंडल पत्रकारों का होली मिलन समारोह आज

**बरही** : बरही अनुमंडल के सभी प्रखंडों बरही, चौपारण, बरकट्ठा और पदमा के पत्रकारों का होली मिलन समारोह मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अनुमंडल के सैकड़ों पत्रकार के अलावा प्रशासनिक पदाधिकारी और क्षेत्र के विभिन्न पदों पर आसीन जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। समारोह के दौरान आपसी सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न सांस्कृतिक और संवाद कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

### झारखंड के युवाओं के साथ हो रहा छलावा : प्रदीप प्रसाद

**हजारीबाग** : भाजपा से सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड सरकार पर बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ छलावा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की निष्क्रियता और लचर नीतियों के कारण राज्य के लाखों युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। श्री प्रसाद ने बताया कि झारखंड में अब तक 7,88,522 युवाओं ने रोजगार के लिए पंजीकरण कराया है, लेकिन इनमें से केवल 3,51,953 युवाओं का ही नियोजनालय के जीवित डाटा में नाम दर्ज किया गया है। इसका अर्थ है की आधे से अधिक पंजीकृत युवा अब भी रोजगार के लिए इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2022-2025 के बीच राज्य सरकार द्वारा आयोजित रोजगार मेलों और भर्ती कैंपों के माध्यम से केवल 37,219 उम्मीदवारों को ही रोजगार दिया गया है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि सरकार की रोजगार नीति पूरी तरह विफल साबित हुई है। श्री प्रसाद ने कहा कि कई विभागों में वर्षों से रिक्त पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार इन पदों को भरने के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि शेष पंजीकृत युवाओं के भविष्य का क्या होगा? क्या सरकार के पास इसका कोई जवाब है? भाजपा विधायक ने सरकार से मांग की है कि वह युवाओं के साथ किए जा रहे इस अन्याय को तुरंत समाप्त करे और रोजगार के लिए ठोस नीति बनाकर योग्य युवाओं को जल्द से जल्द नौकरी दे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भाजपा युवाओं के हक की लड़ाई को मजबूती से लड़ती रहेगी और उनके अधिकार दिलाकर ही दम लेगी।

### स्वर्णकार समाज ने पारंपरिक अंदाज में मनाई होली

**हजारीबाग** : रंगों और भाईचारे का त्योहार होली के रंग में हजारीबाग का स्वर्णकार समाज डूब कर अपनी परंपराओं को निभाते हुए हर्षोल्लास के साथ होली मना रहा है। कान्यकुब्ज स्वर्णकार महासंघ की ओर से आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में समाज के लोग पारंपरिक लोक गीत, संगीत और नृत्य से होली के रंग में सराबोर नजर आए। आज बिरज में होरी से रसिया.. आदि गीतों पर झूमे। कार्यक्रम की शुरूआत समाज के बुजुर्गों के आशीर्वाद के साथ किया गया। युवाओं ने जबरदस्त जोश से रंग-गुलाल उड़ाए और एक दूसरे को गुलाल लगाकर व गले मिल कर होली की शुभकामनाएं दी। लोक संगीत की धुनों पर समाज के लोग जमकर थिरकते नजर आए। पूरे माहौल को रंगीन होलीमय बना दिया। ढोल-मंजीरों की थाप पर गाए जा रहे फगुआ और होरी गीतों ने समा बांध दिया। समारोह में महिलाओं और बच्चों की भी विशेष भागीदारी रही। पारंपरिक परिधानों में लोगों ने फूलों और रंगों से होली खेली। जिससे माहौल और भी खुशनुमा हो गया। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि यह आयोजन न केवल उत्सव का प्रतीक है, बल्कि समाज को एकजुट करने का भी माध्यम है।

# बरही थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : होली और रमजान को लेकर बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने की, जबकि संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने किया। बैठक में थाना प्रभारी आभास कुमार ने कहा कि होली एवं रमजान आपसी भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की और कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि सभी लोग निर्भय होकर होली और रमजान के त्योहार का आनंद उठा सकें। जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि यह त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने सभी से अपील की कि गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं। थाना प्रभारी ने बताया कि त्योहार के दौरान पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी और संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जाएगी। असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि नशे में वाहन न चलाएं और किसी भी अप्रिय घटना से बचें। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने की बात भी कही गई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैलाने या भड़काऊ पोस्ट डालने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करें और ऐसी कोई पोस्ट शेयर न करें जिससे समाज में अशांति फैले। बैठक में मौजूद स्थानीय प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि बरही में सभी धर्मों और समुदायों के लोग मिलकर त्योहार मनाते हैं और यह परंपरा आगे भी कायम रहेगी। बैठक के अंत में सभी प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि होली और रमजान को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर है और बरही की पहचान को बनाए रखा जाएगा। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, पुलिस अवर निरीक्षक शिवम गुप्ता, नरेंद्र पाण्डेय,मो कयूम, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, सुजीत कुमार, सिकंदर कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हजारीबाग प्रेस क्लब में झकझोर होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग प्रेस क्लब द्वारा आयोजित 'झकझोर होली मिलन समारोह' रंगों, उमंग और उत्साह के रंग में सराबोर होकर भव्य रूप से संपन्न हुआ। हजारीबाग प्रेस क्लब सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकारों ने हिस्सा लिया। समारोह का आगाज परंपरागत वाद्य यंत्रों जैसे ढोल, मंजीरा, शहनाई की मधुर धुन के साथ हुआ। इन पारंपरिक धुनों ने समारोह में उत्साह का रंग घोल दिया। उपस्थित लोगों ने रंग बरसे, बलम पिचकारी और होली के दिन दिल खिल जाते हैं जैसे लोकप्रिय गीतों पर थिरकते हुए खूब आनंद लिया। होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। पारंपरिक होली गीतों पर आधारित शानदार प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। विशेष रूप से प्रस्तुत कविताएं, हास्य-व्यंग्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर झारखंडी व्यंजनों का विशेष प्रबंध किया गया था, जिसमें बर्रा, धुस्का, मालपुआ सहित अनेक पारंपरिक पकवानों ने लोगों का दिल जीत लिया। व्यंजनों की सुगंध और स्वाद ने आयोजन में उपस्थित हर व्यक्ति को आनंदित कर दिया। समारोह में प्राकृतिक रंगों और गुलाल के साथ होली खेली गई, जहां सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं। पूरे आयोजन में हंसी-ठिठोली और आपसी सौहार्द का अद्भुत माहौल देखने को मिला। समारोह को सफल बनाने में होली मिलन कमेटी के अध्यक्ष भास्कर उपाध्याय के नेतृत्व में पूरी टीम ने विशेष योगदान दिया। भास्कर उपाध्याय ने कहा की यह आयोजन केवल रंगों का पर्व नहीं है, बल्कि यह दिलों को जोड़ने का एक अनूठा माध्यम भी है। हमारी पूरी टीम ने इस समारोह को यादगार बनाने के लिए कड़ी मेहनत की, ताकि हर व्यक्ति इस अवसर को जीवनभर याद रखे। हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह और सचिव विस्मय अलंकार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## महुदी में प्रतिबंधित रामनवमी जुलूस पुनः चालू हो : रोशन लाल चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी ने विधानसभा सदन में बड़कागांव के महुदी गांव में वर्षों से प्रतिबंधित रामनवमी जुलूस का मामला सदन में उठाया। रोशन लाल चौधरी ने कहा कि सन 1984 में शांतिपूर्ण तरीके से लौटते रामनवमी जुलूस के झंडे को जला देने के कारण, सन 1989 से 2018 तक प्रशासन के द्वारा रामनवमी जुलूस का लाइसेंस रद्द कर दिया गया। पुनः दोनों समुदाय के आपसी सहमति के बाद 2018 में तिरंगा जुलूस निकाला गया था । इसके बाद 2020 से 2021 तक कोविड-19 के वजह से जुलूस नहीं निकाला गया। पुनः 2024 में शांतिपूर्ण तरीके से लौटते रामनवमी जुलूस को पुलिस प्रशासन के द्वारा एक समुदाय विशेष के दबाव में पुलिस प्रशासन ने महुदी मुख्य मार्ग में बैरिकेटिंग कर शांति पूर्वक लौट रहे जुलूस को रोका और लाठी चार्ज करते हुए आंसू गैस के गोले छोड़े गए। धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार के बावजूद महुदी गांव के हिंदू समुदाय के लोग अपना त्यौहार नहीं माना पा रहे हैं। मैं सदन के माध्यम से मांग करता हूं कि आगामी रामनवमी जुलूस महुदी मुख्य मार्ग होते हुए निकालने का अनुमति दिया जाए ताकि हिंदू समुदाय अपना त्योहार को मना सके।

## शहीद करमजीत के अद्भुत साहस एवं वीरता को नमन करती हूं : शेफाली



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : शहर के जुल्लु पार्क स्थित हजारीबाग के वीर सपूत शहीद कैप्टन सरदार करमजीत सिंह बक्शी के आवास पर जाकर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सोमवार को शोक संतप्त परिवार से मिली। इस अवसर पर शोक संवेदना व्यक्त की। शोक संतप्त परिवार को हौसला एवं ढाढस बंधाया। इस मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि हजारीबाग में उस समय उपस्थित ना रहने पर मुझे बहुत ही खेद है। शोक संतप्त परिवार से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। हजारीबाग के लिए अपूर्णीय क्षति है। सर्वोच्च बलिदान का गर्व भी है और दुख भी है। देश के प्रति इनकी अद्भुत साहस एवं वीरता को नमन करती हूँ। देश के लिए अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य को तत्परता से अनुपालन किया। देश की रक्षा के लिए कुबार्नी देना बहुत ही सौभाग्य की बात होती है। उन्होंने कहा कि शहीद कैप्टन सरदार करमजीत सिंह बक्शी का पराक्रम एवं वीरता सदैव स्मरणीय रहेगा।

## बुढ़वा महादेव को लेकर दो समितियों के बीच उत्पन्न मामले का हुआ निपटारा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : बड़कागांव बुढ़वा महादेव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर को लेकर बुढ़वा महादेव विकास सह शांति समिति एवं बुढ़वा महादेव सेवा समिति कर्णपुरा क्षेत्र के बीच उत्पन्न मतभेद को मिटाने को लेकर कांडतरी पंचायत भवन में बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता आदित्य साहू सोनी एवं संचालन पूर्व मुखिया भीखन महतो ने किया। उपस्थित पंचों एवं जनप्रतिनिधियों ने दोनों पक्षों की बातों को सुनते हुए सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि बुढ़वा महादेव प्राचीन मंदिर स्थल के लिए एक नई मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया जाएगा जिसके देखरेख में बुढ़वा महादेव विकास सह शांति समिति एवं बुढ़वा महादेव सेवा समिति कर्णपुरा क्षेत्र, बुढ़वा महादेव परिसर में विकासात्मक कार्य करेंगे। नई मॉनिटरिंग कमेटी का निर्णय अंतिम निर्णय होगा। इस कमेटी का निर्माण प्रखंड के सभी गांव के चयनित सदस्यों द्वारा किया जाएगा और इसके पदाधिकारी भी उन्हीं में से चुना जाएगा। नई मॉनिटरिंग कमेटी की गठन के लिए संयोजक मंडली का चयन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, मुकुटधारी महतो, आदित्य साहू सोनी, भीखन महतो, रंजीत कुमार (मुखिया), रितेश ठाकुर (पसंस), रंजीत चौबे (पसंस), शशि कुमार मेहता, उमेश कु दांगी, बासमती कुमारी, गिनी वर्मा, श्रीकांत निराला, सबूर महतो, कविता कुमारी (मुखिया), रामचरित्र कुमार, प्रभु दयाल ठाकुर हैं। वहीं मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, दामोदर प्रसाद मेहता, सुरेश महतो, बालेश्वर महतो, प्रकाश कुमार के अलावा कई प्रबुद्ध लोग उपस्थित थें।

## जननी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत होगा मुफ्त डिलिवरी एवं इलाज : डॉ प्रवीण श्रीनिवास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में दिन सोमवार को जननी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना मां एवं बच्चे की मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल एवं मुफ्त डिलिवरी हेतु अनूठी पहल पर प्रेसवार्ता का आयोजित की गई। बिना मूल्य अमूल्य जीवन योजना के तहत सामान्य डिलीवरी मुफ्त, सीजेरियन ऑपरेशन मुफ्त, बेड चार्ज, दवाई, नर्सिंग चार्ज एवं पैथोलॉजी बिल्कुल मुफ्त होगा। इसके साथ गर्भावस्था में हर महीने मुफ्त चिकित्सा परामर्श बिलकुल मुफ्त प्रदान किया जाएगा। इस योजना से लाभ लेने के लिए पूर्व एक हजार का पंजीकरण करना होगा। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान एवं देखभाल प्रदान करना हम सभी का कर्तव्य है। मिशन होस्पिटल परिवार जन सरोकार से जुडकर जननी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत बिना मूल्य अमूल्य जीवन योजना की शुरूआत की गई है। जिसमें निशुल्क मां एवं बच्चे की उत्तम स्वास्थ्य देखभाल प्रदान किया जाएगा। मात्र 01 हजार के न्युनतम रेजिस्ट्रेशन पर मुफ्त डिलिवरी एवं स्वास्थ्य देखभाल प्रदान होगा। इसके साथ ही सुकन्या योजना के तहत लडकियों को 18 वर्ष तक एवं बालक योजना के तहत लडका का 05 वर्ष तक मुफ्त इलाज किया जाएगा। उन्होंने प्रेसवार्ता को संबोधित कर कहा कि उत्तम स्वास्थ्य की देखभाल एवं सेवा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। मौके पर संत कोलम्बस छोटानागपुर ट्राइबल ट्रस्ट के सचिव डॉ अमित सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि हजारीबाग की जनता को यह स्कीम मिशन होस्पिटल द्वारा समर्पित है। बिना मूल्य अमूल्य जीवन योजना के तहत माँ एवं बच्चे को निशुल्क उत्तम स्वास्थ्य देखभाल एवं सामान्य डिलीवरी मुफ्त व सीजेरियन ऑपरेशन मुफ्त होगा। इस योजना से हर परिवार लाभान्वित होंगे। मौके पर प्रेसवार्ता में श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास, संत कोलम्बस छोटानागपुर ट्राइबल ट्रस्ट के सचिव डॉ अमित सोरेन, डॉ रंजीत एवं असिस्टेंट एडमिनिस्ट्रेटर पूजा उपाध्याय सहित मिशन होस्पिटल के डॉक्टर्स, ऑफिस कर्मी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़कागांव में बंदोबस्त कार्यालय के द्वारा तस्दीक कैंप का किया गया आयोजन



**बड़कागांव** : बड़कागांव पूर्वी पंचायत भवन में बंदोबस्त कार्यालय हजारीबाग के द्वारा तस्दीक कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप में बड़कागांव लोकुरा, केरी, बादम, अंबाजीत इत्यादि मौजा का भूमि से संबंधित कागजात की शुद्धिकरण की जा रही है। कैंप में भू रैयतों को भूमि संबंधित नोटिस भी दी जा रही है। मूनसरीम विनोद यादव ने बताया कि कैंप के द्वारा नक्शे के आधार पर भूमि का सत्यापन कर नया प्लॉट नंबर जारी किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि इससे पूर्व 2002 - 03 में खानापूरी किया गया था। जिसका सुधार वर्तमान में तस्दीक कैंप के माध्यम से किया जा रहा है। मौके पर बंदोबस्त कार्यालय के एएसओ चमरू महली, मूनसरीम विनोद यादव, सुनील यादव, दीपक यादव, प्रकाश मेहता, संजय प्रजापति, मनोरंजन प्रसाद के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थें।

### रौनियार वैश्य महासभा की बैठक सह होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न




**हजारीबाग** : झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा हजारीबाग जिला का कार्यकारणी का बैठक सह मिलन समारोह भाग्यमणि विवाह मंडप हजारीबाग में जिला अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के अध्यक्षता में किया गया और कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन युवा प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सदस्य रविशंकर गुप्ता ने की । आज सर्वप्रथम रौनियार समाज के पूज्य अंतिम हिंदू सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य महराज की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ा कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई । इसके बाद हजारीबाग जिला कार्यकारणी का बैठक संपन्न हुआ ,इस बैठक में मुख्य रूप से समाज की अत्यन्त गरीब बच्ची की शादी में समाज आगे आकर बढ़ चढ़ के मदद करेंगे,अगर समाज के किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तो अधिक से अधिक व्यक्ति शव यात्रा में शामिल हो, प्रत्येक वर्ष हेमू महराज की जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा,सभी चटाइयों में आपसी सौहार्द और एकता स्थापित करने के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी। हजारीबाग जिला समाज में परिवारवाद,समस्या के समाधान हेतु एक कमेटी बनाई गई । अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने पूरे एकता का परिचय देते हुए समाज के सुख दु:ख,या किसी उत्पन्न समस्या में शामिल होने का निश्चय किया। बैठक के बाद जिला के सम्मानित रौनियार भाई बंधु ,सभी चटाइयों के अध्यक्ष और उनकी कमेटी ,युवा अध्यक्ष और उनकी कमेटी,महिला कमेटी के अध्यक्ष और उनकी कमेटी के साथ मिलन समारोह सह प्रीतिभोज में शामिल हुए। कार्यक्रम में लोगों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान जिला अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। जो हमें भाईचारे और प्रेम, सौहार्द का संदेश देता है। कार्यक्रम में जमकर अबीर गुलाल उड़े और रौनियार होली के धुन पर जमकर थिरके और लजीज व्यजनों का लुत्फ उठाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रश्मि रानी प्रदेश सचिव प्रभादेवी गुप्ता, हजारीबाग जिला महासचिव पवन कुमार गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता बल्ली, उपाध्यक्ष लाल नारायण गुप्ता, अविनाश गुप्ता, संजय गुप्ता पगार, राजीव गुप्ता, राजेश गुप्ता बड़कागांव, गुंजन गुप्ता, सोनू गुप्ता, चंदन कुमार गुप्ता केरेडारी के अलावा सैकड़ों महिला पुरुष रोनियार भाई बंधु और हजारीबाग जिला के सभी प्रखण्ड कमिटी के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ ने दी श्रद्धांजलि

**हजारीबाग** : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम मे जिला कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सावित्रीबाई फुले की 128 वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ज्ञानी प्रसाद मेहता ने की । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र यादव व विशिष्ठ अतिथि दिगंबर मेहता थे। साथ ही संचालन जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान तथा धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ कांग्रेसी मिथिलेश दुबे ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि इनका जन्म 03 जनवरी 1831 को हुआ था। इनका बाल विवाह 1841 को महान समाज सुधारक ज्योतिराव फुले से हुआ था। सावित्रीबाई फुले भारत के प्रथम बालिका विद्यालय की पहली प्रधानाध्यापिक और किसान स्कूल की संस्थापक थी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक दिगम्बर प्रसाद मेहता ने कहा कि सावित्रीबाई फुले द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए दिखाए गए मार्ग का अनुसरण सभी को अपने सच्चे मन, आत्मा और भावना से करनी चाहिए। उन्होंने महिलाओं के लिए समानता की लड़ाई लड़ी। सामाजिक सुधारों की उनकी सोच शिक्षा और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी हुई है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी राजू चौरसिया महिला कांग्रेस अध्यक्ष बेबी देवी, सेवादल अध्यक्ष गुड्डु सिंह अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, रिंकू कुमार, सुनिल अग्रवाल सलीम रजा, दिलीप कुमार रवि, ऐके सुल्तान, परवेज अहमद, विजय कुमार सिंह, सदरूल होदा, अनिल भुईयां, मनोज मेहता, सतीश प्रसाद मोहता, नागेश्वर मेहता, दिनेश मेहता, राजेश कुमार मेहता, सैयद अशरफ अली, नरेश प्रसाद मेहता, बंसत प्रसाद मेहता, मो. रब्बनी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

### इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन



**बरही** : सोमवार को ग्राम मोहगढाह में मो. सादिक के जानिब से एक भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस इफ्तार पार्टी में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कैयूम, ग्राम के प्रमुख लोग मो. सलीम, अकबर उद्दीन, मंजूर आलम, शाहनवाज आलम, मनोज मंडल, कल्लू मियां और अब्बास अंसारी सहित कई लोग शामिल हुए। सभी ने एक साथ इफ्तार कर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में आए लोगों ने मो. सादिक के इस आयोजन की सराहना की और इसे सामाजिक एकता को मजबूत करने वाला आयोजन बताया।

# भूत भगाने के लिए सरसों फेंका जाता है, लेकिन सरसों में ही भूत होगा तो परिस्थिति क्या होगी : कल्पना सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन कल्पना सोरेन ने भाजपा के डबल इंजन की सरकार पर निशाना साधा। कहा कि भूत भगाने के लिए सरसों फेंका जाता है, लेकिन सरसों में ही भूत होगा तो परिस्थिति क्या होगी। डबल इंजन की सरकार के समय स्कूल बंद हो रहे थे। शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो रही थी। किसी भी राज्य में 20 फीसदी से अधिक स्कूलों को बंद करवाया गया तो वह झारखंड ही है। पूर्ववर्ती सरकार ने हमारा अंगुठा काटने का प्रयास किया। भाजपा 17-18 साल तक सरकार में थी। इन्होंने ने ही समस्या खड़ी की। इसका समाधान अबुआ सरकार कर रही है। कहा कि भाजपा सरकार के समय पारा शिक्षकों पर लाठी चार्ज हुआ। डबल इंजन की सरकार ने इनकी आवाज और इच्छा को जानने का भी प्रयास नहीं किया। आज तीन गुणा ज्यादा छात्रवृति दी जा रही है।



साइकिल का पहिया बच्चों को पंख देने का काम कर रहा है। जेइइ एडवांश में सीएम एक्सीलेंस स्कूल के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। 325 प्रखंड स्तरीय आर्दश विद्यालयों का निर्माण हो रहा है। 26001 शिक्षकों की नियुक्ति होने जा रही है। परिणाम जारी करने की स्थिति में आ चुके हैं। शिक्षा की ताकत को समझने के लिए अंबेदकर की जीवनी पढ़ने की जरूरत है। किताबें चुप रहती हैं। किताबों को जिसने पढ़ लिया वो बोल भी सकता है, लड़ भी सकता है और आवाज भी बुलंद कर सकता है।

**इस बजट से राज्य की खुशहाली नहीं : नागेंद्र**

नागेंद्र महतो ने कहा कि इस बजट का राज्य की खुशहाली से कोई मतलब नहीं है। फ्री की रेवड़ी बांच कर सत्ता में बने रहना है। पैसा आने का स्त्रोत सरकार बता नहीं रही है। उच्च विद्यालयों में शिक्षकों की घोर कमी है। युवाओं को सरकार रोजगार नहीं देना चाहती है। अबुआ सरकार की सोच नाकारात्मक रही है। छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए। शिक्षा का भगवाकरण में लगे हैं: प्रदीप यादव प्रदीप यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि महाराणा प्रताप और अकबर की लड़ाई हिंदू-मुसलमान की नहीं थी। लड़ाई दो राजाओं के बीच की थी। भाजपा शिक्षा के भगवाकरण में लगी हुई है। कहा कि गोड्डा साहेबगंज बीएड कॉलेज को बंद कर दिया गया है। वह भी फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट नहीं देने के कारण। गोड्डा कॉलेज का जमीन विवाद का समाधान वहां के स्थानीय सांसद नहीं होने दे रहे हैं। यादव ने सरकार से शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त कराने की मांग की। मैट्रिक तक के स्कूल को प्लस टू स्कूल में अपग्रेड करने की मांग की। गोड्डा मॉडल कॉलेज में शिक्षकों की बहाली की मांग रखी। शिक्षा की बेहतरी के लिए प्रयास होना चाहिए। प्राथमिक स्कूलों में फूल स्ट्रेंथ नहीं: सुरेश बैठा सुरेश बैठा ने कहा कि 34847 स्कूलों में शिक्षकों का फूल स्ट्रेंथ नहीं है। 2016 से जेटेट की परीक्षा नहीं हुई है। जेटेट की परीक्षा शुरू की जानी चाहिए। गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त किया जाना चाहिए। विश्विद्यालयों में लाइब्रेरियन की नियुक्ति होनी चाहिए। बैठा ने कांके, बुड़मू और खलारी में डिग्री कॉलेज खोलने की मांग की।

**गरीब का बेटा सीएम बना, विपक्ष को बर्दास्त नहीं : सुरेश**

सुरेश पासवान ने कहा कि कि गरीब का बेटा सीएम बना तो विपक्ष को ये बर्दास्त नहीं हो रहा है। ये लोग पूंजीपतियों को कुर्सी पर बिठाना चाहते हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कुलक्षण सरकार ने स्कूल बंद करा दिया। ये लोग गरीब की भलाई नहीं चाहते। हेमंत सरकार गरीब और समाजिक न्याय की सरकार है। पासवान ने स्कूलों को अपग्रेड करने की मांग की।

## हम यूक्रेन से नहीं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से पढ़े हैं : अमित यादव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाजपा विधायक अमित यादव ने कहा कि अगर शिक्षा पर ध्यान दिया तो इरफान अंसारी को यूक्रेन पढ़ने नहीं जाना होता। इस पर इरफान अंसारी ने कहा कि साइंस सिटी राजीव गांधी की देन है। टेक्नोलॉजी भी कांग्रेस की देन है। इस पर अमित यादव ने कहा कि हम यूक्रेन से नहीं सरस्वती शिशु मंदिर से पढ़े हैं। आज बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों को बारे में नहीं पढ़ाया जाता। 2016 में शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हुई। 10 साल में भी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई। रसोईया को मानदेय नहीं मिला है। इरफान ने कहा कि हमलोगों ने पारा शिक्षकों को सम्मान देने का काम किया। इन लोगों ने काला कपड़ा पहना दिया। अमित यादव ने कहा कि 25 साल में तीन बार नियुक्ति हुई 11 बार नियमावली बदला गया। पेपर लीक हो जाता है। नौकरी के लिए 30 से 35 लाख की बोली लगाई जाती है। वैसे जिला से पेपर लीक होता है, जहां से गांडेय विधायक और मंत्री सुदिव्य सोनू आते हैं। डुमरान स्कूल में गुबंद बना दिया, स्पीकर और बाबूलाल के बीच तीखी बहस अमित यादव ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हजारीबाग के ईचाक के डुमरांव स्थित सरकारी स्कूल की बाउंड्री को गुंबद का स्वरूप दे दिया गया है। डीसी को पत्र लिखा, जिला शिक्षा अधीक्षक से कहा पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मंत्री की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर जांच कराई जाए।

## महू के राष्ट्रद्रोही जिहादियों को कठोरतम दंड मिले : विहिप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** विश्व हिन्दू परिषद झारखंड-बिहार के क्षेत्रीय मंत्री वीरेन्द्र विमल ने सोमवार को मध्य प्रदेश के महू की घटना पर कड़ी नाराजगी जतायी है। उन्होंने कहा है कि क्रिकेट में भारत के विजय का उत्सव मना रहे राष्ट्रप्रेमियों पर मध्यप्रदेश के महू में जिस प्रकार से जिहादी मुसलमानों ने हमला किया, वह उनकी राष्ट्रद्रोही मानसिकता को ही उजागर करता है। उन्होंने कहा कि यह बार-बार दिखा है, कि भारतीयों और हिन्दुओं का हर उत्सव, हर खुशी जिहादियों का निशाना बनती है। चैम्पियंस ट्राफी में भारत की जीत महु के मुसलमानों को इतनी बुरी लगी कि मस्जिद से पत्थर चलने लगे। उत्सव मना रहा हिन्दू समाज, उनके घर, दुकान, मंदिर, गाड़ी, सब दंगाइयों के निशाने पर आ गये। हमेशा की तरह वे पत्थर बाजी, तोड़फोड़ तथा आगजनी करने लगे। आज हिन्दू समाज को भी यह समझ लेना चाहिए कि भारत को अन्न- जल पर पलनेवाले और देश की सभी कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेनेवाले ये जिहादी घोर भारतविरोधी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों को भी यह समझना चाहिए, कि जब भी हिन्दू समाज का कोई उत्सव हो, पूर्व से ही मुस्लिम बहुल बस्तियों और मस्जिदों के पास पर्याप्त पुलिस बल तैनात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार को भी इस घटना से सबक लेते हुए होली के अवसर पर सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज समय की मांग है, कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिये अलग से कठोर राष्ट्रद्रोह का कानून बने। उस कानून में ऐसी व्यवस्था हो, कि राष्ट्रद्रोही हिन्दूविरोधी जिहादी उपद्रवियों की नागरिकता छीन ली जाये। ऐसे तत्वों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन्हें भारत से इतनी घृणा है, देश उनका बोझ क्यों उठाये।

## झारखंड विधानसभा में सरयू राय और मंत्री के बीच तीखी नोकझोंक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन सोमवार को जदयू विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी बनाने की अधिसूचना को नियम विरुद्ध बताते हुए इसे रद्द करने की मांग उठाई। उन्होंने सरकार की प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए। इस पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने संवैधानिक प्रक्रिया का हवाला देते हुए जवाब दिया। सरयू राय ने नगरपालिका अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि उपायुक्त ही इस कमिटी की अध्यक्षता करेंगे, जबकि मंत्री ने जवाब दिया कि अधिनियम के अनुसार प्रभारी मंत्री या उपायुक्त, दोनों में से कोई भी कमिटी में रह सकता है। दोनों नेताओं के बीच बहस बढ़ती गई, जिसमें संविधान, राज्य सरकार की



नीतियों और नगरपालिका अधिनियम के प्रावधानों का उल्लेख किया गया। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सरयू राय से आग्रह किया कि वह मंत्री के साथ चैम्बर में बैठकर समाधान निकालें, लेकिन सरयू राय ने इसे ठुकराते हुए कहा कि अगर ऐसा करना है तो फिर सदन की क्या जरूरत इस पर स्पीकर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सदन, सरकार और मंत्रिमंडल पर आप ही आरोप लगाते हैं। झारखंड विधानसभा में शून्यकाल की कार्यवाही शुरू होते ही सूचना के तहत भाजपा विधायक सीपी सिंह ने विधि व्यवस्था का मामला उठाया। डीजीपी को निशाने पर लिया। सिंह ने कहा कि लोगों का यहां जीना मुश्किल हो गया है। सरकार के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही। यहां का डीजीपी जिम्मेदार नहीं है। वह कहते हैं कि जो भी घटनाएं हो रही हैं, उसकी प्लानिंग जेल से हो रही है। क्या जेल झारखंड से बाहर है अगर प्लानिंग जेल से हो रही है तो फिर उद्भेदन क्यों नहीं किया जा रहा।

## सेल यूनिट ऑफिशियल क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब रांची द्वारा आयोजित वार्षिक क्रिकेट टूनार्मेंट 2024-25 का समापन सेल सैटेलाइट टाउनशिप ग्राउंड पर हुआ। 3 महीने तक चलने वाली सेल कर्मियों के इस टूनार्मेंट के फाइनल मैच में कप्तान सच्चिदानंद की टीम 3 ने कप्तान अभिषेक की टीम 1 को 72 रनों से हराया। इस मैच में टीम 3 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 10 विकेट गवां कर 158 रन बनाए। टीम 3 के तरफ से पहले बल्लेबाजी करते हुए विकाश खरे और निलेश सिन्हा ने 35- 35 रनों का योगदान दिया और टीम 1 के बॉलर एस के मंडल ने सर्वाधिक 3 विकेट झटके। 158 रनों का पीछा करते हुए टीम 1 मात्र 86 रन पर धराशाई हो गई। टीम 1 के कप्तान अभिषेक ने सर्वाधिक 22 रन बनाए। टीम 3 के तरफ से प्रिंस ने 4 विकेट लिया और बी आर




मीणा के साथ मिलकर कुल सात विकेट लेते हुए टीम 1 की कमर तोड़ दी। मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड प्रिंस केरकेट्टा को मिला। वहीं बेस्ट बॉलर का अवार्ड टीम 1 के एस के मंडल को मिला। इस मौके पर ईडी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेद प्रकाश, सीजीएम एचआर एस जे जाचक, सीजीएम सीईटी निलेश सिन्हा, जीएम सीईटी संजय सुमन, जीएम आरडीसीआईएस संजीव कुमार ने खिलाड़ियों को प्राइज देकर सम्मानित किया। ईडी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेद प्रकाश ने इस टूनार्मेंट के ऑगेनाइजर सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब का इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

# गर्मी से पहले ही पानी पर संकट, रांची नगर निगम ने टैंकर सप्लाई के लिए बनाया खास प्लान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची में गर्मी की दस्तक के साथ ही पानी की किल्लत भी शुरू हो गई है। शहर के कई मोहल्लों में जल स्तर तेजी से गिरने लगा है, जिससे घरों के बोरिंग सूखने लगे हैं। ऐसे में पानी की पाइपलाइन व्यवस्था न होने के कारण इन इलाकों के निवासियों के लिए नगर निगम के टैंकर ही आखिरी सहारा बन गए हैं। जल संकट से निपटने के लिए रांची नगर निगम ने इस बार एक विशेष कार्य योजना बनाई है, जिससे जल संकट से जूझ रहे मोहल्लों तक जल्द से जल्द पानी पहुंचाया जा सके। जल संकट से निपटने के लिए टैंकरों की व्यवस्था नगर निगम ने निर्णय लिया है कि इस बार शहर के नौ प्रमुख जलस्त्रोतों से टैंकरों में पानी भरकर उसे जरूरतमंद इलाकों में भेजा जाएगा। इन जलस्त्रोतों को इस प्रकार चिह्नित किया गया है कि टैंकरों को जल्दी से रिफिल कर प्रभावित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति की जा सके। हर इलाके में चिन्हित जलस्त्रोत गर्मी के दौरान सबसे बड़ी चुनौती टैंकरों को तेजी से रिफिल करना होता है, ताकि जल संकट वाले इलाकों में पानी की समय पर आपूर्ति हो सके। इस समस्या के समाधान के लिए नगर निगम ने



लटमा हिल, कांके डैम, सिरमटोली जलस्त्रोत, कांटाटोली बस स्टैंड जलस्त्रोत, कर्बला चौक जलस्त्रोत, पिस्का मोड़ जलस्त्रोत और कुसई कॉलोनी जलस्त्रोत को टैंकरों के लिए पानी भरने के प्रमुख केंद्रों के रूप में चिन्हित किया है। यहां नगर निगम के टैंकर पहुंचेंगे और महज 15 मिनट में रिफिल होकर तुरंत प्रभावित इलाकों में रवाना किए जाएंगे।

**सभी 60 टैंकरों को एक्टिव मोड में रखने का निर्देश**

गर्मी बढ़ने के साथ-साथ जल संकट वाले इलाकों की संख्या भी बढ़ेगी। इसे ध्यान में रखते हुए नगर निगम के उप प्रशासक गौतम कुमार साहू ने सभी 60 टैंकरों को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सभी टैंकरों को एक्टिव मोड में रखा जाए, ताकि किसी भी इलाके में पानी की कमी से जूझ रहे लोगों को राहत दी जा सके।

**हर साल क्यों बढ़ती है जल संकट की समस्या**

हर साल गर्मी आते ही रांची के कई इलाकों में पानी की भारी किल्लत देखने को मिलती है। गिरते जलस्तर, बढ़ती आबादी, अनियंत्रित बोरिंग और सीमित जल आपूर्ति संसाधन इस समस्या को और गंभीर बना देते हैं। यदि समय रहते जल संरक्षण और जल प्रबंधन पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में यह समस्या और भी भयावह हो सकती है। नगर निगम का यह कदम जल संकट से जूझ रहे इलाकों के लिए कितना राहतकारी साबित होगा, यह तो आने वाले दिनों में ही स्पष्ट होगा. हालांकि यदि दीर्घकालिक समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह संकट हर साल फिर से सामने आएगा।

## एक नजर

### राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड के लिए 30 मई तक आवेदन आमंत्रित

**रांची:** विश्व सेवा परिषद् द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड के लिए शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अन्य सेवाभावी क्षेत्रों के विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए सरकारी/गैर सरकारी व्यक्तियों, संस्थाओं, समाजसेवियों से 30 मई 2025 तक आवेदन आमंत्रित है। सरकारी क्षेत्र के व्यक्ति एवं संस्था अपने वरिष्ठ विभागीय, अधिकारी से एवं गैर सरकारी क्षेत्र के व्यक्ति एवं संस्था मुखिया, वार्ड पार्षद, मेयर, उपमेयर, विधायक, सांसद में से किन्हीं एक से अपने द्वारा किये गये विकास कार्यों की अनुशंसा कराकर, फाईल बनाकर, 5 पासपोर्ट साईज कलर फोटो एवं पूर्ण बायोडाटा के साथ 30 मई 2025 तक निबंधित भारतीय डाक या कुरियर से निम्न पते पर भेजें:-डॉ० बी० बी० राज, अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, विश्व सेवा परिषद प्रधान कार्यालय -कमड़े, रातु रोड, रांची-835222 (झारखण्ड), भारत। विशेष जानकारी के लिए मो० : 09431563274, पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### झारखंड के दक्षिणी जिलों में छाएंगे बादल

**रांची:** झारखंड के दक्षिणी जिलों में आंशिक बादल छाए रहेंगे, जबकि राज्य के अन्य जिलों में मौसम साफ रहेगा। राज्य के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां में बादल छाए रहेंगे। यह जानकारी मौसम विभाग की ओर से सोमवार को दी गई है। वहीं राजधानी रांची सहित अधिकांश जिलों में तापमान धीरे-धीरे वृद्धि हो रही। स्थिति है कि सरायकेला में तापमान 37 डिग्री को पर हो गया है। इसके अलावा कई जिलों में तापमान 35 डिग्री या इसके आसपास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने इस माह के अंत तक राज्य भर में तापमान में चार-पांच डिग्री की बढोत्तरी होने की आशंका जता चुका है। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री, जमशेदपुर में 34.9, डालटेनगंज में 34.9 और बोकारो में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### राज्य के 7642 स्कूलों में केवल एक ही शिक्षक : डॉ नीरा

**रांची :** स्कूली और शिक्षा विभाग की अनुदान मांग पर वाद-विवाद में भाग लेते हुए सोमवार को विपक्ष की विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि राज्य में स्कूल खस्ताहाल स्थिति में हैं। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार यहां 7642 स्कूलों में केवल एक शिक्षक कार्यरत है। ऐसे स्कूलों राज्य के नौनिहालों का क्या भविष्य होगा। यह सर्वविदित है। उन्होंने सदन को बताया कि इन स्कूलों में राज्य के तीन लाख 78 हजार बच्चे पढ़ते हैं। विधायक ने कहा कि यूडाइस ट्रस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के 327 स्कूलों में एक भी बच्चे नामांकित नहीं हैं, जबकि इन स्कूलों में 1753 शिक्षकों को सरकार बैठाकर वेतन दे रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्याम मंदिर में रंग रंगीलो फागुन महोत्सव की धूम



**रांची :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रंग रंगीलो फागुन महोत्सव की धूम। फागण की बड़ी एकादशी के शुभ अवसर पर आज प्रातः 5:00 बजे से ही श्री श्याम मंदिर में भक्तों का रेला लगा रहा। भक्त बाबा के दिव्य दर्शन पाकर भाव विभोर हो रहे थे। हारे के सहारे की जय खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। आज प्रातः सैकड़ो की संख्या में भक्त निशान लेकर श्याम मंदिर पहुंचे। फागुन माह में भक्तों में एक अलग उमंग उत्साह छा जाता है। बाबा की बड़ी एकादशी की अखंड ज्योति मंडल के उपमंत्री आदित्य लोहिया स्वीटी लोहिया कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया ने अपने परिवार के साथ प्रज्जवलित की। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर को बड़े ही भव्य रूप से सजाया गया है। आज बाबा की बड़ी एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम के दो श्रृंगार किए गए। प्रातः एवं संध्या में किए गए । प्रातः कालीन श्रृंगार में इंपोर्टेड फूलों का श्रृंगार एवं रात्रि कालीन श्रृंगार में मेवा श्रृंगार किया गया। प्रातः कालीन ज्योत सुबह 10:00 बजे प्रज्वलित की गई । अखंड ज्योति के साथ ही भक्तों ने अपने आराध्य के आगे हाजिरी लगाई । बाबा श्याम को मेवा सवामणि भोग 56 भोग पूर्ण सवामणि भोग महाभोग फल सवामणि भोग निरंतर बाबा को चढ़ाए गए। सुबह मंदिर के पट 5:00 बजे खोल दिए गए जो की निरंतर द्वादशी के दिन 11 मार्च को देर रात्रि तक खुले रहेंगे। मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ । जिसमें कोलकाता के किशन कुमार ने भक्तों को भजनों की गंगा में डुबाए रखा। सर्वप्रथम मंडल के सदस्य प्रथम भजनों से अपनी हाजिरी लगाई। रात्रि कालीन ज्योत अलोक अग्रवाल एवं उनके परिवार द्वारा ली गई। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया महोत्सव संयोजक श्रवण ढाढंनिया श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू पंकज गाड़ोदिया आदित्य लोहिया स्नेह पोद्दार राजीव मित्तल अनिल नारनौली रतन शर्मा राजेश कटारुका रोशन खेमका दिनेश अग्रवाल लोकेश जालान आशुतोष खेतान सर्वेश अग्रवाल प्रकाश सरावगी किशन शर्मा विशाल पोद्दार अंकित सिंह एवं सैकड़ो कार्यकताओं ने आज बड़ी एकादशी में सहयोग किया। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### पहाड़ी मंदिर में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**रांची:** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर की ओर से सोमवार को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन पहाड़ी मंदिर परिसर में किया गया। इसमें सैकड़ो शिव भक्त ढ़ोल नगाड़े के धुन पर झूमते रहे । इस दौरान महाकाल बाबा का भव्य शृंगार किया गया और आरती के बाद सभी लोग महाकाल बाबा पर रंग अबीर अर्पण कर एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाए। पूरा पहाड़ी मंदिर परिसर होली के रंगों में रंगा दिखा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू ,प्रवक्ता बादल सिंह, राम सिंह, स्वपना चटर्जी, शुभाशीष चटर्जी , मिट्ठू घटक, मीरा गुप्ता, गीता पपनेजा, रश्मि अरोड़ा,प्रिया सिन्हा, किरण घोष सहित अन्य मौजूद थे।

### रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को सीने में दर्द की शिकायत, जेल से भेजे गये रिम्स



**रांची:** रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की तबीयत सोमवार को अचानक बिगड़ गयी। जेल में ही उनके सीने में दर्द उठ गया। जेल के डॉक्टरों ने उनकी जांच की, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। पूर्व डीसी का इलाज रिम्स के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. हेमंत नारायण की देखरेख में चल रहा है। उनको रिम्स में भर्ती कर लिया गया है। उनके कई टेस्ट कराये गये है। उल्लेखनीय है कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन जमीन घोटला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद हैं। उन्हें ईडी ने गिरफ्तार किया था। छवि रंजन के खिलाफ जमीन से जुड़े दो मामले चल रहे हैं। रांची के बरियातू थाना क्षेत्र स्थित चेशायर होम रोड स्थित जमीन मामले में झारखंड हाई कोर्ट से छवि रंजन को जमानत मिल चुकी है। चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन में गड़बड़ी मामले में ईडी ने छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल सहित 10 लोगों को आरोपित बनाया था। वहीं, दूसरा मामला सेना की जमीन से जुड़ा है। सेना की जमीन मामले में अभी तक छवि रंजन को जमानत नहीं मिली है।

### पंचमुखी सेवा समिति द्वारा मनाया गया मंदिर का स्थपना दिवस



**रांची :** धुर्वा के सेक्टर 1 में श्री पंचमुखी सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सोमवार सुबह मुख्य पुजारी आचार्य गोविन्द उपाध्याय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पुजा- याचना किया गया। वहीं सायंकाल में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रदालुओं के बीच भोग वितरण किया गया, पुरा वातावरण पंचमुखी हनुमान के जयघोष से गुंजयमान रहा, संध्या में मंदिर परिषर में फाल्गुन गायन लोकगीत कलाकारों द्वारा पेश किया गया। इस अवसर पर पुजारी अंजनी उपाध्याय, राजकिशोर पांडेय, समिति के अध्यक्ष सुदर्शन सिंह, सचिव एच एन सिंह, कोषाध्यक्ष रंजित कुमार, उपाध्यक्ष रामू जी एवं उमकांत श्रीवास्तव, अजय सिंह, अशोक सिंह, राहुल सिंह, निशांत, आर्यन सिंह, राजु त्रिपाठी, उमेश सिंह, अरविंद सिंह, राजू रंजन, बालमुकुंद, बिरेंद्र यादव, आनंद शर्मा, सहित मंदिर समिति के अन्य लोग उपस्थित थे।

# मिलजुल कर मनाएं होली, पवित्रता से मनाएं रमजान : डीसी

- डीजे बजाने पर पूर्ण पाबंदी
- लाउडस्पीकर पर अश्लील गाना बजाने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई
- हुड़दंगियों पर होगी कठोर कार्रवाई - सिटी एसपी
- पुलिस को दें समाज का अहित चाहने वालों की सूचना
- असामाजिक तत्वों को लिया जाएगा हिरासत में
- संवेदनशील स्थानों पर मौजूद रहेगी स्टैटिक फोर्स
- पानी की समस्या पर टोल फ्री नंबर 1800-8904-160 पर करें फोन
- अफवाहों का समर्थन नहीं करने की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में होली एवं रमजान त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक न्यू टाउन हॉल में आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि होली मिल जुलकर मनाने का त्योहार है। वहीं रमजान का महिना पवित्र माह है। सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। त्योहारों के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे इसलिए संवेदनशील स्थानों में स्टेटिक फोर्स तैनात रहेगी। इसके अलावा विभिन्न इलाकों में मोबाइल पेट्रोलिंग जारी रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि होली के अवसर पर डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। वहीं लाउडस्पीकर पर अश्लील गाना बजाने वालों पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि बैठक के दौरान पानी, बिजली, साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य जो भी समस्याएं सामने आई है उसका समाधान करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। वहीं पानी की समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 1800-8904-160 पर फोन कर सूचना दे। सूचना देने वाले को अपना होल्डिंग नंबर एवं वॉटर कनेक्शन नंबर दर्ज कराना होगा। बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी तरह की समस्या आने पर तुरंत प्रशासन और थाना को सूचित करें। स्वयं फैसला नहीं लें। युवकों पर नजर रखें। समाज का अहित चाहने वालों की सूचना पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों को प्रशासन ने चिन्हित कर लिया है। ऐसे तत्वों को हिरासत में लिया जाएगा। सिटी एसपी ने लहरीया कट और खतरनाक तरीके से बाइक चलाने वालों की सूचना पुलिस को देने का आग्रह किया। सिटी एसपी ने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस का सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल एक्टिव रहेगा। सोशल मीडिया पर किसी तरह की अफवाह फैलाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों का समर्थन नहीं करने की अपील की। बैठक में राम गोपाल भुवानिया, महादेव हांसदा, रवींद्रनाथ धीवर, अजय नारायण लाल, अतह नवाज खान, शिवांशु श्रीवास्तव, एजाज अहमद, मोहम्मद सोहराब, सावित्री पांडेय, बैजनाथ यादव, मो एजाज अली, अशोक महतो, मो असाफक हुसैन, अजीत कुमार मिश्रा, अमनदीप सिंह सहित जिले के विभिन्न शांति समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। शांति समिति की बैठक समाप्त होने के बाद प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर विभिन्न पहलुओं पर दिशा निर्देश दिए गए।

## एक नजर

### भटमुरना सड़क हादसे में 60 वर्षीय नरेश सिंह की मौत

**धनबाद :** कतरास थाना क्षेत्र के भटमुड़ना स्थित ठल्र 32 पर एक सड़क हादसे में 60 वर्षीय नरेश सिंह की मौत हो गई। मृतक टुडू चिटाही निवासी थे और धनबाद ऑफिस जाने के दौरान यह दुर्घटना हुई। सूत्रों के अनुसार, टेलर गाड़ी संख्या खल्02 इद 5076 बोकारो से आ रही थी, और हादसा इसी गाड़ी से हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्वर्गीय सिंह बीसीसीएल में यूनियन प्रतिनिधि के रूप में मजदूरों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाते थे। वे बीसीसीएल से संबंधित मामलों में मृदु भाषी तरीके से उत्तर देने के लिए प्रसिद्ध थे। वे सांसद धनबाद और बाघमारा विधायक के करीबी माने जाते थे। घटना से शोक की लहर दौड़ गई। सांसद आवास पर कल होने वाले होली मिलन समारोह को स्थगित कर दी गई है।

### जैप 4 में अधिष्ठापन प्रशिक्षण के समापन पर विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**बोकारो :** झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–4, बोकारो में हवलदार से अनि० (स) के पद पर प्रोन्नति हेतु संचालित अधिष्ठापन प्रशिक्षण 3 दिसंबर से 8 मार्च तक इस वाहिनी में संचालित कराया गया। प्रशिक्षण समाप्ति के पश्चात प्रशिक्षुओं का विदाई समारोह सभा का आयोजन किया गया साथ ही बड़ा खाना का प्रोग्राम की व्यवस्था की गई। यह पूरा कार्यक्रम मुख्य अतिथि श्री मुकेश कुमार, समादेष्टा, रा०औ० सु०बल–सह– झा०स०पु०–4, बोकारों की गरिमामयी उपस्थिति में की गई। प्रशिक्षण समाप्ति के पश्चात इस वाहिनी में अनुदेशक कार्य हेतु प्रतिनियुक्त कर्मियों के संबंध में प्रशिक्षुओं का एक फीडबैक लिया गया। जिसमें प्रशिक्षुओं द्वारा आरक्षी 695 अजीत कुमार सिंह को प्रथम, हवलदार चन्देश्वर सिंह को द्वितीय एवं आरक्षी–135 विकास कुमार मोहली को तृतीय स्थान देते हुए चयन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा चयनित सभी अनुदेशकों को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। साथ ही सी०आई०ए०टी०, पदमा से प्रतिनियुक्त सैप के सेवानिवृत सूबेदार एवं अनुदेशकों को प्रशस्ति पत्र दिया। श्री मुकेश द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण सभी प्रशिक्षओं का काफी सराहनीय अनुशासन रहा, उनके काफी कडी मेहनत, लगन से पूरा प्रशिक्षण किया गया है। इसके लिए सभी प्रशिक्षुओं को बधाई दी गई एवं कुल 349 प्रशिक्षुओं को 500/– नगद राशि से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। बता दें कि मुकेश कुमार वर्तमान में झा०स०पु०–३, गोविन्दपुर, धनबाद में संचालित आईआरबी एसआईआरबी के बुनियादि प्रशिक्षण समाप्ति के पश्चात परीक्षा हेतु केन्द्राधीक्षक मुख्य परीक्षक के रूप में धनबाद जिला में प्रतिनियुक्त हैं।

### सिटी पार्क में विप्र होली मिलन समारोह सह स्थापना दिवस कल

**बोकारो :** सोमवार को संध्या समय संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला द्वारा स्थानीय सिटी पार्क के पास आयोजित प्रेसवार्ता में समाज के जिला महासचिव श्रवण कुमार झा ने जानकारी दी कि 12 मार्च 2025, बुधवार को संध्या 4.30 बजे से बोकारो के सिटी पार्क में पश्चिमी गेट की तरफ आयोजित होने वाले श्विप्र होली मिलन समारोह सह स्थापना दिवसश् को लेकर विप्रगणों में भारी उत्साह है तथा इसे भव्य एवं यादगार बनाने के लिए सारी तैयारियां पूरे जोरशोर से पूरी की जा रही हैं। बोकारो में विप्र होली मिलन समारोह दो दशकों से भी अधिक समय से लगातार आयोजित किया जा रहा है जिसमें पूरे प्रदेश से अनेकों विप्रश्रेष्ठ उपस्थित होते हैं।

# सीआईएसएफ का 56वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो मे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का 56 वां स्थापना दिवस बोकारो स्टील प्लांट में धूमधाम से मनाया गया। हर साल 10 मार्च को मनाए जाने वाला यह दिन 1969 में सीआईएसएफ की स्थापना की याद दिलाता है, जब इसे पहले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की सुरक्षा के लिए गठित किया गया था। सीआईएसएफ ने समय के साथ अपनी भूमिका का विस्तार किया है और आज यह देशभर के हवाई अड्डों, बंदरगाहों, मेट्रो स्टेशनों, और महत्वपूर्ण औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। सीआईएसएफ का उद्देश्य न केवल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करना है, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और देश की आर्थिक संपत्ति की रक्षा भी करना है। इस साल की स्थापना दिवस की थीम सुरक्षित तट, समृद्ध भारत रखी गई है, जो तटीय सुरक्षा और समृद्ध राष्ट्र की दिशा में सीआईएसएफ की भूमिका को उजागर करती है। बोकारो स्टील प्लांट में सीआईएसएफ की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण रही है। यह ऐसा संयंत्र है जो बिना सीआईएसएफ के अधूरा सा प्रतीत होता है, क्योंकि सीआईएसएफ के कर्मी इस प्लांट की सुरक्षा के साथ-साथ इसके सही संचालन को सुनिश्चित करते हैं। इस दिन पर सीआईएसएफ के कर्मियों के समर्पण और बलिदान का सम्मान किया जाता है और उनके कार्यों को सराहा जाता है।

# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट की आम सभा संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद के केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की आम सभा पोद्दार रेसीडेंसी बैंक मोड़ धनबाद में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सभी अतिथियों को शॉल एवं पौधा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महासचिव सुभाष मंडल पर्यवेक्षक के रूप में पंकज छाबड़ा, आशीष चटर्जी, संजय कसेरा जमशेदपुर, धनबाद जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन गोयनका, महासचिव अजय नारायणलाल, बैंक मोड़ चैंबर के अध्यक्ष प्रमोद गोयल, सचिव लोकेश अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। सचिव धीरज दास द्वारा सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर उपस्थित सदस्यों ने सचिव प्रतिवेदन का स्वागत किया। कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल द्वारा आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया ।गया जिस पर आम सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से पास किया। कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात चुनाव पदाधिकारी सुनील पोद्दार के द्वारा चुनावी प्रक्रिया एवं सह चुनाव पदाधिकारी राजेश सिंह एवं हितेश जे ठक्कर द्वारा चुनावी प्रक्रिया की जानकारी आम सभा के सदस्यों के बीच प्रस्तुत की गई। जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी सुनील पोद्दार ने बताया कि सिर्फ 6 सदस्यों द्वारा नॉमिनेशन पेपर लिया गया और किसी भी पद के लिए किसी भी सदस्य ने नॉमिनेशन पेपर नहीं लिया। इसलिए सत्र 2025 से 2028 तक के लिए अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव धीरज दास, उपाध्यक्ष देवेन तिवारी, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, संगठन सचिव नीलेंद्र सिंह नीलू ,संयुक्त सचिव संजय श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया। जिसपर सभा में शामिल सदस्यों ने नई कमिटी को शुभकामनाएं दी। महिला दिवस के अवसर पर महिला सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से धनबाद जिला चेंबर कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन प्रकाश गोयनका, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, महासचिव लोकेश अग्रवाल उपस्थित थे।

# मातृशक्ति के सर्वांगीण विकास की धुरि, संकल्प सृजन : मनोज




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** मातृशक्ति एक ऐसी शक्ति का परिचायक है जो समता में अति सामान्य किंतु विषमताओं में असाधारण रूप से निडर, प्रखर, दृढ व जुझारू साबित होती हैं। दैविक, वैदिक, ऐतिहासिक व आधुनिक, हर कालखंड में कालजयी इतिहास रचने वाली नारी, सचमुच नारायणी है, राष्ट्र-निमार्ता है। आज के इस आयोजन में एक बात जो स्पष्ट रूप से परिलक्षित है कि बोकारो के साधारण, अभिवंचित मातृशक्ति के सर्वांगीण विकास की धुरि है यह संकल्प सृजन, उक्त बातें मनोज कुमार सिंह, सदस्य खादी और ग्रामोद्योग, पूर्वी क्षेत्र, भारत सरकार ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सेक्टर 9 डी के सभागार में आयोजित मातृशक्ति संगम में बतौर मूख्य अतिथि कहे। साथ ही खादी ग्रामोद्योग से महिलाओं को रोजगारोन्मुखी बनने हेतु प्रेरित किया। सर्वप्रथम अतिथि का स्वागत पारंपरिक तरीके से तिलक, आरती व पुष्प भेंट से करते हुए अभिनंदन किया गया। भारत माता चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन से कार्यक्रम की शुरूआत की गईस्वागत उद्बोधन करते हुए संस्था के मूख्य संरक्षक राजेंद्र कुमार ने संस्था द्वारा क्रियान्वित कार्यों से सभी को अवगत कराते हुए आगे बढकर सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय होने हेतु समाज से अपील की। संस्था की महासचिव साध्वी झा ने संस्थागत कार्य सहित महिला समुहों के वर्ष भर की उपलब्धि को रेखांकित करते हुए कहा कि अपने अभिवंचित व साधारण समाज की बहनें जंग लगे तलवार की भाँति हो गईं हैं, उनकी पहचान व क्षमताएँ बादल में छूपे सूर्य की तरह हो गई है, संकल्प सृजन माध्यम मात्र है, संस्था के बहाने, सोई प्रतिभा जगाने का काम बहनें कर रही हैं। खादी और ग्रामोद्योग से झारखंड निदेशक मांगेराम ने रेशा व कागज उद्योग की जानकारी देते हुए हर संभव सहयोग की बात कहे। संस्था की ओर से दो उत्कृष्ट समूह को वर्ष भर की उपलब्धि हेतु सर्वश्रेष्ठ सम्मान मनोरमा कश्यप विजय रत्न तथा मनोरमा कश्यप समाज रत्न सम्मान से सुशोभित किया गया। इसी के साथ बडा खटाल की अंजना, शिवाजी कलोनी की अरुणा, रानीपोखर की मां जया तथा पचोरा की तक्षशिला महिला सृजनश्री को उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मूख्य रूप से अविनाश जी कौशल किशोर राय, विकास पांडेय, विक्रम महतो, गोपाल जी सहित अन्य गण्यमान्य जनों ने बहनों का उत्साहवर्धन किया।

# होली मिलन समारोह में विधायक ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** रंगों के त्योहार होली को लेकर चारों तरफ चहल पहल दिखने लगी है। इसी कड़ी में सेक्टर 1 मे बोकारो निवर्तमान विधायक बिरंची नारायण के आवास होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान निवर्तमान विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है। हमें रंगों के इस पर्व को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली के त्योहार पर सभी को परस्पर प्रेम एवं सद्भावना का परिचय देना चाहिए। रंगों की तरह आपस में मिल कर रहने का संदेश देती है होली मिलन समारोह का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। ताकि आपसी भाई चारा कायम रहे। उन्होंने बताया कि यह हमारी संस्कृति की पहचान है। आनंद के साथ होली मना कर भारतीय संस्कृति को कायम रखने का प्रयास किया जाता है। होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द व एकता का त्योहार है। इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए. किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करना चाहिए और न किसी को जबरन रंग लगाना चाहिए। हर्बल रंग और गुलाल से होली खेलने के लोगों से की अपील कि होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति को जीवंत रखने का भी संदेश देता है। होली का पर्व यह संदेश देता है कि हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए। इसे सामाजिक समरसता बरकरार रहता है। लोगों को केमिकल युक्त रंगों से परहेज करने की सलाह दी। इससे चेहरे को नुकसान हो सकता है। इसलिए हर्बल रंग और गुलाल से होली खेलने की लोगों से अपील की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष जयदेव राय, संजय त्यागी, भरत यादव, कमलेश राय, आदि मौजूद रहे।

# वर्ड फ्लू ने दी दस्तक, अलर्ट हुआ प्रशासन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** एच फाइव एन वन की हुई पुष्टि, 10 किमी तक कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा की खरीद बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध उपायुक्त के निर्देश पर रेपिड रिस्पांस टीम एवं क्विक रिस्पांस टीम गठित, आस - पास की परिधि में सैंपल जांच शुरू एनआइएचएसएडी,भोपाल में राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, बोकारो के कुक्कुट प्रक्षेत्र मुर्गियों में जॉच किये गये नमूनों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। एहतियात के तौर पर राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, बोकारो के कुक्कुट प्रक्षेत्र से 10 किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा/ मृत कुक्कुटों/ कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा का खरीद-बिक्री पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।
जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज मणी ने शनिवार शाम इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके परिवहन पर भी अगले आदेश तक रोक रहेगी। उधर, उपायुक्त के निर्देश पर जिला पशुपालन विभाग अलर्ट पर है। विभाग द्वारा इसकी कड़ी निगरानी की जा रही है। विभाग स्थिति से निपटने को लेकर तैयार है। विभाग द्वारा पशु चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की जिला एवं प्रखंड स्तरीय रेपिड रिस्पांस टीम /क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) गठित किया गया है। डॉ मनोज मणि ने बताया कि परिधि के अंदर मुर्गियों/ कुक्कुट का सैंपल जांच किया जा रहा है। उन्होंने जिले के मुर्गी पालकों से अपील किया है कि अगर अचानक उनके यहां मुर्गियों/ कुक्कुट की अचानक मौत होती है,तो वह अविलंब इसकी सूचना जिला एवं प्रखंड स्तरीय आर आर टीम एवं क्यू आर टीम को सूचित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### पहला कदम में पेरेंट्स टीचर मीटिंग का हुआ आयोजन



**धनबाद :** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में सोमवार को पैरेंट्स–टीचर मीटिंग आयोजित की गई। जिसका एजेंडा दिव्यांग बच्चों कि फाइनल एग्जाम के रिजल्ट घोषित करना था। ऐसे समय मे अभिभावकों और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। फाइनल परीक्षा का परिणाम बच्चों के लिए महत्वपूर्ण होता है। सफलता से आत्म विश्वास बढ़ता है और असफलता से सीख मिलती है। बच्चों को यह महसूस कराये की ये परिणाम उनके साल भर कि गई मेहनत का परिणाम है जो की बच्चों में सकारात्मक प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। मीटिंग में शिक्षको ने अभिभावकों को उनके बच्चों का प्रोग्रेस रिपोर्ट दिया और बच्चों कि शिक्षण प्रशिक्षण को और कैसे बेहतर किया जाए इस पर चर्चा की गई। सचिव अनिता अग्रवाल ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सर्वांगीण विकास की कामना की।

### बाघमारा प्रखंड की जलसहियों ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



**धनबाद :** मधुबन थाना क्षेत्र जलसहिया अधिकार मंच बाघमारा प्रखंड की और से महेशपुर टु पंचायत सचिवालय में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर जलसहिया अधिकार मंच का धनबाद जिला अध्यक्ष जया देवी मुख्य रूप से शामिल हुए कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जया देवी ने कहा कि होली रंगों की त्यौहार एवं एकता प्रतिक है सभी जलसहिया एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी समारोह में बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष पुष्पा देवी, किरण देवी, दिव्या देवी, समिता देवी, लक्ष्मी देवी, कलावती देवी, कल्पना देवी, जया देवी, आदि मौजूद थी।

### उन्नति फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**बोकारो :** उन्नति फाउंडेशन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह मिलन मंडप सेक्टर 4 में मनाया गया जिसमे मुख्य अतिथि सावित्री देवी, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो की धर्मपत्नी, धनबाद विधायक राज सिन्हा उपस्थित थे। 0 कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई संस्था के महिलाओं ने लोक संगीत, संस्था के सदस्य द्वारा नृत्य प्रस्तुति की गई गुलाल खेल कर एक दूसरे को बधाई दी। तू अबला नादान नहीं हैं दबी हुई पहचान नहीं है तू स्वाभिमान से जीती है रखती तू अपने अंदर खुद्दारी तू नई दुनिया रचने वाली नारी। मुख्य अतिथि द्वारा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकार बंधुओं को इस शुभ अवसर पर सम्मानित किया गया साथ ही साथ दिव्यांग गायक जो अपनी रोजी रोटी के लिए लोगो को गाना सुनाकर अपनी पेट भरता उस दिव्यांग गायक को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। उपहार दिया गया मुख्य अतिथि सावित्री देवी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है, चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान। धनबाद विधायक राज सिन्हा जी ने कहा की महिलाएं आज के समय पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। कला से लेकर खेल, बिजनेस और साइंस से लेकर टेक्नोलॉजी तक हर क्षेत्र में महिलाएं कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। ऐसे में समाज में उनकी इसी योगदान और साहस को रेखांकित करने के लिए हर साल आठ मार्च को विमेंस डे मनाया जाता है। सावित्री देवी जी ने कहा किआज हम सब यहां अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इकट्ठा हुए हैं। यह दिन न केवल महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और योगदान को पहचानने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमें यह सोचने पर भी मजबूर करता है कि हमें महिला सशक्तिकरण को लेकर कई सारे कदम उठाने की जरूरत है।

### बोकारो जनरल अस्पताल के डीएनबी गर्ल्स हॉस्टल में मिला महिला डॉक्टर का शव



**बोकारो :** जनरल अस्पताल के डीएनबी गर्ल्स हॉस्टल में 29 वर्षीय महिला डॉक्टर आर्य झा का शव फंदे से लटका हुआ पाया गया। यह घटना रविवार रात की है। सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सेक्टर 4 थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच मे जुट गई। पुलिस के अनुसार, मृतका ने 28 फरवरी को बोकारो जनरल अस्पताल में डीएनबी गाइनेकोलॉजिस्ट में दाखिला लिया था। मृतका की रूम पार्टनर जब ड्यूटी खत्म कर वापस लौटी, तो उसने देखा कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी समय तक खटखटाने के बाद दरवाजा नहीं खुलने पर उसने हॉस्टल के अन्य डॉक्टरों को सूचित किया। जब दरवाजा धक्का देकर खोला गया, तो महिला डॉक्टर का शव फंदे से लटका हुआ पाया गया। कमरे से सुसाइड नोट भी मिला जिसमें लिखा हुआ था कि यह कोर्स मुझे नहीं करना है और मुझे मन नहीं लग रहा है मृतका ने सुबह की कैजुअल्टी में ड्यूटी की थी, और यह घटना हॉस्टल के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित उसके कमरे में हुई। सूचना मिलने पर बीजीएच के वरिष्ठ डॉक्टर भी मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। मृतका समस्तीपुर की निवासी थी। मृतका के परिवार वाले शादी समारोह में हाजीपुर गए हुए थे, जहां उन्हें रात 10 :30 बजे घटना की जानकारी मिली। मृतका के नाना ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि डॉक्टर आर्य झा का स्वभाव बहुत शांत था और उसने कभी किसी प्रकार की शिकायत नहीं की थी। पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है, पुलिस ने बॉडी को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं।

# दूध उत्पादन की काफी संभावनाएं, इसे व्यावसायिक रूप से आगे बढ़ाने की जरूरत : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** जिला गव्य विकास कार्यालय में सोमवार को एक दिवसीय मेला प्रदर्शनी सह गाय वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने अन्य अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यशाला में जिला गव्य विकास पदाधिकारी अभिमन्यु प्रसाद ने किसानों और लाभुकों को गाय पालन, उनके पोषण, गर्भावस्था के दौरान देखभाल, चिकित्सा सुविधाओं और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। उन्होंने गाय को परिवार के सदस्य की तरह पालने और उनकी उचित देखभाल करने पर विशेष जोर दिया। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य पशुपालन को बढ़ावा देना है, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो। इसी उद्देश्य से इस कार्यशाला और गाय वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिले में दूध उत्पादन की संभावनाएं अधिक हैं और इसे व्यावसायिक रूप से आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले में दूध उत्पादन बढ़ाकर इससे जुड़े उत्पाद जैसे पनीर, खोआ आदि को बाजार में पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम में योग्य महिला लाभुकों को 75 से 90 प्रतिशत सब्सिडी पर गाय उपलब्ध कराई गई। साथ ही, किसानों को जल्द ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मिल्क कलेक्शन सेंटर खोलने, जैप कटर एवं वर्मी कंपोस्ट का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। उपायुक्त ने किसानों को आश्वस्त किया कि यदि उनके पशुओं को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य सहायता की आवश्यकता होती है, तो वे निशुल्क टोल-फ्री नंबर 1962 पर संपर्क कर सकते हैं, जहां चिकित्सक एंबुलेंस के साथ उनके घर पर उपलब्ध होंगे। जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि यह योजना किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी है, क्योंकि उन्हें गाय सब्सिडी दर पर उपलब्ध कराई जा रही है। उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने कहा कि पशुपालन, विशेष रूप से गाय पालन, उन किसानों के लिए अत्यंत फायदेमंद है, जो पथरीले क्षेत्रों में रहते हैं, जहां खेती संभव नहीं है। समारोह के अंत में उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने लाभुकों के बीच गायों का वितरण किया और उनसे इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, किसान और अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### चैनपुर में बजरंगबली मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कुरूमगढ़ थाना में नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को विधिविधान से किया गया। इस अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था, जिसमें भक्तजन भजन कीर्तन गाते बजाते नजर आए। इस समारोह में गुमला पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह ने मंदिर में आशीर्वाद लिए। मौके पर कई पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस समारोह के दौरान मंदिर के प्रांगण में एक अद्भुत भक्ति का माहौल बन गया था। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के लोरंबा गांव में एक हृदयविदारक घटना घटी, जहां 38 वर्षीय मनोज मिंज ने आत्महत्या कर ली। यह घटना उस समय की है जब मनोज की पत्नी बाहर काम करने गई हुई थीं और उनके चार छोटे बच्चे अकेले घर पर थे। मनोज ने अपने घर के कोरो में गमछे के सहारे फासी लगाई। घटना का पता सुबह 5 बजे मनोज की बेटी ने गांव वालों को बताया। इसके बाद चैनपुर थाना के एसआई दिनेश कुमार ने तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। इस घटना के बाद गांव के मुखिया, पोलिदोर एक्का, और जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने घटना स्थल पर पहुंचकर परिवार को सहायता और समर्थन दिया। मेरी लकड़ा ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई को लेकर वह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से बात करेंगी ताकि उनकी शैक्षणिक जरूरतों का ध्यान रखा जा सके।

### पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर डीसी ने की बैठक

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंड में पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर रसदा ग्राम के निवासियों के साथ सोमवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक किया। इस दौरान बैठक में सर्वप्रथम डीसी ने पतरातू प्रखंड में पीवीवीएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर आ रही समस्याओं से सभी को अवगत कराया । साथ ही भू अर्जन, मुआवजा भुगतान, नौकरी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर पीवीयूएनएल के अधिकारियों एवं रसदा ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की। मौके पर रसदा ग्राम के निवासियों ने अपने पक्ष को सभी के समक्ष रखा। इस पर डीसी एवं पीवीयूएनएल के अधिकारियों ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। साथ ही प्लांट चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** जिला प्रशासन की ओर से समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य आगामी होली और रमजान के त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना था। बैठक में जिले के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ जन प्रतिनिधि एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने सभी से आपसी भाईचारे और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। उन्होंने विद्युत आपूर्ति, सफाई, स्वास्थ्य सेवाएं और पेयजल व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशासन ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट पर कड़ी नजर रखने और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। अपर पुलिस अधीक्षक ऋत्विक श्रीवास्तव ने किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की। त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त दंडाधिकारी, पुलिस बल और अन्य सुरक्षा उपाय किए जाएंगे। उपायुक्त ने सभी को होली और रमजान की शुभकामनाएं देते हुए जिले में शांति और सौहार्द बनाए रखने का आग्रह किया।

## समाज में महिलाओं की अहम भूमिका होती है : राजबाला कुमारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर नाईटिंगल स्कूल ऑफ नर्सिंग में तीन दिवसीय कार्यक्रम का चल रहा था जो कि सोमवार को सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में छात्रों के द्वारा स्वस्थ से संबंधित आदर्श गांव वेस्टेज समान मेडिकल जैसे संबंधित क्राफ्ट बना कर प्रदर्श किया। नर्सिंग स्कूल के निदेशक अजीत महतो सचिव राज बाला कुमारी और प्राचार्य लखिया लकड़ा ने मुख्य रूप से शामिल थे। इस कार्य क्रम में सभी छात्राएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए वक्ताओं ने बताया कि कार्यक्रम तीन दिनों तक चला आगे राजबाला ने कहा कि विश्व महिला दिवस को हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन समाज में महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और सफलता को दशार्ता है। महिला दिवस का दिन महिलाओं की समानता, अधिकारों और उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। कई देशों में इसे अवकाश के रूप में मनाया जाता है। महिला दिवस का उद्देश्य लैंगिक भेदभाव समाप्त कर एक समान और सशक्त समाज का निर्माण करना है। इस दिन कई कार्यक्रम, सेमिनार और रैली आयोजित की जाती हैं, साथ में भाषण और निबंध प्रतियोगिताएं भी आयोजित होती हैं। मौके पर उप प्राचार्य हुलास डाडेल स्वर्णालता कुजूर प्रतिभा मेहता एंजेल प्रिया सिमरन कुजूर आदि शामिल थे।

## एसबीयू में क्वांटम साइंस और तकनीक पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** एसबीयू के फैकल्टी ऑफ एप्लाइड साइंसेज द्वारा आईक्यूएसी और आईआईसी के सहयोग से आज क्वांटम साइंस और तकनीक पर विवि सभागार में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें अपने उदगार व्यक्त करते हुए परड्यू विश्वविद्यालय, अमेरिका के डॉ. आलोक आर. चतुर्वेदी ने क्वांटम डिसीजन थ्योरी पर अपनी बातें रखी। उन्होंने क्लासिकल थ्योरी की तुलना में क्वांटम थ्योरी को सर्वव्यापी बताया। इस संदर्भ में उन्होंने शेयर मार्केट का भी उदाहरण दिया। उन्होंने वृह परिप्रेक्ष्य में क्वांटम कम्प्यूटिंग के इस्तेमाल पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बीआईटी लालपुर सेंटर के डॉ. कुंतल मुखर्जी ने क्वांटम वर्ल्ड की खूबियों और कार्यप्रणाली पर अपना विचार रखा। उन्होंने क्वांटम मशीन लर्निंग, सुपरपोजिशन और क्वांटम इनफॉर्मेशन सॉफ्टवेयर कीट के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में बोलते हुए सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने क्वांटम मूवमेंट और दूसरे अणुओं से इसकी भिन्नता पर चर्चा की। उन्होंने आज के दौर में इसके इस्तेमाल पर जानकारी देते हुए भौतिक विज्ञान समेत अन्यान्य क्षेत्रों में इसके उपयोग पर भी अपनी बात कही। टेलीपैथी और एमआरआई का उदाहरण देते हुए उन्होंने इसके दूरगामी इस्तेमाल की बात की। विवि के माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन ने क्वांटम विज्ञान के विभिन्न आयामों के बारे में बताया। उन्होंने इसकी आवश्यकता पर अपना विचार प्रस्तुत किया। उपस्थित श्रोताओं के समक्ष सेमी कंडक्टर फिजिक्स की उत्पत्ति पर भी उन्होंने बात की। कार्यक्रम के समापन सत्र में डॉ. पिंटू दास ने सम्मेलन से संबंधित अपना रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। स्वागत भाषण डीन डॉ. पंकज गोस्वामी एवं धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. नित्या गर्ग ने दिया। इस अवसर पर एसबीयू के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में उत्साह पूर्वक मनाएं होली और अन्य त्योहार : एसडीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** होली, सरहुल और रमजान को लेकर सोमवार को खूंटी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने की। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली सहित अन्य पर्वों को उत्साह पूर्वक मनाने की अपील की। इससे पूर्व बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों ने होली के दौरान होने वाले आयोजनों की जानकारी देते हुए त्यौहार के दौरान पानी, बिजली की निर्बाध आपूर्ति के साथ ही समुचित साफ सफाई और होलिका दहन के लिए समुचित मात्रा में लकड़ी की व्यवस्था करने की मांग की। सदस्यों के इस मांग पर अनुमंडल पदाधिकारी ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए लोगों से अपील की कि त्यौहार मनाते समय किसी की धार्मिक भावना आहत ना हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में एसडीपीओ वरुण रजक, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी, अंचलाधिकारी एसपी आर्या, नगर पंचायत के नगर प्रबंधक मोनिक सलाम, खूंटी थाना प्रभारी मोहन कुमार सहित सदस्यों की ओर से रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष ज्योतिष भगत, महामंत्री जितेंद्र कश्यप, जयप्रकाश भाला , मनोज कुमार, विहिप नगर अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, प्रियांक भगत, अनूप साहू, आनंद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक के बाद पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों और बैठक में शामिल समिति के सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

# होली में हुड़दंग करने वालों पर प्रशासन की रहेगी कड़ी नजर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**लोहरदगा :** होली पर्व पर हुड़दंग करने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर होगी। इसे लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। इस बैठक में उपायुक्त ने कहा कि होली का त्यौहार सभी लोग सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनायें। अगर बच्चे व युवा किसी पर रंग फेंक देते हैं तो उन्हें एक अभिभावक की तरह समझायें। किसी प्रकार की असामान्य स्थिति उत्पन्न नहीं होने दें। होली का त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाया जा सके इसके लिए दण्डाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। उन्होंने बताया कि बारीकी से असमाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि होली में त्योहार की मूल भावना का ख्याल रखा जाय। किसी को भी आहत ना करें। भारत देश में होली काफी उत्साह तरीके से मनाया जाता रहा है। आप जब भी होली खेलें तो आपसी भाईचारा और गंगा-जमुनी संस्कृति की मिसाल पेश करें। उन्होंने बताया कि जिला में त्यौहार को मनाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता है। शांति समिति के लोग होली में अभिभावक की भूमिका में रहें और युवाओं को संयमित रखने के लिए प्रयास करें। जिला में प्रशासनिक तैयारियां पूरी हैं। आवश्यक पुलिस बल है, ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी की जाएगी। बैठक में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं ने बनाया हर्बल गुलाल, मांग बढ़ी

**लोहरदगा :** होली का त्योहार रंगभरी एकादशी से शुरू हो गया है। सनातनी एक-दूसरे को गुलाल-अबीर लगाते हुए नजर आ रहे हैं। स्कूल के छात्र भी रंगोत्सव के मूड में नजर आ रहे हैं। केमिकल युक्त रंगों से बचने के लिए जेसलपीएस से जुड़ी महिलाएं हर्बल गुलाल तैयार की हैं। जेसलपीएस की टीम हर्बल रंग से होली खेलने के फायदे बता रहे हैं। हर्बल गुलाल की बिक्री चौक चौराहे पर स्टॉल लगाकर की जा रही है। महिलाओं ने खुद पर्यावरण अनुकूल हर्बल गुलाल तैयार किया है। महिलाएं ही इसकी पैकेजिंग और मार्केटिंग भी कर रहीं हैं। पलाश ब्रांड के तहत ग्रामीण महिलाएं हर्बल गुलाल बना रहीं हैं। प्लास,बिट,पालक,अरारोट मिक्स कर कलर तैयार किए गए हैं, जिसे बाजार में 100 ग्राम की पैकेट को 25 रुपये में बिक्री की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### आरटीसी बीएड महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**अनगड़ा :** आरटीसी बीएड महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉक्टर रुद्र नारायण महतो ने फीता काटकर एवं मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। खेल- कूद प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व रुद्र नारायण महतो ने मशाल प्रज्वलित किया एवं वॉलीबॉल के खिलाड़ियों से परिचय करते हुए प्रतियोगिता का शुरूआत किया और उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष महाविद्यालय में वार्षिक खेल- कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिससे कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों का शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। विद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर रिचा पदमा ने कहा कि हमें खेलों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए इससे खिलाड़ी शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। प्रथम दिन खेलकूद प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, कबड्डी, नीडल रेस आदि खेल हुए। कबड्डी प्रतियोगिता में बीएड की बी1 टीम विजय रही। डीएलएड की ओर से प्रथम वर्ष की टीम विजय रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बीएड की बी 2 टीम विजय रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में डीएलएड की द्वितीय वर्ष की टीम विजय रही। इस अवसर पर विद्यालय में समस्त व्याख्याता गण व छात्र उपस्थित थे।

### सोनुआ बेड़ा सड़क मरम्मत को लेकर रोशन लाल मुंडा ने उपायुक्त को लिखा पत्र



**अनगड़ा :** खिजरी विधानसभा क्षेत्र अन गडा प्रखंड अंतर्गत सिरका पंचायत के मुखिया रोशन लाल मुंडा ने उपायुक्त को पत्र लिखा सड़क मरामती को लेकर की सिरका पंचायत में एक गांव सोनुवा बेड़ा है जन्हा जाने के लिए हुंडरू फॉल का सड़क से होकर जाना पड़ता है और सड़क काफी जर्जर अवस्था में है। उस गांव के ग्रामीणों का मुख्य सड़क है प्रतिदिन उस सड़क से लग भग चार से पांच हजार लोगो का जीविका के लिए आवागमन होता है। इस सड़क को लेकर कई बार सांसद विधायक को लिखित शिकायत दी गई है उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कि यहां तक की की उस ग्रामीणों चुनाव के समय वोट भी बहिष्कार किया था बाद में काफी समझाने बुझाने के बाद लोगो ने मत किया। उस ग्रामीणों आश्वाशन दिया गया कि चुनाव के बाद सड़क मरम्मत किया जाएगा लेकिन माह बित गए लेकिन सड़क का काम आज तक सुरु नहीं किया गया इस सड़क मरामती को लेकर सिरका पंचायत ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़क बनाने की मांग की।

### कपिल देव ग्राउंड में अलीशा डांस एकेडमी ने वृंदावन होली का किया आयोजन



**सिल्ली :** मुरी में कपिल देव ग्राउंड कडरू रांची में अलीशा डांस एकेडमी के तरफ से आयोजित, वृंदावन की होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिनसे मुख्य अतिथि के रूप में हटिया के विधायक नवीन जयसवाल एवं डांस इंडिया डांस की विनर एवं बॉलीवुड कोरियोग्राफर रांची की राज कुमारी अलीशा सिंह सामिल थी। कार्यक्रम का उद्घाटन नवीन जायसवाल के हाथों से हुआ कार्यक्रम में संस्कृति नृत्य, लोक नृत्य के साथ साथ होली के फेस्टिवल को मनाया गया। जिसमें रंगों के साथ रंग बिरंगी फूलों के साथ भी होली मनाई गई। इसमें रैन डांस भी सामिल थे कार्यक्रम में श्री कृष्ण और राधा रानी की झाकी, रास का प्रदर्शन हुआ। जो लोगों में आकर्षण का चर्चा बना हुआ है। सभी यह प्रस्तुति देख पूरी पब्लिक के साथ अलीशा भी झूमने लगी और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसमें श्री कृष्ण के किरदार में मोहन सहीस ,राधा के किरदार में तन्वी एवं गोपियों की किरदार में अलीशा डांस स्टूडियो के स्टूडेंट्स सामिल थे यह पूरी वृंदावन की झाकी रास लीला को मोहन ने कोरियोग्राफ किया। मोहन मुरी सिल्ली निवासी है। जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर रवा रत्न, बिस्वा रत्न के साथ बॉलीवुड कोरियोग्राफर मास्टर मर्जी से बेस्ट कोरियोग्राफर का अवॉर्ड अपने नाम किया है आए दिन मोहन हमारे उभरते कलाकार में से से एक है जो जगह जगह अपनी कोरियोग्राफी एवं प्रस्तुति दे कर अपने क्षेत्र अपने राज्य का नाम रोशन कर रहे है, जो हमारे छेत्र एवं राज्य के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(जिला आपूर्ति शाखा)**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

खूँटी जिला अन्तर्गत मुख्यमंत्री दाल-भात योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए खूँटी जिला में अवस्थित खूँटी नगर पंचायत के 03 केन्द्रों एवं खूँटी जिला अन्तर्गत 6 प्रखण्डों के 06 केन्द्रों कुल 09 केन्द्रो पर चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी परिवहन-सह-हथालन सहित आपूर्ति करने हेतु बाजार समिति, खूँटी द्वारा समर्पित दर चावल (मध्यम) न्यूनतम मूल्य (क्वि0 में)- 3800.00 अधिकतम मूल्य (क्वि0 में)- 4400.00 तथा चावल (मोटा)- न्यूनतम मूल्य (क्वि0 में)- 3200.00 अधिकतम मूल्य (क्वि0 में) 3400.00 प्रति क्वि0, चना (फाइन) न्यूनतम मूल्य (क्वि0 में)- 8000.00 प्रति क्वि0 अधिकतम मूल्य (क्वि0 में) 8500.00 तथा चना (मध्यम) न्यूनतम मूल्य (क्वि0 में)- 7400.00 एवं अधिकतम मूल्य (क्वि0 में)- 8000.00 सोयाबीन बड़ी (फाइन) न्यूनतम मूल्य (क्वि0) 9000.00 अधिकम मूल्य (क्वि0 में ) 9500.00 तथा सोयाबीन बड़ी (मध्यम) न्यूनतम मूल्य (क्वि0 में) 8000.00 अधिकतम मूल्य (क्वि0 में)- 8500.00 प्रति क्वि0 के अन्दर आपूर्ति करने हेतु निम्नांकित अर्हता रखनेवाले इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से **दिनांक 24.03.2025 के अपराह्न 02:30 बजे तक** विहित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित किया जाता है ।
(अधिक जानकारी के लिए जिला के वेबसाईट ( *www.khunti.nic.in*) पर देखा जा सकता है। )

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
खूँटी

PR 348195 (District)24-25*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी**
**चाईबासा रोड, खूँटी, पिन-835210, फोन नं०-06528-299928**
**(Email Id – eedwsd.khunti@gmail.com)**

पत्रांक................................./ दिनांक........................../

**-:: अति अल्पावधि भाव आमंत्रण सूचना ::- (द्वितीय आमंत्रण)**

मुख्य अभियंता-सह-कार्यकारी निदेशक प्रोग्राम मैनजमेंट यूनिट (राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन) पेयजल एवं स्वच्छता, विभाग झारखण्ड रॉंची का पत्रांक Chemicals Procurement (B)-27/2023-186/SWM दिनांक 05.03.2025 के अनुपालन में जिला स्तरीय जल जॉंच प्रयोगशाला में Chemical(CRM) का क्रय किया जाना है। उक्त सामग्री का निम्न अंकित Chemicals Procurement के अनुरूप निबंधित दुकानदार/ डिलर से आपूर्ति करने हेतु भाव पत्र (कोटेशन) आमंत्रित किया जाता है। Chemicals Procurement की जाने वाली सामग्रीयों के दर के साथ भाव पत्र से दिनांक 17.03.2025 को 01:00 बजे अपराह्न तक बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा की जाएगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा उनके कार्यालय कक्ष में जमा सभी बन्द लिफाफों को दिनांक – 17.03.2025 को 04:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोला जाएगा। इस कार्य हेतु मुख्य अभियंता-सह-कार्यकारी निदेशक (PMU) का निर्देश प्राप्त है।

| Sl. No. | Name of Chemical (CRM) | Specification of CRM/SRM to be supply | Qty | Quoted Rate by Bidder In per Unit with taxes | | Date of Opening of Quatation |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Rate in Figure | Rate in Words | |
| 1. | Standard Buffer pH 4.01s | CRM/SRM must be NIST Traceable with Uncertainty of Measurement (UOM) validty period at least - 3 years with certificate) - 500ml | 01 | | | 17.03.2025 को 04:00 बजे अपराह्न |
| 2. | Standard Buffer pH 9.18 | CRM/SRM must be NIST Traceable with Uncertainty of Measurement (UOM) validty period at least - 3 years with certificate) - 500ml | 01 | | | |
| 3. | Sodium Chloride (Nacl) | CRM/SRM must be NIST Traceable with Uncertainty of Measurement (UOM) validty period at least - 3 years with certificate) - 500ml | 01 | | | |
| 4. | Sodium Carbonate | CRM/SRM must be NIST Traceable with Uncertainty of Measurement (UOM) validty period at least - 3 years with certificate) - 500ml | 01 | | | |

नोटः- इस नोटिस से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 348266 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D

# क्रूर एवं आक्रांता मुगल शासक हमारे आदर्श कैसे?

मुगल बादशाह औरंगजेब की क्रूरता, अत्याचार एवं यातनाएं एक बार फिर बॉलीवुड की फिल्म छावा के कारण सुर्खियों में है। इस बार मामला सिर्फ इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है बल्कि राजनीति में भी गर्मा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान ने महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल ला दिया है एवं देश के बहुसंख्य समाज की भावनाओं को आहत किया है। भारत में आज भी एक ऐसा वर्ग है जो इस्लामिक कट्टरता के साथ जुड़ने में गर्व एवं गौरव की अनुभूति करता है, भले ही इससे देश की एकता एवं अखण्डता क्षत-विक्षत होती हो। इस्लाम के नाम पर जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया, तलवार की नोक पर बड़ी संख्या में लोगों को जबरन मुसलमान बनाया, ऐसे क्रूर एवं सांप्रदायिक शासक औरंगजेब को नेकदिल और महान शासक बताना, आखिर किस तरह की सोच है? भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है? हिन्दू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं? भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महान शासक कैसे हो सकता है? इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है।

फिल्म 'छावा' कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में संभाजी के साहस, बलिदान और औरंगजेब के अत्याचारों को दिखाया गया है। संभाजी को औरंगजेब ने छलपूर्वक 1689 में क्रूरता से मरवा दिया था, जिसे फिल्म में भावनात्मक ढंग से पेश करने की सफल एवं सार्थक कोशिश हुई है। इस फिल्म में समाजवादी पार्टी के नेता और महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी ने इतिहास को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाते हुए औरंगजेब की तारीफ कर विवाद को और हवा दे दी। आजमी ने कहा, औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था। उसने कई मंदिर बनवाए और उसके शासन में भारत सोने की चिड़िया था। आजमी ने यह भी दावा किया कि औरंगजेब और संभाजी के बीच की लड़ाई धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की थी। इस तरह मुगल आक्रांताओं की तारीफ करना सपा के डीएनए में है। हो सकता है आजमी का यह औरंगजेब प्रेम एवं मुस्लिम कट्टरतावादी सोच हो, लेकिन औरंगजेब ने संभाजी महाराज को 40 दिनों तक जो यातनाएं दीं, वह क्या थी? उनकी आंखें निकाली गईं, जीभ काटी गई, उनके शरीर को लहूलुहान करके उस पर नमक छिडका और फिर उनकी हत्या कर दी गई, इस तरह क्रूरता एवं बर्बरता बरतने वाले शासक को कैसे आदर्श कहा जाये? असंख्य महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार करना, जबरन धर्म परिवर्तन कराना, हिन्दू मन्दिरों को तोड़ना, देश की समृद्धि का गलत उपयोग करना कैसे प्रेरणास्पद हो सकता है?

औरंगजेब पोत राज्यों, राजपूताना और मराठा शासकों के परिवारों का अपहरण कर लेता था और उन्हें बंधक बना लेता था। ताकि वह निर्विरोध शासन करते हुए सम्पूर्ण भारत पर आधिपत्य कर सके। उसने सभी गैर-मुस्लिम प्रजा और पोत राज्यों से धार्मिक असहिष्णुता कर 'जजिया' वसूला। औरंगजेब एक असहिष्णु, क्रूर एवं कट्टरपंथी था और उसकी कट्टरता के कारण करोड़ों लोगों को कष्ट सहना पड़ा। शांति और बहुसंस्कृतिवाद की भूमि भारत में ऐसे अत्याचारी को आदर्श नहीं बनाया जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब औरंगजेब जैसे मुगल शासकों के प्रति प्रेम का प्रदर्शन उमड़ा हो, जब दिल्ली की एक सड़क का नाम औरंगजेब रोड से बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया था, तब भी बहुत हाय-तौबा मचायी गयी थी। उस समय भी अनेक लोगों ने औरंगजेब को महान शासक बताया था। जबकि इतिहासकारों ने भी दर्ज किया है छल से छत्रपति संभाजी को पकड़ने के बाद औरंगजेब ने अत्याचार एवं अमानवीयता की सभी हद पार करते हुए जुल्म किए।

## सूडोकू नवताल- 7366

**** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल -7365 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम

रमेश सर्राफ धमोरा



राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर, बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्रीकृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला लगता है, जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है।

इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते हैं। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन बाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मंदिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी।

श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोत्कच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेद्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनों लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे।

कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुई। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोड़े पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये।

भगवान श्रीकृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापस तरकश में ही आयेगा। यदि उन्होंने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनों लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी कि इस पीपल के पेड़ के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तों की और चलाया। तीर ने क्षण भर में पेड़ के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होंने अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की ओर अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा।

ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया।

उन्होंने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होंने बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्रीकृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होनें अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे।

युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खिंचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है, उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गये। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध में विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी। उन्हें युद्धभूमि में सिर्फ उनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखायी दे रहा था जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थी।

कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुये और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुये का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा। ऐसा माना जाता है कि एक बार एक गाय उस स्थान पर आकर अपने स्तनों से दुग्ध की धारा स्वतरू ही बहा रही थी, बाद में खुदायी के बाद वह शीश प्रकट हुआ।

एक बार खाटू के राजा को स्वप्न में मन्दिर निर्माण के लिये और वह शीश मन्दिर में सुशोभित करने के लिये प्रेरित किया गया। तदन्तर उस स्थान पर मन्दिर का निर्माण किया गया और कार्तिक माह की एकादशी को शीश मन्दिर में सुशोभित किया गया, जिसे बाबा श्याम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मूल मंदिर 1027 ई. में रूपसिंह चौहान और उनकी पत्नी नर्मदा कंवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई0 में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर इस समय अपने वर्तमान आकार ले लिया और मूर्ति गर्भगृह में प्रतिष्ठापित किया गया था। मूर्ति दुर्लभ पत्थर से बनी है।

प्रशासन यहां की व्यवस्था को लेकर पूरा सजग है। जिला प्रशासन व मंदिर प्रबंध कमेटी ने मिलकर खाटू श्याम मंदिर परिक्षेत्र में कई नई सुविधाओं को प्रारंभ किया है। यहां के आम रास्तों को 40 फीट तक चौड़ा किया गया है। मंदिर में दर्शन करने की व्यवस्था में भी आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इससे मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा हो रही है। सरकार ने मंदिर परिसर क्षेत्र के विकास की घोषणा की है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# सवाल संसदीय परंपरा का ही



मनोज कुमार मिश्र

लगातार दो बार प्रचंड बहुमत से दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने वाली आम आदमी पार्टी (आआपा) आसानी से इस बार विधानसभा चुनाव में हुई हार को पचा नहीं पा रही है। जिसके कार्यकाल में विधानसभा और संसदीय मयार्दा तार-तार हुई हो उसी पार्टी ने विधानसभा की पहली ही बैठक में उसके शासन के भ्रष्टाचार के कारनामों से जुड़े सीएजी (कैग) रिपोर्ट सार्वजनिक करने से बौखला कर विधानसभा को दंगल बनाने की असफल कोशिश की। विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने आआपा विधायकों को विधानसभा के साथ-साथ विधानसभा परिसर से निकाल दिया तो पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी समेत आआपा नेताओं ने इसे संसदीय लोकतंत्र पर हमला बताया। उनके अपने कार्यकाल में न तो नियमों के हिसाब से विधानसभा की बैठक बुलाई जाती थी और न ही विपक्ष को किसी सत्र में ढंग से बोलने दिया जाता था। विपक्ष यानी भाजपा के सदस्य ज्यादातर बैठकों में सदन से बाहर ही रहे। 1993 में दिल्ली विधानसभा का मौजूदा स्वरूप बनने के बाद इसकी नियमावली बनानेवाले दिल्ली विधानसभा और लोकसभा के पूर्व सचिव सुदर्शन कुमार शर्मा का कहना है कि विधानसभा से निष्कासन का मतलब विधानसभा परिसर से निष्कासन हो सकता है- इस पर चर्चा हो सकती है लेकिन वे कैसे सवाल उठा सकते हैं, जिन्होंने विधानसभा में कोई नियम ही लागू नहीं होने दिया। तभी तो दिल्ली संशोधन विधेयक पर बिल पास करवाने से पहले केन्द्रीय गृह मंत्री ने चेतावनी दी थी कि कहीं नियमों को न मानने वालों की सरकार विधानसभा से ही हाथ धो बैठे।

आआपा के दिल्ली पर शासन के दौरान दिल्ली में तीन उप राज्यपाल बने और तीनों से उनकी लड़ाई चलती ही रही। आआपा ने कई नई परंपराएं शुरू करके संवैधानिक व्यवस्थाओं को खतरे में डाल दिया था। 2012 में नई पार्टी बनकर पहले 2013 में अल्पमत सरकार नियमों के खिलाफ बिना उप राज्यपाल की अनुमति से जन लोकपाल विधेयक विधानसभा में न लाने देने पर 49 दिन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा दे दिया। नियमों से परे जाकर सार्वजनिक अवकाश के दिन रामलीला मैदान में विधानसभा बुलाने पर केजरीवाल अड़े रहे। यह अलग बात है कि दो बार भारी बहुमत से सरकार बनने बाद दोबारा उनकी सरकार ने जन लोकपाल की चर्चा भी नहीं की गई। खुद अपने लोकपाल को पार्टी से ही विदा कर दिया। विधान में विधानसभा की बैठक अधिकतम छह महीने पर बुलाने का प्रावधान है। इसी के चलते लोकसभा से विधानसभा तक साल में तीन सत्र होते हैं। साल के शुरू में होने वाली बैठक को बजट सत्र कहा जाता है और उसकी शुरूआत संसद में राष्ट्रपति और दिल्ली में उप राज्यपाल के अभिभाषण से होता है। परंपरा के तौर पर सरकार के कामकाज को ही अभिभाषण में जगह दी जाती है। उस सत्र में इस प्रस्ताव को पास करवाने से लेकर बजट पास किया जाना मुख्य काम रहता है। जुलाई-अगस्त में होने वाले सत्र को मानसून और नवंबर-दिसंबर में होने वाले सत्र को शीतकालीन सत्र कहा जाता है। हर सत्र को बुलाने और सत्रावसान करने के लिए मंत्रिमंडल अपना प्रस्ताव उप राज्यपाल को भेजती है। अमूनन उस पर उप राज्यपाल की तुरंत मंजूरी आ जाती है। विशेष परिस्थिति में विशेष सत्र की भी इजाजत उसी तरह से ली जाती है। पिछली सरकारें गिनती के लिए विशेष बैठक बुलाई थी।

दिल्ली में विधानसभा बनने पर 1993 में पहली सरकार भाजपा की बनी। पांचों साल भाजपा सरकार ने नियमों का पालन करके अधिकतम तीन-तीन बार बैठक बुलाई। 1998 में शीला दीक्षित की अगुवाई में कांग्रेस की सरकार बनी। 15 साल के शासन में कांग्रेस सरकार ने तीन बार एक-एक दिन का विशेष सत्र भी नियमों के हिसाब से उप राज्यपाल की अनुमति लेकर बुलाई। आआपा ने तो कोई नियम और परंपरा के हिसाब से चलना स्वीकार नहीं किया। पूरे दस साल आआपा सरकार साल के शुरू में उप राज्यपाल का अभिभाषण कराना अनिवार्य होने से एक सत्र नियमानुसार बुलाती थी। बाद में उसी का विस्तार करके केवल विधानसभा अध्यक्ष को कह कर कई-कई बैठकें बुलाती थी। नियमित सत्र एक होता था और विशेष अनगिनत। आआपा सरकार ने साल 2015 और 2017 में सात-सात बार, 2016 में छह बार और 2023 में पांच बार बैठक हुई लेकिन सत्र एक ही रहा।

सत्र का सत्रावसान इसलिए भी जरूरी है कि जब सत्र न चल रहा हो तो आपात काल में सरकार अध्यादेश ला सके। जब प्राकृतिक या कोई आपदा होगी तब सत्र बुलाना संभव वहीं होगा। सत्रावसान के बिना कोई फैसला पहले सदन में लिया जाता है और फिर उसे लागू किया जाता है। सत्रावसान हुआ नहीं और सदन चल रहा नहीं, ऐसे में तो आआपा सरकार ने सदन को भी मजाक बना दिया था। सत्र शुरू तो होता था लेकिन सत्रावसान होता ही नहीं था। जिस उप राज्यपाल के नाम पर विधानसभा की बैठक बुलाई जाती है, उनकी निंदा करने के लिए बैठक बुलाई गई। एक बार तो सारी मयार्दाएं तोड़ दी गई जब विधानसभा के भीतर उप राज्यपाल को हटाने के लिए सारी रात धरना दिया गया। विधानसभा परिसर में पहली बार आआपा विधायकों ने धरना देकर विधानसभा की परंपरा और मयार्दाओं को तार-तार किया।

जुलाई, 2018 को सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने4 अगस्त, 2016 के दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को पलटते हुए कहा कि गैर आरक्षित विषयों में दिल्ली की सरकार फैसला लेने के लिए स्वतंत्र है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि दिल्ली सरकार का मतलब उप राज्यपाल है। तब तक दिल्ली सरकार की उप राज्यपाल से इस कदर टकराव बढ़ा था कि उप राज्यपाल ने आरक्षिक विषयों पर सरकार और विधानसभा में चर्चा करानी तक बंद करवा दी थी। उसके बाद पिछले साल मार्च महीने में संसद के दोनों सदनों से ह्यराष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (संशोधन)-2021ह्व विधेयक पास करवाकर उप राज्यपाल को पहले से ज्यादा ताकतवर बना दिया। इसी बदलाव के चलते हर फैसले में उप राज्यपाल की सहमति जरूरी है। लोकसभा में दिल्ली सरकार में काबिज आआपा का कोई सांसद न होने के चलते इस संशोधन विधेयक का विरोध कांग्रेस जैसे विरोधी दल ही कर पाए, राज्य सभा में अन्य विपक्षी दलों के साथ-साथ आआपा के सांसदों ने विरोध किया। उसके जवाब में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अन्य बातों के अलावा यह भी कह दिया कि नगर निगम एकीकरण के ज्यादा विरोध में कहीं अपनी सरकार न गंवा बैठें। वैसे बाद में इस पर न तो कोई सफाई आई न चर्चा हुई लेकिन पिछले कुछ सालों से चल रहे हालात से यह चर्चा तेज हो गई थी कि कहीं विधानसभा खत्म हो जाए और फिर से महानगर परिषद् जीवित हो जाए। जिसे खत्म करके ही 1993 में विधानसभा दी गई थी।

संविधान के जानकार सुदर्शन कुमार शर्मा ने तभी कहा था कि संविधान के जिस 69 वे संशोधन के तहत दिल्ली को विधानसभा मिली, उसमें यह भी लिखा हुआ है कि इसमें कोई भी संशोधन मूल विधान में संशोधन माना जाएगा। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ज्यादा बदलाव कर पाएगी, इसमें संदेह है। यही हुआ भी। आजतक उसमें कोई बदलाव नहीं हुआ। एक समय यह था कि विधानसभा की 1993 में नियमावली बनाते समय तब के उप राज्यपाल पीके दवे ने दिल्ली की पहली निर्वाचित सरकार के अनुरोध पर आरक्षित विषयों- जमीन (दिल्ली विकास प्राधिकरण), कानून- व्यवस्था और दिल्ली पुलिस के कामकाज पर भी विधानसभा में उसी तरह से चर्चा करने के लिए विधान बनाने की आजादी दी जैसे अन्य विषयों में चर्चा करने का प्रावधान नियमावली में बन रहा था। विधानसभा में आराम से आरक्षित विषयों पर चर्चा होती थी। जिस तरह बाकी विभाग प्रमुख प्रश्नकाल या चर्चा के समय विधानसभा के अधिकारी दीर्धा में मौजूद रहते थे उसी तरह से दिल्ली पुलिस आयुक्त, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) उपाध्यक्ष आदि मौजूद रहते थे। आआपा सरकार के दिनों में तो यह कोई सोच ही नहीं सकता था।

# भारतीय समाज में मासिक धर्म अभी तक कलंकित क्यों?

प्रियंका सौरभ

भारत के पास मासिक धर्म स्वास्थ्य के प्रति अधिक समावेशी और दूरदर्शी दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए सांस्कृतिक विचारों का सम्मान करने का अवसर है। आपके क्या विचार हैं-क्या सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए, या जमीनी स्तर के संगठनों को बदलाव लाने में आगे आना चाहिए? मासिक धर्म से जुड़ा कलंक कई संस्कृतियों में मौजूद है, जो सांस्कृतिक वर्जनाओं, गलत सूचनाओं और प्रणालीगत लैंगिक असमानता से प्रेरित है। इसके परिणामस्वरूप गंभीर मुद्दे सामने आते हैं, जैसे मासिक धर्म उत्पादों तक सीमित पहुँच, अपर्याप्त शिक्षा और यहाँ तक कि कुछ समुदायों में सामाजिक बहिष्कार। इस कलंक को खत्म करने के लिए, हमें खुली चचाओं को प्रोत्साहित करने, मासिक धर्म के बारे में पूरी तरह से शिक्षा प्रदान करने और मासिक धर्म समानता को बढ़ावा देने वाले नीतिगत बदलावों को लागू करने की आवश्यकता है।

मासिक धर्म कई संस्कृतियों में एक वर्जित विषय बना हुआ है, जिसका मुख्य कारण लंबे समय से चली आ रही सांस्कृतिक मान्यताएँ, अपर्याप्त खुली बातचीत और लैंगिक असमानता है। इसके परिणामस्वरूप शर्म, गोपनीयता और मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में आवश्यक संसाधनों और शिक्षा तक सीमित पहुँच की भावनाएँ पैदा होती हैं। भारत में, मासिक धर्म को अक्सर महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक वर्जनाओं से जोड़ा जाता है, जिससे बहिष्कार, गलत सूचना और प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभाव हो सकते हैं। हालाँकि प्रगतिशील नीतियाँ पेश की जा रही हैं, लेकिन सफल कार्यान्वयन के लिए इन्हें सांस्कृतिक संवेदनशीलताओं के साथ जोड़ना महत्त्वपूर्ण है।


महिलाओं को अक्सर मंदिरों, रसोई और सामाजिक समारोहों जैसी जगहों पर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है, जो भेदभाव को बढ़ावा देता है। 2018 में सुप्रीम कोर्ट के सबरीमाला फैसले ने मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को हटा दिया, लेकिन इसे सांस्कृतिक मान्यताओं में निहित काफी विरोध का सामना करना पड़ा। मासिक धर्म के बारे में खुली चर्चा की कमी स्वास्थ्य मामलों में मिथकों और उपेक्षा को बढ़ावा देती है। ग्रामीण भारत में केवल 58% युवा लड़कियों को अपने पहले मासिक धर्म का अनुभव करने से पहले मासिक धर्म के बारे में जानती है। शौचालय, स्वच्छता उत्पादों और उचित निपटान विधियों तक अपर्याप्त पहुँच से भी जूझती हैं। जबकि 2014 में शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान ने स्वच्छता में प्रगति की है, मासिक धर्म अपशिष्ट निपटान एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा बना हुआ है। स्वच्छता उत्पादों की उच्च लागत कई लोगों को असुरक्षित विकल्पों का सहारा लेने के लिए मजबूर करती है। 2022 में शुरू की गई राजस्थान निःशुल्क सैनिटरी पैड योजना का उद्देश्य मासिक धर्म गरीबी से निपटने के लिए निःशुल्क पैड उपलब्ध कराना है। हालाँकि, राजनीतिक एजेंडों में मासिक धर्म स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं दी जाती है, जो व्यापक सुधारों में बाधा डालता है। मासिक धर्म स्वच्छता नीति (ड्राफ्ट 2022) को अभी भी पूरे देश में पूरी तरह से लागू किया जाना बाकी है।

मासिक धर्म के बारे में जागरूकता को राज्य के पाठ्यक्रमों में शामिल करने से इस विषय पर बातचीत को सामान्य बनाने में मदद मिल सकती है। मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन दिशानिर्देश प्राथमिक विद्यालय स्तर से मासिक धर्म शिक्षा की वकालत करते हैं। आंगनवाड़ी कार्यकताओं, शिक्षकों और सामुदायिक नेताओं को प्रशिक्षित करके, हम अधिक स्वीकृति को बढ़ावा दे सकते हैं। मासिक धर्म स्वास्थ्य गठबंधन भारत (2020) जागरूकता बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर के संगठनों के साथ सहयोग करता है। सार्वजनिक हस्तियाँ और मीडिया सकारात्मक संदेश के माध्यम से कलंक का मुकाबला करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। "चुप्पी तोड़ो" अभियान (2021, यूनिसेफ इंडिया) ने जागरूकता फैलाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रभावी ढंग से उपयोग किया। मासिक धर्म स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए, स्कूलों और कार्यस्थलों में निपटान विकल्पों के साथ अधिक लिंग-अनुकूल शौचालयों सहित (जल, स्वच्छता और स्वच्छता) सुविधाओं को सुनिश्चित करना आवश्यक है। मासिक धर्म उत्पादों पर सरकारी सब्सिडी और जीएसटी छूट से पहुँच में काफी सुधार हो सकता है। 2018 में सैनिटरी पैड पर 12% जीएसटी हटाने से वे अधिक किफायती हो गए। बायोडिग्रेडेबल पैड और मासिक धर्म कप को बढ़ावा देना पर्यावरण और सांस्कृतिक दोनों चिंताओं को सम्बोधित करता है। सखी सैनिटरी नैपकिन पहल (ओडिशा, 2021) बायोडिग्रेडेबल पैड के स्थानीय उत्पादन का समर्थन करती है।

मासिक धर्म स्वास्थ्य को स्वास्थ्य के अधिकार (अनुच्छेद 21) के तहत मान्यता दी जानी चाहिए और श्रम कानूनों में शामिल किया जाना चाहिए। मासिक धर्म लाभ विधेयक (2018, निजी सदस्य विधेयक) ने मासिक धर्म अवकाश का भुगतान करने का प्रस्ताव रखा, लेकिन इसे सरकारी समर्थन नहीं मिला। कंपनियों को मासिक धर्म अवकाश का भुगतान करना चाहिए और कार्यस्थल स्वच्छता सहायता सुनिश्चित करनी चाहिए। जोमैटो ने 2020 में मासिक धर्म अवकाश की शुरूआत करके निजी क्षेत्र में एक मिसाल कायम की। सैनिटरी उत्पाद निमार्ताओं के लिए विस्तारित निमार्ता जिम्मेदारी मानदंडों को लागू करने से कचरे में कमी लाने में मदद मिल सकती है। मासिक धर्म के बारे में बातचीत को बदलने के लिए स्थानीय नेताओं, बुजुर्गों और धार्मिक हस्तियों को शामिल करने वाली समुदाय-आधारित पहल विकसित करें। मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में चर्चा को और अधिक सामान्य बनाने के लिए शैक्षिक सेटिंग्स और मीडिया में सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त संदेश का उपयोग करें।

## दैनिक पंचांग

11 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




मंगलवार 2025 वर्ष का 70 वा दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु शिशिर।
विक्रम संवत् 2081 शक संवत् 1946
मास फाल्गुन पक्ष शुक्ल
तिथि द्वादशी 08.15 बजे को समाप्त।
नक्षत्र आश्लेषा 02.16 बजे रात्र को समाप्त। योग अतिगण्ड 13.18 बजे को समाप्त। करण बालव 08.15 बजे तदनन्तर कौलव 20.40 बजे को समाप्त।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.27 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मेष | 07.57 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 09.37 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.36 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 13.49 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.05 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.17 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.28 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.42 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 00.58 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मकर | 03.04 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.50 बजे से |

चन्द्रायु 11.0 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 03° 42'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872280
जूलियन दिन 2460745.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना रमजान
तारीख 10
विशेष प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### मारपीट में सात लोग हुए घायल अस्पताल में भर्ती



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत नया टोला भवानी चौक में सोमवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष के महिला समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती कराया गया है। घायल में मो जाफर 38 वर्षीय, मो सादिर 36 वर्षीय, गुलजरी बीबी 25 वर्षीय, मो सफरुद्दीन 45 वर्षीय, सोहिदा खातून 22 वर्षीय, सुबिका खातून 14 वर्षीय, बीबी फिरोज 52 वर्षीय है। जहां घायल व्यक्ति को मरने वाला शेख फरहाद, शेख मुन्ना, शेख सोहेब, शेख असगर, बीबी अख्तरी, बीबी मुन्नी, बीबी चुन्नी खातून, बीबी अंगूरी ने मारा है। इधर घायल व्यक्ति ने जिरवाबाड़ी थाना में आवेदन देकर मामले में जांच की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### साहेबगंज से 45 किसानों का दल अंतर-राज्यीय परिभ्रमण के लिए हुआ रवाना

**साहिबगंज:** आत्मा समेति सहाय अनुदान योजना के तहत साहेबगंज जिले के 45 किसानों का एक दल तीन दिवसीय अंतर–राज्यीय परिभ्रमण के लिए बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर (बिहार) रवाना हुआ। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा प्रमोद एक्का, जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ अभिजीत शर्मा, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता तथा उप परियोजना निदेशक, आत्मा मंटू कुमार ने संयुक्त रूप से बस को हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। विदित हो कि दिनांक 10 से 12 मार्च तक बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर में कृषि मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस परिभ्रमण का उद्देश्य किसानों को आधुनिकतम कृषि तकनीकों से अवगत कराना, पड़ोसी राज्य के किसानों से विचारों का आदान–प्रदान करना और नवीन कृषि नवाचारों को समझकर अपने जिले में उन्हें अपनाने के लिए प्रेरित करना है।इस दल का नेतृत्व आत्मा कार्यालय, साहेबगंज के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक कंचन कुमार सुमन कर रहे हैं। इस मौके पर जिला कृषि कार्यालय एवं आत्मा कार्यालय के पदाधिकारी, कर्मी एवं परिभ्रमण में भाग लेने वाले किसान उपस्थित रहे।

### दामाद ने ससुर को मारी गोली



**साहिबगंज:** जिले के राजमहल तीनपहाड़ मुख्य पथ पर तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के मुरली खैरबन्नी मोड़ के समीप रविवार की शाम करीब 7 बजे दामाद ने ससुर को गोली मार दी। पारिवारिक विवाद में हुई इस फायरिंग में ससुर गंभीर से घायल हो गया। स्थानीय राहगीर एवं ग्रामीणों की मदद से उसे तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। चिकित्सकों के मुताबिक, गोली पीठ में फंस गयी है। तीनपहाड़ के लोगाई गांव में हुई घटना तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के लोगाई गांव के सुबोल कर्मकार (55) वर्षीय और उसके दामाद गंगा दास के बीच परिवारिक विवाद हो गया। विवाद के दौरान ही दामाद ने ससुर को गोली मार दी। सूचना मिलते ही एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी और तीनपहाड़ के थाना प्रभारी गुलशन गौरव पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।

# सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**दुमका :** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। पहली सड़क दुर्घटना में मामा-भांजा की मौत हो गई है। वहीं दूसरी ओर मौसेरे भाई की शादी से लौट रहे बाइक सवार को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पहली घटना जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र के फुलजोरी गांव के पास घटी। जहां ऑटो रिक्शा और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। मृतकों की पहचान सचिन मोसाद और ढालू संतरा के रूप में हुई है। जबकि घायल अरविंद संतरा को इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों युवक रामगढ़ थाना क्षेत्र के ही कणहारा गांव के रहने वाले हैं। सुरजाहु पर्व का प्रसाद खाने अपने रिश्तेदार के घर हंसडीहा जा रहे थे। दोनों मृतक ढालू संतरा और सचिन मोसाद आपस में मामा भांजा हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना रविवार रात करीब एक बजे हुई। दुर्घटना में दीपक भंडारी की मौत हो गई है। मृतक दीपक जामा थाना क्षेत्र के लकड़ापहाड़ी गांव का निवासी था। वह अपने मौसेरे भाई के शादी में शामिल होकर दुमका आ रहा था। घर लौटने के क्रम में उसकी बाइक को पीछे से एक ट्रक ने ठोकर मार दी। इससे वह सड़क पर गिर गया। लेकिन ट्रक ने उसकी कमर के नीचे कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## होली शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर समाहरणालय सभागार में हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** आगामी होली पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने बैठक में सभी प्रखंडों के संवेदनशील क्षेत्रों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए और शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जाए।इसके अलावा बैठक में शराब के अवैध व्यापार और बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के उपाय सुनिश्चित करने और शांति समिति की बैठकें आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने आम जनता से अपील की वे प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें एवं सोशल मीडिया पर अभद्र फोटो, वीडियो पोस्ट से बचें। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्ण सतर्कता बरतने का संकल्प लिया।

## विधायक ने ऑनलाइन दाखिल खारिज कार्य समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निसात आलम ने झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन से उनके रांची कार्यालय में मुलाकात कर पाकुड़ विधानसभा में पिछले 3 महीने से बाधित ऑनलाइन दाखिल खारिज प्रक्रिया ठीक करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। विधायक निसात आलम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बताया कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में ऑनलाइन दाखिल खारिज झारभूमि वेबसाइट के माध्यम से की जाती है लेकिन इसमें जनवरी माह से काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा है और लोगों को कई महत्वपूर्ण कार्य नहीं हो रहा है। दाखिल खारिज का सारी प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी करने के बाद राजस्व कर्मचारी के लॉगिन आईडी से अंचल निरीक्षक के लॉगिन आईडी में फॉरवर्ड नहीं हो रहा है। इसमें केस ऑफ वेरिफिकेशन क्लिक करने पर एरर मैसेज 504 गेटवे टाइम आउट प्रदर्शित होता है और आगे फॉरवर्ड नहीं होता है। विधायक निसात आलम ने कहा कि मामले के संज्ञान में आते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आदेश देकर इस समस्या का जल्द समाधान करने का निर्देश दिया है। विधायक निशात आलम ने कहा कि पाकुड़ विधानसभा की एक-एक समस्या के समाधान को लेकर हम लगातार प्रयासरत हैं सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और उसके समाधान को लेकर प्रयास करते हैं उनके नेतृत्व में झारखंड के चौमुखी विकास के साथ पाकुड़ का भी चौमुखी विकास करना हमारा एकमात्र लक्ष्य है।

## ऑटो रिक्शा और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत, दो घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सोमवार को भीषण सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि 6 लोग जख्मी हो गए। मिली जानकारी के अनुसार हादसा बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो बरहेट मुख्य सड़क के तेलो गांव के पास ऑटो रिक्शा और मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार टक्कर से हुआ है। मोटरसाइकिल सवार तीन युवक बिना हेलमेट पहने ही मेला घूम कर घर आ रहे थे और इसी दौरान या हादसा हुआ। मृतक प्रेमचंद के सिर पर गंभीर चोट लगी मृतक की पहचान फूलभंगा निवासी 26 वर्षीय प्रेमचंद मुर्मू के रूप में की गई। हादसे में प्रेमचंद के सिर पर गंभीर चोट लगी और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि उसके साथ मोटरसाइकिल पर सवार गंगाराम सोरेन और सिमोन हांसदा गंभीर रूप से घायल हो गया।

**आमने–सामने की टक्कर से हुई घटना**

तीनो युवक मंगरुटीकर से मेला देखकर अपने घर फुलभंगा जा रहे थे। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही ऑटो रिक्शा से मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस घटना में ऑटो रिक्शा सवार टोक बास्को मिजाचौकी निवासी संगीता पहाड़ीन 14 वर्षीय, रूबी पहाड़ीन व बोढ़बांध (बरहेट) निवास 2 वर्षीय बच्ची पार्वती कुमारी और तीनपहाड़ जा रही अरगोड़ी निवासी शिला पहाड़ीन 30 वर्षीय, शेफाली पहाड़ीन घायल हो गई।

**सिमोन हांसदा सदर अस्पताल रेफर**

सभी घायलों को बोरियो सामुदायिक केंद्र पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर विनोद कुमार ने सभी घायलों का इलाज किया। वहीं गंभीर रूप से घायल सिमोन हांसदा का प्राथमिक उपचार कर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही बोरियों पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटना की सूचना घायलों एवं मृतक के परिजनों को दे दिया।

## कुपोषण एवं एनिमिया से निबटने के लिए पोषण जागरूकता रथ को किया रवाना




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में समर अभियान योजना 2025 के अंतर्गत उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, विशेष कार्य पदाधिकारी एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा कुपोषण एवं एनिमया से निपटने के लिए पोषण जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि पोषण रथ के द्वारा बच्चों के कुपोषण से बचाव, एनीमिया से बचाव एवं कुपोषण मुक्त झारखंड के तहत झारखंड सरकार के समर कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह रथ कुपोषण और एनीमिया से निपटने के लिए जागरूकता पैदा करेगा, खासकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए। जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को कुपोषण के कारणों, लक्षणों और रोकथाम के बारे में जानकारी दी जाएगी। ज्ञात हो कि यह जागरूकता रथ विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों और गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करेगा, साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में होने वाली गतिविधियों के बारे में भी जानकारी देगा।

# थाना में होली को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



चांडिल : तिरुलडीह थाना परिसर में सोमवार को होली त्यौहार को लेकर शांति समिति की एक बैठक कुकड़ू प्रखंड की प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कुकड़ू अंचलाधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान भी मौजूद थे। वहीं, बैठक का संचालन तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने किया।

**आपसी भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील**

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला एवं अंचलाधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा होली के इस पर्व को खुशियों के साथ और एक दूसरे को गले लगाकर मनायें एवं नशे से दूर रहें। साथ ही लोगों से प्रशासन के साथ सहयोग की अपील की ताकि होली एक सुखद और शांतिपूर्ण माहौल में मनाई जा सके। इस दौरान दोनों ने होली की बधाई भी दी।

**हुड़दंगियों व अशांति फैलाने वालों पर रहेंगी नजरः थाना प्रभारी**

बैठक में तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने होली को आपसी भाईचारे और रंगों का त्यौहार बताते हुए कहा कि इसे सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार भी होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाई जाएगी, जैसा कि पिछले साल हुआ था। थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने कहा कि तेज बाइक राइडिंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य इस पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना है। हुड़दंगियों व अशांति फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। थाना प्रभारी ने किसी भी तरह की आपवाह से लोगों को दूर रहने को कहा है। साथ ही उन्होंने लोगों से किसी भी तरह की अप्रिय घटना होने पर इसकी सूचना पुलिस को देने की अपील किया है।

**बैठक में ये जनप्रतिनिधि थे मौजूद**

इस मौके चौड़ा मुखिया प्रतिनिधि रामलाल सिंह मुंडा, उप मुखिया लाल मोहम्मद, गुंदलीडीह के ग्राम प्रधान सागर महतो, सपादा के ग्राम प्रधान पीताम्बर सिंह मानकी, झामुमो नेता इंद्रजीत महतो, अब्दुल रशीद अंसारी, गाफिर अंसारी, बकारकुड़ी के ग्राम प्रधान रवि प्रामाणिक, मनोज कुमार मछुआ, भुतनाथ सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मध्य विद्यालय माचा में 99 विद्यार्थियों ने 8वीं बोर्ड की परीक्षा दी, एक अनुपस्थित



**पटमदा :** जैक की ओर से आयोजित 8 वीं बोर्ड परीक्षा सोमवार को पटमदा व बोड़ाम के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। तनावमुक्त तथा कदाचार रहित परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को पटमदा प्रखंड के मध्य विद्यालय माचा में केंद्राधीक्षक सीउली माजी ने परीक्षार्थियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। सीउली माजी ने परीक्षा देने आए सभी परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश करने में मदद की। इस मौके पर वीक्षक के रूप में प्रबोध कुमार महतो,सहदेव दास ,गोपेश्वर रजक,सुभाष चंद्र महतो,अरविंद कुमार, सीमा दे,बेला रानी महतो भी उपस्थित रहे। पटमदा प्रखंड में 14 तथा बोड़ाम में 08 परीक्षा केंद्र बनाया गया था ।सभी परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के लिए केंद्राधीक्षक के द्वारा मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया गया । उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र में निकटतम मध्य विद्यालय के माध्यम से मध्याह्न भोजन कराया गया। सभी केंद्र पर शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुई ।

### मिठाई एवं खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता की जांच हुई



**पाकुड़ :** जिले में आगामी होली पर्व के मद्देनजर मिठाई एवं खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच आज खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेम्ब्रम द्वारा की गई। मौके पर उन्होंने बताया कि पर्व त्योहारों में मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ जाती है। पनीर, कलाकंद मिठाई का नमूना संग्रह किया गया एवं खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजा गया। गलत पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। सभी खाद्य कारोबारियों को साफ सफाई एवं खाद्य रंगों का इस्तेमाल सीमित मात्रा में करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कर्मियों को अनिवार्य रूप से हेयर नेट या टोपी, एप्रोन लगाकर ही खाद्य सामग्री तैयार करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर उन्होंने कहा कि यह जांच अभी लगातार जारी रहेगा।

### चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत पर जिला क्रिकेट संघ ने मनाई खुशी



**साहिबगंज:** आईसीसी चैंपियन ट्रॉफी में न्यूजीलैंड पर भारत की बड़ी जीत पर सोमवार को जिला क्रिकेट संघ ने सिदो–कान्हू स्टेडियम में हर्ष सभा का आयोजन किया गया। जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा ने सिद्धू कान्हू स्टेडियम में क्रिकेट खिलाड़ियों, समस्त अतिथियों एवं क्रिकेट संघ से जुड़े मेंबर के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा ने साहिबगंज जिला और पूरे झारखंड राज्य की ओर से टीम इंडिया को 12 साल बाद चैंपियन ट्रॉफी की जीत की बधाई दी। वहीं आगे भी टीम इंडिया के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, सुरेश शाह, अशोक चौधरी, चेतन भरतिया, जय प्रकाश सिन्हा, अमित तिवारी, सतीश सिन्हा, अशफाक आलम, चंदन यादव, जीत सिंह, प्रभाकर कुमार, सागर सुमन, श्याम रंजन तिवारी, सहित क्रिकेट खिलाड़ी मौजूद थे।

### बाल गृह बालक के बच्चों ने किया साइंस सेंटर का भ्रमण



**साहिबगंज:** सोमवार को बाल कल्याण समिति के निर्देश पर स्थानीय विकास भारती बाल गृह (बालक) के सभी बच्चों को साइंस सेंटर का भ्रमण कराया गया। बच्चों में खुशियों का माहौल था, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अब्दुल सुभान, सदस्य डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी बालगृह के अधीक्षक दिवाकर कुमार के नेतृत्व में सभी बच्चों को साइंस सेंटर भ्रमण करने के साथ पूरी जानकारी दी गई। इन बच्चों को स्नेक्स आदि भी उपलब्ध कराया गया। बच्चों ने बताया कि इस प्रकार से उन्हें पहली बार घूमने का अवसर मिला है और साइंस के विभिन्न वस्तुओं को देखकर उनमें बहुत खुशी भी मिल रही है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्य ने बताया कि ऐसे बच्चे जो परिवार से अलग हैं उन्हें इस प्रकार के भ्रमण से काफी लाभ मिलता है और इन बच्चों में सर्वोत्तम विकास भी होता है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त द्वारा इस केंद्र का निर्माण बच्चों के सर्वोत्तम विकास हेतु किया गया है और जल्द ही दिव्यांग बच्चों का भी हमलोग भ्रमण कराएंगे। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति सदस्य दिनेश शर्मा, बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी, चाइल्ड हेल्पलाइन के मोहम्मद इकबाल बालगृह के रंजीत वर्मा उपस्थित थे।

# बिटकॉइन के भाव में आई गिरावट, क्रिप्टो बाजार के निवेशक हुए निराश

नई दिल्ली।

बिटकॉइन के भाव में सोमवार को भारी गिरावट देखने को मिली। यह गिरावट तब हुई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के लिए एक स्ट्रैटेजिक बिटकॉइन रिजर्व बनाने का आदेश दिया है। इसके बाद बिटकॉइन की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। सोमवार को बिटकॉइन की कीमत 5.47 फीसदी गिरकर 81,712 डॉलर पर आ गई। यह रिजर्व उन बिटकॉइन से भरा जाएगा जो अपराधिक और सिविल केस में जब्त किए गए हैं।

अमेरिकी सरकार का अतिरिक्त बिटकॉइन खरीदने की कोई योजना नहीं है। पिछले गुरुवार को इस रिजर्व की घोषणा के बाद, क्रिप्टो मार्केट में निवेशक निराश हो गए, क्योंकि सरकार ने इसके लिए बड़ा कदम नहीं उठाया। सोमवार को दूसरे क्रिप्टो करेंसीज जैसे ईथर और एक्सआरपी की कीमतें भी गिर गईं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुबह 9-43 बजे तक दोनों करेंसीज करीब 7.5 फीसदी नीचे चले गए। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था कि वह स्टेबलकॉइन्स के लिए नियम बनाने के प्रयासों का समर्थन करेंगे ताकि अमेरिकी डॉलर दुनिया की सबसे मजबूत करेंसी बना रहे।



ट्रंप और क्रिप्टो जार डेविड सैक्स ने वाशिंगटन में क्रिप्टो उद्योग के बड़े लोगों के साथ बैठक की। इस बैठक में ट्रंप ने कहा कि मैं कांग्रेस के उन नेताओं का पूरा समर्थन करता हूं जो डॉलर-बैक्ड स्टेबलकॉइन्स और डिजिटल एसेट्स मार्केट के लिए नियम बनाने पर काम कर रहे हैं। अमेरिका ट्रेजरी सेक्रेटरी ने कहा कि वह बाइडेन सरकार के बनाए नियमों को अपडेट करने के लिए रेगुलेटर्स के साथ मिलकर काम करेंगे। ट्रंप ने बाइडेन सरकार पर अरबों डॉलर के बिटकॉइन बेचने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी सरकार ऐसा नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में अमेरिकी सरकार ने बेवकूफी में हजारों बिटकॉइन बेच दिए थे, जिनकी कीमत अरबों डॉलर थी अगर उन्हें नहीं बेचा जाता तो आज स्थिति कुछ और होती।

# एफएचआरएआई ने कहा- होटल में खाद्य और पेय सेवाओं पर जीएसटी मंजूर नहीं

नई दिल्ली ।

भारतीय फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (एफएचआरएआई) होटलों को होटल कमरों के किराये से खाद्य और पेय सेवाओं पर गुडस एंड सेर्विस टैक्स (जीएसटी) को अलग करने की मांग कर रहे हैं। एफएचआरएआई के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में होटलों को एक्सेस टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाना पड़ता है, जिसका शुल्क 18 फीसदी जीएसटी होता है। उन्होंने इसे अनुचित और चुनौतीपूर्ण बताया और एक फ्लेक्सिबल सिस्टम की मांग की है। जीएसटी कार्उंसिल ने हाल ही में कई उत्पादों और सेवाओं पर जीएसटी की दरों में बदलाव किया था। इससे ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन में उछाल आया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, फरवरी में 1.84 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी कलेक्शन हुआ है। बता दें कि कई प्रोडक्ट्स और सर्विसेज पर अलग-अलग जीएसटी रेट्स को लेकर आवाजे उठती रही हैं और सरकार ने समीक्षा के बाद इनमें बदलाव किया है। जीएसटी कार्उंसिल की बैठक में कई उत्पाद और सेवाओं पर जीएसटी की दरों युक्तिसंगत बनाया गया है। इससे पहले फरवरी में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन में 9.1 फीसदी का उछाल आया है।

# नंबर-1 स्कूटर का ताज ओला इलेक्ट्रिक का ताज छिना

**नई दिल्ली ।** देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी ओला इलेक्ट्रिक का ताज अब छिन चुका है। दरअसल, कुछ महीनों से बजाज चेतक और टीवीएस आईक्यूब के मॉडल लगातार ओला के करीब पहुंच रहे थे। ऐसे में अब इन दोनों कंपनियों ने इसमें कामयाबी हासिल कर ली है। खासकर, बजाज चेतक को इसमें बड़ी सफलता मिली है। ये इलेक्ट्रिक स्कूटर अब देश की नंबर-1 मॉडल भी बन गया है। बजाज चेतक इलेक्ट्रिक की सेल्स की बात करें तो कंपनी ने पिछले महीने 21,335 यूनिट बेचीं। अभी कंपनी के पोर्टफोलियो में चेतक इलेक्ट्रिक अकेला मॉडल है, जिसे कई अलग बैटरी पैक और वैरिएंट में खरीदा जा सकता है। इसे साल-दर-साल के आधार पर 81प्रतिशत की दमदार ग्रोथ भी मिली है। बजाज ऑटो की फरवरी में अपने सेगमेंट में 28प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी रही। वहीं, 11 महीने में 1,95,651 यूनिट की रिटेल सेल्स के साथ इसे साल-दर-साल के आधारा पर 121 प्रतिशत ग्रोथ मिली है। उम्मीद है कि मार्च 2025 में चेतक की 25,000 यूनिट और बिकेंगी। इसका मतलब है कि फाइनेंशियल ईयर 2025 में इसकी कुल बिक्री 2,20,000 यूनिट के आसपास हो सकती है। चेतक की नई 35 सीरीज पूरी तरह से नए प्लेटफॉर्म पर बेस्ड है। इसमें एक बड़े 3.5 केडब्ल्यूएच अंडरफ्लोर बैटरी पैक को इंटीग्रेटेड किया है। यह प्लेसमेंट न केवल स्कूटर के वजन और हैंडलिंग में बेहतर करता है, बल्कि 35 लीटर अंडर-सीट स्टोरेज भी खाली करता है। इसमें हेलमेट के साथ कई जरूरी चीजें आसानी से रख पाएंगे। नया बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम बेहतर परफॉर्मेंस और इफिसियंसी को सुनिश्चित करती है। कंपनी का दावा है कि ये सिंगल चार्ज पर 125 किमी की रियल रेंज देगा। जबकि इसकी रेंज को लेकर कंपनी ने 153 किमी का दावा किया है। 950-वॉट चार्जर की बदौलत ये फास्ट चार्ज होता है। जिससे ये सिर्फ 3 घंटे और 25 मिनट में 80 प्रतिशत चार्ज हो जाता है।

इस सीरीज एक कलर टीएफटी डिस्प्ले मिलता है जिसमें टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, कॉल कंट्रोल और म्यूजिक मैनेजमेंट के फीचर्स दिए हैं, जो स्मार्टफोन के साथ आसानी से कनेक्ट हो जाता है। राइडर चलते-फिरते म्यूजिक को कंट्रोल कर सकते हैं। इसके डिस्प्ले पर सीधे रियल-टाइम नोटिफिकेशन भी मिलते हैं। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की टॉप स्पीड 73 किमी प्रति घंटा है। यह ईको और स्पोर्ट्स मोड के साथ आता है।

# विदेशी निवेशकों ने सिर्फ 7 सेक्टर्स से ही 96 फीसदी निकासी की

**- सात क्षेत्रों में एफआईआई की बिकवाली 2.04 लाख करोड़ रुपये रही**




नई दिल्ली ।

भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का दौर जारी है। मार्च के पहले सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों से 24,753 करोड़ रुपये निकाले। फरवरी में विदेशी निवेशकों ने 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये मूल्‍य के शेयरों की बिकवाली की। खास बात यह है कि पिछले पांच महीनों में भारत में सात क्षेत्र एफपीआई की सबसे ज्यादा बिकवाली की चपेट में आए हैं और कुल एफपीआई बिक्री में से 96 फीसदी तो केवल इन सात सेक्टरों में ही हुई है। विदेशी निवेशकों ने जिन सेक्टर के शेयर सबसे ज्यादा बेचे हैं, उनमें वित्तीय सेवाएं, तेल और गैस, ऑटोमोटिव (ऑटो) और ऑटो कम्पोनेंट, एफएमसीजी, उपभोक्ता सेवाएं, निर्माण और बिजली शामिल हैं। इन सात क्षेत्रों में एफआईआई की बिकवाली 2.04 लाख करोड़ रुपये रही है, जो कुल बिक्री का 96 फीसदी है।

विदेशी निवेशकों ने 52,488 करोड़ रुपये मूल्य के वित्तीय सेवा क्षेत्र के शेयर बेचे। तेल और गैस शेयरों में 50,565 करोड़ रुपये, ऑटो शेयरों में 32,067 करोड़ रुपये, एफएमसीजी में 28,108 करोड़ रुपये और उपभोक्ता सेवा शेयरों में 17,005 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। बिकवाली के बावजूद, वित्तीय सेवा क्षेत्र में एफपीआई का सर्वाधिक सेक्टोरल आवंटन (30.83 फीसदी) बना रहा।

इसके बाद 9.87 फीसदी के साथ आईटी और 7 फीसदी के साथ तेल, गैस एवं उपभोग योग्य ईंधन का स्थान रहा है। भारतीय शेयरों की भारी बिकवाली के बीच कुछ सेक्टरों में एफआईआई ने पैसा भी लगाया है। जिन सेक्टरों में निवेश किया है उनमें सूचना प्रौद्योगिकी, रियल एस्टेट और दूरसंचार प्रमुख हैं।

# आईएमएफ से कर्ज लेकर ब्रिक्स बैंक में निवेश करेगा पाकिस्तान!

**- भारत पाकिस्तान की योजना पर जताएगा आपत्ति**




नई दिल्ली ।


अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पिछले वर्ष पाकिस्तान को दी गई 7 अरब डॉलर की बेलआउट पैकेज की पहली समीक्षा शुरू कर दी है। इस बीच भारत, ब्रिक्स देशों द्वारा स्थापित न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) में लगभग 600 मिलियन डॉलर का निवेश करने की पाकिस्तान की योजना पर आपत्ति जताने के लिए तैयार है। भारत यह आपत्ति ऐसे समय में उठाएगा, जब कर्ज की दूसरी किस्त पर आईएमएफ बोर्ड विचार करेगा।

भारत आमतौर पर आईएमएफ बोर्ड की बैठकों में पाकिस्तान के कर्ज अनुरोधों पर मतदान से बचता रहा है। हालांकि, जनवरी 2024 में जब आईएमएफ बोर्ड पाकिस्तान के 3 बिलियन स्टैंड-बाय अरेंजमेंट की समीक्षा कर रहा था, तब भारत ने आईएमएफ से सख्त निगरानी की मांग की थी। भारत ने आईएमएफ से कहा था कि उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इमरजेंसी मदद का इस्तेमाल पाकिस्तान डिफेंस खर्च और विदेशी कर्ज चुकाने के लिए न करे। पाकिस्तान सरकार की आर्थिक समन्वय समिति ने शंघाई स्थित न्यू डेवलपमेंट बैंक में 582 मिलियन डॉलर के शेयर खरीदने की योजना बनाई है, जिससे पाकिस्तान को बैंक में 1.1 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी। यह कदम भारत की नई चिंता का कारण है। एनडीबी की स्थापना 2015 में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका द्वारा की गई थी और यह 2016 से सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई ।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 41 पैसे की गिरावट के साथ ही 87.36 रुपये पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 30 पैसे गिरकर 87.25 पर आ गया। अमेरिकी मुद्रा के छह महीने के निचले स्तर से उबरने और व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, इससे भी रुपया गिरा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में आई कमजोरी और विदेशी कोषों की लगातार निकासी से भी रुपये पर दबाव पड़ा है जिससे वह टूटा है। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण रुपये को कुछ कुछ समर्थन मिला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.24 पर कमजोर खुला और शुरुआती सौदों में डॉलर के मुकाबले 87.25 पर आ गया, जो पिछले बंद स्तर से 30 पैसे की गिरावट को दिखात है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे बढ़कर 86.95 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी बढ़कर 103.84 पर था।




## पेप्सिको का भारत में अपना राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य

**- दो और संयंत्र खोलने की योजना**

**नई दिल्ली ।** पेप्सिको ने घोषणा की है कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में अपने राजस्व को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि पेप्सिको भारत को एक प्रमुख बाजार के रूप में देख रही है और इसे वृद्धि के इंजन के रूप में मान रही है। अधिकारी ने कहा कि पेप्सिको भारत में तीन बाजारों की शीर्ष तीनों में से एक है, जहां उन्होंने दहाई अंक की वृद्धि देखी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कंपनी उत्तर प्रदेश और असम में नए संयंत्रों में निवेश किया है और दो अतिरिक्त संयंत्र खोलने की योजना बना रही है। पेप्सिको के भारत एवं दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने कहा है कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में अपना राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी भारत को एक प्रमुख बाजार के रूप में देख रही है, जहां वह अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए आक्रामक निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत पेप्सिको के लिए वैश्विक राजस्व बढ़ाने में वृद्धि का इंजन होगा, क्योंकि यह कंपनी के लिए शीर्ष तीन बाजारों में से एक है, जहां वह दहाई अंक की वृद्धि दर्ज कर रही है।

## रेटिंग एजेंसी ने अडानी ग्रीन एजर्नी सेल्यूशंन की रेटिंग को नकारात्मक किया

**मुंबई ।** रेटिंग एजेंसी ने अडानी ग्रीन एजर्नी सेल्यूशंन की रेटिंग आउटलुक को नकारात्मक किया है। इसकारण अमेरिकी जांच को माना जा रहा है, जिससे ग्रुप की कॉरपोरेट गवर्नेंस को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। फिंच की 9 मार्च की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी जांच के नतीजे अडानी एनर्जी की रेटिंग पर निकट या मध्यम अवधि में नकारात्मक असर डाल सकते हैं। हालांकि, एजेंसी ने अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई को नेगेटिव वॉच से हटा दिया है, लेकिन रेटिंग एजेंसी ने चेतावनी दी है कि यह जांच इसकी रेटिंग पर दबाव बना सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, रेटिंग एजेंसी ने ग्रीन एजर्नी सेल्यूशंन और अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई की रेटिंग बीबीबी- पर बरकरार रखी है, जो कि जंक रेटिंग से एक पायदान ऊपर है। रेटिंग एजेंसी के विश्लेषकों, ने कहा कि वे जांच की प्रगति पर नजर बनाए रखे है। अदाणी ग्रुप को लेकर रेटिंग एजेंसी की ताजा रिपोर्ट से पता चलता है कि कंपनी अभी भी विदेशी निवेशकों के भरोसे की चुनौती से जूझ रही है। यह स्थिति अमेरिकी न्याय विभाग की जांच के बाद और गंभीर हो गई है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने नवंबर 2024 में आरोप लगाया था कि गौतम अदाणी और उनके सहयोगियों ने भारतीय सरकारी अधिकारियों को करीब 2,075 करोड़ रुपये (250 मिलियन डॉलर) की रिश्वत देने का वादा किया था। यह कथित रिश्वत सौर ऊर्जा के ठेके पाने के लिए दी जानी थी। इसके अलावा, जब अदाणी ग्रुप अमेरिकी निवेशकों से पैसा जुटा रहा था, तब इस योजना को छिपाने की कोशिश भी की गई। हालांकि, अदाणी ग्रुप ने इन आरोपों को गलत बताया है और कहा है कि वह इस मामले में कानूनी कदम उठाएगा।

## आयात शुल्क को अपनी चिंता को लेकर सोपा ने लिखा केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री को पत्र

**नई दिल्ली ।**

भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की प्रक्रिया चल रही है। इस बीच भारत के सोयाबीन और खाद्य तेल उद्योग ने सोयाबीन उत्पादों पर मौजूदा आयात शुल्क बनाए रखने की मांग की है। यह मांग तब हुई हैं, जब भारत द्वारा अमेरिका के लिए आयात शुल्क में कटौती करने की चर्चा हो रही है। सोयाबीन उद्योग के प्रमुख संगठन सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) ने केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर मोदी सरकार से भारत के सोयाबीन और खाद्य तेल क्षेत्रों की चिंताओं और हितों का समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। सोपा ने भारत और अमेरिका के बीच होने वाले द्विपक्षीय समझौते के दौरान भारतीय सोयाबीन व खाद्य तेल उद्योग के हितों का ध्यान रखने के लिए सरकार से कुछ सिफारिशें की हैं। सोपा ने कहा कि हम भारत सरकार से सोयाबीन, सोयाबीन तेल और सोयाबीन खली पर मौजूदा आयात शुल्क बनाए रखने का आग्रह करते हैं। इन शुल्कों को कम करने से भारत में कम लागत वाले आयातों की बाढ़ आ सकती है, इससे भारत का घरेलू सोयाबीन उत्पादन कमजोर होगा। इस तरह के कदम से लगभग एक करोड़ सोयाबीन किसानों और संबंधित उद्योगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जिससे भारत के कृषि क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियां और बढ़ जाएंगी। खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता विशेष रूप से सोयाबीन, जहां हमारी उत्पादकता अमेरिका से बहुत कम है, को रियायती शुल्क पर आयात करने की अनुमति देना (जो वर्तमान में डब्ल्यूटीओ बाध्य दरों का लगभग आधा है) खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के हमारे लक्ष्य के लिए एक महत्वपूर्ण झटका होगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 217 , निफ्टी 92 अंक नीचे आया**

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 217.41 अंक करीब 0.29 फीसदी गिरकर 74,115.17 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 92.20 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी टूटकर 22,460.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 22 शेयर गिरे जबकि 8 शेयरों में बढ़त रही। सेंसेक्स दिन के दौरान 74,741.25 के शीर्ष स्तर तक पहुंच गया। कारोबार के अंत में बिकवाली का दबाव बढ़ने से सेंसेक्स 310.34 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी नीचे आकर 74,022.24 के निचले स्तर पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी 92.20 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी की गिरावट के साथ 22,460.30 पर खिसक गया।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इंडसइंड बैंक, जोमैटो, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर नीचे आये जबकि पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, आईटीसी, सन फार्मास्युटिकल्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर उछले। बाजार में 1147 शेयरों में बढ़त रही जबकि 2776 शेयरों फिसले। वहीं 140 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।




बाजार जानकारों के अनुसार वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते भी बाजार में गिरावट रही है। अमेरिका में बेरोजगारी दर और टैरिफ में बढ़ोतरी से भी निवेशकों में संशय का माहौल है।

इससे भी बाजार पर दबाव आया है। वहीं एशियाई और वैश्विक बाजारों की स्थिति भी अच्छी नहीं रहे। टोक्यो, शंघाई, हांगकांग और सियोल के बाजारों में मिला-जुला कारोबार हुआ। यूरोपीय बाजार मध्य सत्र के दौरान नीचे आये जबकि अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 2,035.10 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,320.36 करोड़ रुपए की इक्विटी खरीदी।

वहीं इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजार से मिलेजुले रुझानों के बीच ही बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत हुई। सेंसेक्स 142 अंक ऊपर आकर 74,474.98 पर खुला। वहीं निफ्टी भी 22,521.85 पर खुला।

# जोमैटो, स्विगी से प्लास्टिक पैकेट्स में खाना मांगना.....मतलब आपको अस्पताल पहुंचना

मुंबई ।

आजकल जोमैटो, स्विगी और अन्य ऑनलाइन फूड डिलीवरी सेवाओं से खाना डिलेवर करना आम बात है। घर बैठे स्वादिष्ट खाना डिलेवर करने की सुविधा ने जीवन को बहुत आसान कर दिया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आसान तरीका आपकी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है, खासकर जब खाना प्लास्टिक के पैकेट्स या कंटेनर्स में आता है? एक अध्ययन से पता चला है कि प्लास्टिक पैकेट्स में खाना खाने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, इसमें सबसे गंभीर समस्या हार्ट फेलियर का खतरा है।

दरअसल प्लास्टिक एक ऐसा पदार्थ है, जो धीरे-धीरे टूटकर छोटे-छोटे कणों में बदल जाता है। जब हम प्लास्टिक के कंटेनर या पैकेट में रखा हुआ खाना खाते हैं, तब वह छोटे प्लास्टिक के कण हमारे शरीर में चले जाते हैं। यह कण हमारे पेट की दीवारों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे सूजन और पेट के अंदर के अंगों पर बुरा असर पड़ सकता है। इसके अलावा, प्लास्टिक के पैकेट्स में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स शरीर में जाकर रक्त प्रवाह को प्रभावित करते हैं, जिससे दिल और अन्य अंगों को नुकसान हो सकता है। स्टडी में पाया गया है कि प्लास्टिक के कंटेनर में भोजन करने से हार्ट फेलियर का खतरा कई गुना बढ़ सकता है। शोध में वैज्ञानिकों ने दो प्रमुख शोध किए। पहले शोध में 3,000 से अधिक चीनी नागरिकों के खानपान की आदतों का विश्लेषण किया गया, जो नियमित रूप से प्लास्टिक के बर्तनों में खाना खाते थे। इस शोध में सामने आया कि इन लोगों में दिल से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा अधिक था। दूसरे शोध में, वैज्ञानिकों ने चूहों पर अध्ययन किया। चूहों को इसतरह के पानी में रखा गया, जिसमें काले प्लास्टिक के बर्तनों से केमिकल्स निकल रहे थे। लंबे समय तक इन चूहों को प्लास्टिक के संपर्क में रखने के बाद उसमें हार्ट फेलियर के लक्षण दिखाई दिए। इस शोध से यह निष्कर्ष निकला कि प्लास्टिक के बर्तन और पैकेट्स से निकलने वाले केमिकल्स स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं और दिल की बीमारियों का कारण बन सकते हैं। प्लास्टिक के पैकेट्स में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स जैसे बिस्फेनोल ए (बीपीए) और फथलेट्स शरीर में जाकर हार्मोनल असंतुलन का कारण बन सकते हैं। इसके अलावा, इन केमिकल्स से सूजन और रक्त प्रवाह में समस्या हो सकती है, जिससे दिल पर दबाव बढ़ता है।

## आरबीआई के एक फैसले से औधेंमुंह गिरा इस बैंक का शेयर


**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार में कारोबारी हफ्ते के पहले दिन इंडसइंड बैंक के शेयरों में भारी गिरावट दिखाई दी। शुरुआती कारोबार में स्टॉक 4.5 प्रतिशत तक गिर गया और निफ्टी के टॉप लूजर्स में शामिल रहा। हालांकि, निचले स्तरों से कुछ सुधार भी हुआ। इस गिरावट की बड़ी वजह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का हालिया फैसला और प्रमुख ब्रोकरेज फर्म्स की डाउनग्रेड रिपोर्ट रही। आरबीआई ने इंडसइंड बैंक के मौजूदा सीईओ सुमंत कथपालिया के कार्यकाल को सिर्फ 1 साल के लिए बढ़ाया है, जबकि बैंक ने 3 साल के कार्यकाल के लिए आवेदन किया था। इस फैसले के बाद निवेशकों में अनिश्चितता बढ़ी है कि आगे बैंक की लीडरशिप किस दिशा में जाएगी। आरबीआई के फैसले के बाद कई ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म्स ने बैंक के शेयर को डाउनग्रेड कर टारगेट प्राइस में कटौती की। ब्रोकरेज फर्म का मानना है कि सीईओ का सिर्फ 1 साल का कार्यकाल बैंक की रणनीतिक स्थिति के लिए नकारात्मक संकेत है। स्टॉक की रेटिंग बाय से घटाकर अंडरपरफॉर्म कर दी और टारगेट प्राइस को 1,250 से घटाकर 850 कर दिया। एक अन्य ब्रोकरेज फर्म ने टारगेट प्राइस को 1,200 से घटाकर 1,080 कर दिया लेकिन बाय रेटिंग बनाए रखी। ब्रोकरेज के अनुसार, बैंक उत्तराधिकार प्रक्रिया शुरू कर सकता है लेकिन स्पष्टता आने में समय लगेगा।

## रियल मनी गेमिंग उद्योग निकायों ने आचार संहिता पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली ।** ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग कंपनियों के प्रतिनिधित्व करने वाले उद्योग निकायों ने साझा क्यू-कोआर्डिनेटेड इंटरेस्ट्स इन गेमिंग (सीओई) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस आचार संहिता में एआईजीएफ, ईजीएफ, और एफआईएफएस शामिल हैं। सीओई के तहत, सदस्य कंपनियों को केवाईसी सत्यापन और खर्च सीमा निर्धारित करने जैसी उपयोगकर्ता सुरक्षा और जिम्मेदार गेमिंग प्रथाएं बढ़ाने की जिम्मेदारी होगी। इन गेमिंग उद्योग निकायों के सदस्यों में लीडर्स जैसे ड्रीम11, माई11सर्किल, खेलो फैंटेसी लाइव, एसजी11 फैंटेसी, विनजो और जंगली गेम्स शामिल हैं। ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ), फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स (एफआईएफएस) और ई-गेमिंग फेडरेशन (ईजीएफ) ने सीओई पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य जिम्मेदार गेमिंग और विज्ञापन नीतियों को पुष्टि करना और पूरे उद्योग में उपयोगकर्ता सुरक्षा के सही मानकों को सुनिश्चित करना है।

# तनिष्क से 25 करोड़ लूटकर भाग रहे अपराधियों से मुठभेड़

## आरा में 2 बदमाशों के पैर में लगी गोली, कुछ ज्वेलरी बरामद, 4 अपराधी भाग निकले





**आरा।** के तनिष्क शोरूम में सोमवार को 25 करोड़ की लूट हुई है। ये बिहार की अब तक की सबसे बड़ी लूट है। शोरूम के स्टोर मैनेजर कुमार मृत्युंजय ने बताया, 'शोरूम में 50 करोड़ से ज्यादा के जेवरात थे। अपराधियों ने 25 करोड़ के गहने लूट लिए हैं। लूट का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है।' जानकारी के मुताबिक, सुबह साढ़े 10 बजे अपराधियों ने शोरूम के दोनों फ्लोर पर लूटपाट की है। वे करीब 22 मिनट तक शोरूम में रुके रहे। अपराधियों ने घुसते ही शटर अंदर से बंद कर लिया। सभी की उम्र 25-26 साल बताई जा रही है। इस बीच शोरूम लूट कांड में छपरा फोरलेन पर बबुरा गांव के पास अपराधियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। जिसमें दो अपराधी घायल हुए हैं। गोली उनके पैर में लगी है। हालांकि मुठभेड़ के दौरान 4 अपराधी भाग निकले। पुलिस ने दोनों घायल अपराधियों के पास से कुछ गहने बरामद कर लिए हैं।भोजपुर के रद्ध राज ने बताया, 'पुलिस ने शोरूम के अंदर लूट की फोटो को व्हॉट्सऐप ग्रुप में शेयर की थी। बड़हरा थाना अध्यक्ष दल बल के साथ बबुरा छोटी पुल पर चेकिंग कर रहे थे, इसी बीच 3 बाइक पर 6 संदिग्ध तेजी से आरा-बबुरा से डोरीगंज की ओर जाते हुए दिखाई दिए। उन्हें रोकने का इशारा किया गया। सभी और तेजी से डोरीगंज की तरफ भागने लगे, जिसे बड़हरा थाना की गाड़ी ने घेर लिया।' 'रोकने की कोशिश की तो एक बाइक सवार धक्का मारते हुए भागने की कोशिश करने लगा। अपराधी बाइक छोड़कर भागने लगे। पुलिस उनका पीछा कर रही थी। इसी दौरान अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 2 अपराधियों के पैर में गोली लगी है। बदमाशों से 2 पिस्टल, 10 कारतूस, 2 बड़े झोले में तनिष्क शोरूम से लूटे गए जेवरात मिले हैं।' 'पकड़े गए आरोपियों के नाम सारण दियारा के रहने वाले विशाल गुप्ता और सोनपुर सेमरा के रहने वाले कुणाल कुमार है।'लूट के दौरान अपराधियों ने शोरूम के बाहर खड़े गार्ड के साथ मारपीट कर उनका हथियार भी छीन लिया। लूट नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक स्थित ब्रांच में हुई है। पटना से तनिष्क के अधिकारी भी आरा पहुंचे हैं। शोरूम के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ है। गार्ड ने आगे बताया- 'अपराधियों ने मेरे साथ मारपीट भी की। वो मेरी राइफल भी ले गए। शोरूम में रखे सोने-चांदी और हीरे के जेवरात बैग में भर लिए। लूट के दौरान बदमाशों ने सेल्समैन को भी पीटा है।' सुबह 10 बजे तनिष्क शोरूम खुला। 10.15 बजे साफ-सफाई का काम शुरू हुआ। 10.20 बजे 2 अपराधी शोरूम में दाखिल हुए। 10 मिनट बाद बाकी अपराधी अंदर घुसे।

# खाटू श्याम निशान यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़



**सहरसा।** फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी के शुभ अवसर पर सहरसा में मारवाड़ी समाज के श्याम परिवार ने भव्य निशान यात्रा निकाली। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। बड़ी दुर्गा स्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर से यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा शंकर चौक से शुरू होकर बंगाली बाजार, प्रशांत मोड़, गंगजला चौक, थाना चौक, डीबी रोड और मारूफगंज रोड होते हुए वापस मंदिर पहुंची। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में कीर्तन और जयकारे लगाए। महिलाएं हाथों में निशान लेकर पैदल चल रही थीं। शहर की सड़कों पर यात्रा को देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ जमा हुई। खाटू श्याम भक्त मंडल और श्याम परिवार के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। आदित्य मित्तल, रोहित तुलस्यान, विपुल दहलान, आनंद अग्रवाल, आनंद भीमसेरिया, मनीष पचारिया और राज अग्रवाल समेत कई भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा के समापन पर मंदिर में श्रद्धालुओं ने निशान समर्पित किए और प्रार्थना की।

# विधानसभा मार्च पर निकले छात्रों की पुलिस से झड़प



**पटना।** में सोमवार को विधानसभा मार्च के लिए निकले छात्रों की पुलिस से झड़प हो गई। जेपी गोलंबर के पास पुलिस ने रोक दिया। इसके बावजूद बैरिकेडिंग तोड़ते हुए प्रदर्शनकारी छात्र आगे निकल गए। इस दौरान ही पुलिस से झड़प हुई है। बड़ी संख्या में छात्र डाकबंगला चौराहे के पास पहुंचे हैं। यहां से पुलिसकर्मियों ने सभी को आगे बढ़ने नहीं दिया है। प्रदर्शनकारी छात्रों को हटा दिया गया है।प्रदर्शन में एनएसयूआई, एआईएसएफ, एसएफआई, सोशल जस्टिस आर्मी, डीवाईएफआई, एआईवाईएफ, युवा कांग्रेस, आप यूथ विंग, सीवाईएसएस संगठन शामिल है। शिक्षा एवं रोजगार समेत 10 सूत्री मांगों को लेकर छात्र निकले हैं। वे गांधी मैदान के कारगिल चौक से होते हुए विधानसभा मार्च के लिए निकले थे।छात्रों की 10 प्रमुख मांगे 1. पर्याप्त संख्या में शिक्षक - कर्मियों समेत सभी रिक्त पदों पर बहाली सुनिश्चित हो.2. शैक्षणिक सत्र नियमित कर एकेडमिक कैलेंडर लागू किया जाए.3. 70 वीं बीपीएससी परीक्षा रद्द कर पुनर्परीक्षा कराओ, पेपर लीक पर रोक एवं सख्त कानून सुनिश्चित करो.4. सभी विश्वविद्यालय में नियमित छात्र संघ चुनाव कराओ.5. राज्य सरकार के आदेशानुसार सभी छात्राओं एवं एससी-एसटी के छात्रों का निः शुल्क नामांकन सुनिश्चित करो. 6. सभी बेरोजगार को रोजगार या 10 हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता सुनिश्चित करो.7. पीएचडी नामांकन में पारदर्शिता बहाल करो. नॉन नेट फेलोशिप सुनिश्चित करो.8. ठेका भर्ती पर रोक लगाओ एवं ठेके पर बहाल कर्मियों को स्थायी करो.9. युवा आयोग का गठन करो.10. हर स्तर पर शुल्क वृद्धि पर रोक लगाओ.


# मिडिल स्कूल में उर्दू में कराई जा रही थी प्रेयर

## वीडियो बनाने पर टीचर को पीटा, पीड़ित बोले- मुस्लिम प्रिंसिपल ने बंद कराया हिंदी में प्रार्थना



**गया।** के आंती पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय में उर्दू में प्रार्थना कराए जाने और इसका वीडियो बनाए जाने के बाद एक टीचर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित टीचर अजय प्रसाद ने गांव के 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़ित टीचर ने आरोप लगाया कि मिडिल स्कूल में पहले हिंदी में प्रार्थना होती थी, लेकिन नई प्रिंसिपल सबीहा खातून के आने के बाद उर्दू में प्रार्थना कराई जा रही है। घटना के संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। नियमानुसार कार्रवाई होगी। अजय प्रसाद ने बताया कि स्कूल में कुल 8 टीचर हैं। फिलहाल, एक टीचर छुट्टी पर हैं। मेरे अलावा स्कूल की अन्य टीचर महिलाएं हैं। शनिवार सुबह स्कूल में हुए उर्दू में प्रार्थना का वीडियो मैंने बनाया था। किसी तरह इसकी जानकारी गांव के कुछ लड़कों को हुई। दोपहर 3:40 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद मैं स्कूल के बरामदे में बैठा था। इसी दौरान गांव के शोहराब, जावेद, ओबैद, राशिद, नन्हकू, माजिद, एहसान, जीशान और कैफ स्कूल में आए और मुझसे पूछा कि क्या तुमने उर्दू प्रार्थना का वीडियो बनाया है?अजय ने बताया कि जब मैंने उनके सवाल का जवाब हां में दिया और पूछा कि क्या बात है, तो आरोपियों ने गाली देना शुरू कर दिया और मेरी पिटाई कर दी। इस दौरान स्कूल में मौजूद किसी स्टाफ ने अपने किसी जानने वाले को घटना की जानकारी दी। फिर उन्होंने पुलिस को घटना के बारे में बताया। टीचर ने बताया कि मारपीट की सूचना के बाद पुलिस स्कूल में पहुंची और मुझे इलाज के लिए ले गई। फिर मेरे बयान के आधार पर आंती थाना में कांड संख्या 33/25 दर्ज कर लिया गया। शिक्षक अजय प्रसाद ने बताया कि घटना की सूचना ब्लॉक एजुकेशन अफसर को भी दी है। लेकिन अब तक उनकी ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई और न ही किसी तरह की कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। शिक्षक अजय प्रसाद ने बताया कि मिडिल स्कूल में उर्दू में प्रार्थना नहीं की जा सकती है। गांव के लोगों का कहना है कि ये स्कूल उर्दू स्कूल नहीं है। पहले से ही हिंदी भाषा में प्रार्थना होती आई है। लेकिन जबसे वर्तमान प्रभारी सबीहा खातून प्रधानाध्यापक ने पदभार संभाला है, तब से उर्दू भाषा में प्रार्थना (दुआ या नात) कराई जा रही है। इस बदलाव को लेकर गांव के लोगों में खासी नाराजगी है। इधर, डीईओ ओमप्रकाश ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराई जा रही है।

# 18 महीने से जेल में बंद कैदी बना शिक्षक



**गया ।** में 18 महीने से जेल में बंद एक कैदी ने टीचर बना है। शनिवार को बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री और गया के जिला प्रभारी नीतीश मिश्रा ने कैदी शिक्षक विपिन कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपा। कैदी नियुक्ति पत्र लेने पहुंचा तो उसके हाथ में हथकड़ी थी। कैदी को हथकड़ी लगाकर ही जेल से सांस्कृतिक केंद्र लाया गया था। फिर हथकड़ी लगाकर ही कैदी को वापस जेल भेजा गया। मोहनपुर प्रखंड के ऐरकी गांव के रहने वाले विपिन पर पोक्सो एक्ट की धारा में केस दर्ज है। हालांकि, अब तक आरोप तय नहीं हुआ है। विपिन को नियुक्ति पत्र मिलने के बाद उसे थाना लाया गया। यहां मीडिया से बातचीत करते हुए विपिन ने बताया कि 'साल 2023 में पटना के सगुना मोड़ स्थित एक प्राइवेट कोचिंग में पढ़ाता था। इसी दौरान एक लड़की से मारपीट के आरोप में जेल भेज दिया गया था। तब से लेकर अब तक जेल में ही बंद है। बेऊर जेल में रहते हुए TRI-3 की तैयारी की और परीक्षा पास की।' कड़ी सुरक्षा के बीच जेल से लाया गया कैदी बिहार सरकार ने TRI-3 के तहत नियुक्ति पत्र देने का ऐलान किया, तो सूची में विपिन कुमार का नाम भी था। प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा में उसे पटना के बेऊर जेल से गया लाया गया। मंच से विपिन को बुलाया गया तो वह हथकड़ी में मंच पर पहुंचा। विपिन ने बताया कि 'शिक्षक बनकर समाज की सेवा करना चाहता हूं। जेल से बाहर आते ही बच्चों को शिक्षित करने में अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे। पड़ोस के कोचिंग संस्थान ने षड्यंत्र रचा और मुझे फंसा दिया। नतीजतन मैं जेल पहुंच गया।' बिहार सरकार के मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि सरकार योग्य अभ्यर्थियों को उनका हक देने के लिए प्रतिबद्ध है। कैदी की यह कहानी समाज के लिए प्रेरणा बन सकती है। कार्यक्रम के दौरान हजारों अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।'

# पति से अनबन में पत्नी ने की खुदकुशी

**सहरसा।** में विवाहित ने पति से विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सदर थाना क्षेत्र के तिवारी टोला अवस्थित वार्ड 26 की है। मृतका की पहचान फाइनेंस कंपनी के मैनेजर अमृत सागर शुक्ला की पत्नी पूजा शुक्ला(27) के रूप में हुई है। पति ने बताया कि रविवार को पड़ोस में एक शादी का रिसेप्शन था। मैं अपने बच्चों के साथ वहां खाना खाने गया था। घर लौटने पर पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पूजा गुस्से में दूसरे कमरे में सोने चली गई। मैं भी बच्चों के साथ अलग कमरे में सो गया। फंदे से लटका मिला शव अमृत ने बताया कि सोमवार सुबह साढ़े 6 बजे पूजा के देर तक न जागने पर मैं उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया। कोई जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ा तो, अंदर पूजा का शव फंदे से लटका मिला। उसे तुरंत पास के मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतका के सास ने बताया कि उनके भतीजे की शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए मैं अपने पति के साथ पूर्णिया गई हुई थी। सुबह जब बेटे ने फोन पर बताया कि पूजा घर में फंदे से लटक कर जान दे दी है। जिसके बाद मैं घर वापस लौटी हूं। उन्होंने बताया कि पूजा के तीन बच्चे है, दो लड़के और एक लड़की।

# भाजपा विधायक बोले- होली के दिन मुस्लिम बाहर न निकलें




**पटना।** हार विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान बीजेपी विधायक हरिभूषण बचौल के बयान पर राजनीति गरमा गई है। दरअसल, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले बीजेपी विधायक हरिभूषण बचौल ने कहा- 'साल में 52 जुमा आता है, जबकि होली एक बार ही आती है। होली के दिन मुस्लिम बाहर न निकलें। अगर उनका दिल बड़ा हो और रंग लग जाने पर बुरा न मानें, तभी बाहर निकलें। रंग बेचने से परहेज नहीं तो रंग लगाने से परहेज क्यों।' भाजपा विधायक के इस बयान पर पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने कहा- 'अगर प्रधानमंत्री में हिम्मत है तो पूरे देश से मुस्लिम को भगाकर दिखाएं। बिहार की जनता यहां से बीजेपी को भगाएगी। भाजपा के लोग संस्कारहीन हैं, मुसलमान लोगों ने किसका क्या बिगाड़ा है।'

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि 'उनके कहने से मुसलमान नहीं निकलेंगे। उनके पिता का राज है क्या। यह बिहार है। बचौल समझ लो। एक मुसलमान की रक्षा पांच-छह हिन्दू करेंगे। जब तक हमारी पार्टी में लालू को मानने वाले लोग हैं। संविधान है। यह नहीं होने देंगे।'तेजप्रताप यादव ने कहा- 'इस देश में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में सब भाई-भाई हैं। किसी के कहने से कुछ नहीं होता है।' वहीं राजद के विधायक फतेह बहादुर सिंह ने कहा कि 'बीजेपी- के लोग हमेशा से सौहार्द को बिगाड़ते आए हैं। आज भी बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। लोग इसके बहकावे में नहीं आएंगे। सभी मिल-जुलकर त्योहार मनाएंगे। इनका काम ही लड़वाना है।' JDU ने बताया हरिभूषण बचौल की व्यक्तिगत राय वहीं जदयू कोटे से मंत्री श्रवण कुमार ने कहा- 'जिस तरह से जिनकी त्योहार में आस्था है। उनको वैसे मनाना चाहिए। सब मिल जुलकर त्योहार मनाएंगे। यही ज्यादा अच्छा होगा। अपनी इच्छा के अनुसार लोग धर्म और त्योहार को चुनते हैं। खुशियां मनाते हैं।'राजद MLC सुनील सिंह ने कहा कि, 'होली है, इसमें किसी क्षेत्र में दंगा हो जाए तो ये नई बात नहीं है। बीजेपी आरएसएस की विंग है, और इसका मुख्य काम ही है कि दंगा फैलाने के लिए किस तरह का बयान दिया जाए, ये लोग कमरे में बैठकर तय करते हैं कि आज कौन-सा विधायक क्या बोलेगा। ये जो बीजेपी के विधायक बचौल हैं, वो बकलोल की तरह बात कर रहे हैं।' वहीं सीएम नीतीश को होली की बधाई देने के सवाल पर सुनील सिंह ने कहा कि 'मैं उन्हें किस बात की बधाई दूं, जिस तरह से वो सदन से लेकर सड़क तक महिलाओं को लेकर बयान देते हैं उसकी। आज वो सांप्रदायिक ताकतों की गोद में जाकर बैठे हैं।'थर्ड सप्लीमेंट्री बजट पर चर्चा लंच ब्रेक के बाद शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने थर्ड सप्लीमेंट्री बजट 2024 25 में 1538 करोड़ की मांग और खर्च की मांग की। शिक्षा विभाग की मांग पर चर्चा हो रही है। राजद विधायक साहिन ने मांग में कटौती की मांग की। विधानसभा में आउटसोर्सिंग में आरक्षण का मुद्दा उछाला गया। स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर कार्यस्थगन का प्रस्ताव लाया गया। विपक्ष ने इसपर चर्चा की मांग की है। सदन में मंत्री श्रवण कुमार और राजद विधायक भाई वीरेंद्र के बीच तीखी बहस भी हुई।वित्त विभाग के मंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को 11,187 करोड़ का थर्ड सप्लीमेंट्री बजट सदन में पेश किया था। इस बजट में सबसे अधिक 2,293 करोड़ रुपए पीएम आवास योजना में खर्च होंगे। स्टेट स्कीम मद में 4,974 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें सबसे अधिक मेडिकल कॉलेज अस्पताल और स्कूल के निर्माण पर खर्च किया जाएगा। वित्त विभाग के मंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को 11,187 करोड़ का थर्ड सप्लीमेंट्री बजट सदन में पेश किया था। इस बजट में सबसे अधिक 2,293 करोड़ रुपए पीएम आवास योजना में खर्च होंगे। स्टेट स्कीम मद में 4,974 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें सबसे अधिक मेडिकल कॉलेज अस्पताल और स्कूल के निर्माण पर खर्च किया जाएगा।

## संक्षिप्त डायरी

### नमाज अदा कर लौट रहे शख्स की गोली मारकर हत्या



**मोतिहारी।** में रविवार की देर रात नमाज पढ़कर लौट रहे एक शख्स की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 52 साल के समाजसेवी शेख नुरेन के रूप में हुई है। वारदात जिले के रामगढ़वा थाना क्षेत्र के बैरिया पंचायत के आर्यानगर में हुई। हत्या उस वक्त हुई जब मोतिहारी में लोग टीम इंडिया की जीत का जश्न मना रहे थे। दरअसल, रविवार रात टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीती। इसी खुशी में चारों तरफ आतिशबाजी हो रही थी। पटाखों की आवाज के बीच अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि नुरेन मस्जिद से कुछ ही दूरी पर पहुंचे थे की बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। गोली की आवाज को लोगों ने जश्न का पटाखा समझा। मृतक का आपराधिक इतिहास रहा है। घटना से कुछ देर पहले उसने अपने दो बेटों से फोन पर बात की थी। वहीं, बताया गया कि वह अपने गांव में किसी भी पार्टी या समारोह में डीजे बजाने नहीं देता था।कुछ देर बाद जब लोगों ने सड़क किनारे नुरेन को गिरा देखा, तो उन्हें तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। शुरूआती जांच में आपसी विवाद को हत्या का कारण माना जा रहा है। मृतक के पांच बेटे और एक बेटी हैं, जो बाहर रहते हैं। घटना की सूचना के बाद पहुंचे पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। मौत की खबर सुनते ही लोगों की भारी भीड़ उसके दरवाजे पर जमा हो गई। वहीं, परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस ने ही इन अपराधियों को पाल रखा है।

### घर के गेट से महिला की चेन छीनकर बदमाश फरार



**समस्तीपुर।** के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर के पास रविवार शाम दरवाजे पर बाइक रुकने की आवाज पर घर से बाहर निकली एक बुजुर्ग महिला का बदमाशों ने सोने की चेन छीन ली। पीड़ित महिला के शिक्षक पुत्र डॉ मिथिलेश कुमार ने थाने में आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार, शिक्षक डॉ मिथिलेश कुमार की मां इंदु वर्मा मोहनपुर रोड स्थित अपने घर पर बैठी हुई थी। दरवाजे पर एक बाइक के आकार रुकने की आवाज पर वह बाहर निकली। बाइक सवार के बारे में जानना चाह रही थी। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठा एक युवक उनकी सोने की चेन झपट लिया हालांकि इस दौरान प्रतिरोध करने पर आधी चेन इंदु वर्मा के हाथ में ही रह गई। आधी टूटी हुई चेन और उसका लॉकिट बदमाश लेकर फरार हो गए। इस दौरान शोर मचाए जाने पर आसपास के लोगों की भीड़ भीड़ जुट गई लेकिन तब तक बाइक सवार बदमाश मोहनपुर रोड में फरार हो गया। बदमाशों की संख्या दो बताई गई है जो एक ही बाइक पर सवार थे।वहीं, इस मामले में मुफस्सिल थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि महिला से चेन छीनने की वारदात सामने आई है। घटना को लेकर एक आवेदन मिला है पूरे मामले की जांच की जा रही है। हालांकि शहर के मोहनपुर और आसपास के इलाके में इन दिनों छिनतई की घटना लगातार सामने आ रही है। हाल ही में मोहनपुर रोड के ही विवेक विहार मोहल्ला में पुलिस की वर्दी जैसे कपड़ा पहने बदमाशों ने भाकपा-माले की महिला नेत्री के साथ छिनतई की घटना को अंजाम दिया था।

### औरंगाबाद में 82 लीटर शराब के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार



**औरंगाबाद।** में अंबा थाना पुलिस ने रविवार रात की गई छापेमारी में बाप-बेटे समेत 5 तस्करों को गिरफ्तार कर सैकड़ों बोतल शराब जब्त की है। गिरफ्तार तस्करों में नगर थाना क्षेत्र के काम बिगहा निवासी रामजी चौधरी और उसका पुत्र राहुल चौधरी शामिल हैं।पुलिस ने उनके पास से 39 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की। वहीं, मोपेड पर शराब की खेप ले जा रहे रिसियप थाना क्षेत्र के पहरा गांव निवासी चितरंजन कुमार और सड़सा गांव निवासी विकास कुमार को भी पकड़ा गया। इनके पास से 82 बोतल टनाका देसी शराब बरामद हुई। होली में अधिक मुनाफे के लिए शराब की अवैध तस्करी कर रहे कारोबारियों के मंसूबों पर पुलिस ने पानी फेर दिया।पुलिस ने दूसरी कार्रवाई में एक ऑटो को पकड़ा, जिसमें बने विशेष तहखाने में छिपाकर शराब ले जाई जा रही थी। गुप्त सूचना पर पुलिस ने ऑटो को जब्त किया और ऑटो चालक, रिसियप निवासी पिंटू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। ऑटो से 414 बोतल अंग्रेजी और 25 बोतल देसी, कुल 82.02 लीटर शराब बरामद की गई। शराब बरामदगी के बाद पुलिस ने तीनों वाहनों और जब्त शराब को कब्जे में लेकर आरोपियों को मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम के तहत कोर्ट में पेश किया। पुलिस अधिकारी राहुल राज ने बताया कि ये कारोबारी झारखंड से शराब की खेप लेकर अंबा थाना क्षेत्र होते हुए औरंगाबाद जा रहे थे। पुलिस के विशेष अभियान के तहत इन्हें दबोचा गया। होली पर्व को देखते हुए मुख्य मार्गों और वैकल्पिक रास्तों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिससे शराब की तस्करी पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

### 'पत्नी, सास-साले की वजह से जान दे रहा हूं

**भागलपुर।** में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मामला बबरगंज थाना क्षेत्र के मोदीनगर इलाके का है। मृतक की पहचान दीपक कुमार (26) के रूप में हुई है। आत्महत्या से पहले उन्होंने डायरी के 8 पन्नों में सुसाइड नोट लिखा है। दीपक ने अपनी नोट में मौत के लिए अपनी पत्नी, सास और साला को जिम्मेदार ठहराया है। सुसाइड नोट में पत्नी समेत ससुराल के चार लोगों का जिक्र है। जिन पर प्रताड़ित करने का आरोप है। दीपक ने लिखा- 'पत्नी ने पिछले 9 महीने से मेरा नंबर ब्लॉक करके रखा है। मेरी उससे बात नहीं होती है। लोग मुझ पर हंसते हैं।''ससुराल वालो ने स्थानीय पुलिस के जरिए नोटिस भेज कर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। जिससे मैं काफी परेशान हूं।' 2020 में दीपक की शादी झारखंड के साहिबगंज जिले में हुई थी। शादी के तीन साल बाद पत्नी छोड़कर चली गई थी। जिसके बाद से दीपक डिप्रेशन में था।सुसराल वालों ने दारू पीकर गाली-गलौज का आरोप लगाया था।



# एक ही प्रोफेशन में है लाइफ पार्टनर

## तो आपके काम आएंगे ये टिप्स

आजकल के इस एडवांस समय में लोगों को सोशल मीडिया पर भी एक दूसरे से प्यार हो जाता है। वहीं कुछ लोग साथ काम करते-करते एक-दूसरे को दिल दे बैठते है। इस मार्डे न टाइम में कई लोग ऐसे हैं जो कॉलीग भी हैं और कपल भी। ऐसी लाइफ के फायदे होने के साथ-साथ कई नुकसान भी है। कई बार प्रोफेशनल और प्रसनल लाइफ मिक्स होने के कारण रिश्ते में दूरियां आने लगती है। कई बार ऑफिस का प्रेशर और काम की झिकझिक पर्सनल लाइफ पर हावी हो ही जाती है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि किस तरह प्रोफेशनल लाइफ अलग रख कर आप अपनी पर्सनल लाइफ को एन्जॉय कर सकते है।

### ऑफिस का काम

सबसे पहले तो आप इस बात का ध्यान रखें कि ऑफिस के काम को घर पर न लाएं। ऐसा करने से आपकी लव लाइफ खरीब हो सकती है। चाहे कितना भी जरुरी काम क्यों न हो इसे ऑफिस तक ही रखें।

### रोमांटिक डेट प्लान

अक्सर साथ-साथ काम करते-करते पार्टनर एक-दूसरे को डेट करना छोड़ देते है लेकिन ऐसा करने से आप अपना रिश्ता खुद तोड़ रहें है। साथ काम करने के बावजूद भी डेटिंग न छोड़े। इससे एक-दूसरे पर प्यार और विश्वास बना रहता है।

### सलाह देना

ऑफिस में एक-दूसरे होने पर भी पार्टनर की सक्सेस को एन्जॉय करे। एक-दूसरे को मिली छोटी से छोटी उपलब्धि का जश्न मनाएं। ऐसें में आपके बीच का प्यार ओर भी बढ़ता है।

### वीकेंड को एन्जॉय करना

ऑफिस से मिली छुट्टी को वेस्ट करने की बजाएं साथ में समय बिताएं। कहीं घूमने चले जाएं या घर पर ही एक-दूसरे से बाते करें। इससे आप अपने मन की बात बता और पार्टनर के मन की बात जान सकते है।

### साथ में खाना

घर हो या ऑफिस हमेशा पार्टनर के साथ ही खाना खाएं। साथ बैठ कर खाना खाने से आपका रिश्ते और भी ज्यादा गहरा होगा और इससे आप दोनों के बीच में प्यार भी बढ़ेगा।





# शादीशुदा जिंदगी को खुशहाल बनाने के लिए अपनाएं ये तरीके

लड़का- लड़की दोनों अपनी शादी को सफल बनाने के लिए बहुत कुछ करते हैं, अक्सर देखा जाता है कि शादी के शुरुआती कुछ महीने सब ठीक रहता है पर जैसे- जैसे समय गुजरता जाता है जिंदगी बहुत बोरिंग हो जाती है। रिश्ते में पहले जैसी खुशी, उत्साह और प्यार न जाने कहां खो जाता है। एक रिश्ते को सफल बनाने के लिए जितना विश्वास जरूरी है उतना ही एक- दूसरे के साथ टाइम बिताना भी जरूरी होता है लेकिन आजकल लड़का और लड़की दोनों ही काम करते हैं जिसके कारण वह एक दूसरे को टाइम नहीं दे पाते। इससे कई बार रिश्तों में दूरियां आने लगती हैं। आज हम आप कुछ ऐसे तरीके बाताएंगे जिनको अपनाकर आप आपने रिश्ते में पहले जैसा प्यार दोबारा जगा सकते हैं। तो आइए जानते हैं तरीकों को बारे में।

### आई लव यू कहना

कई बार आप सोचते हैं कि शादी को इतना टाइम हो गया अब अपने पार्टनर को आई लव यू बोलने से क्या होगा। यह सब काम तो बच्चे और न्यूली मैरिड कपल करते हैं पर ऐसा नहीं जब आप अपने पार्टनर को अपना प्यार दिखाओगे तो वह बहुत खूश हो जाएंगे। अपनी शादी को खूशहाल बनाने के लिए रोजाना सुबह उठकर आई लव यू कहें। इससे धीरे - धीरे आपके रिश्ते में आई खटास दूर हो सकती है।

### डेट पर चलने के लिए कहें

अक्सर शादी से पहले लड़का और लड़की दोनों एक दूसरे के साथ समय बिताने के बहाने ढंढूते रहते हैं लेकिन शादी बाद एक दूसरे के साथ टाइम स्पेंड नहीं कर पाते जिससे कई बार रिश्ते खराब होने लगते हैं। अपनी शादी में फिर से वहीं प्यार लाने के लिए अपने पार्टनर के साथ डेट पर जाएं।

### गिफ्ट्स देना

पति और पत्नि दोनों को एक दूसरे को गिफ्ट्स देना चाहिए। चाहें कोई खास दिन हो या न अगर आप अपने पार्टनर को सरप्राइज देंगें तो बहुत खूश हो जाएंगे।

### अतीत की बातें

अतीत की अच्छी बाते करें जैसे कब मिले थे, पहला गिफ्ट क्या था, कब आई लव यू बोला जैसी बाते करें कभी पास्ट की ऐसी बाते न करें जिससे दूसरे को कोई परेशानी हो। दूसरे के इमोशन को ध्यान में रखकर बात करने से शादीशुदा जिंदगीं खुशहाल हो सकती है।





शिशु में जुकाम और बंद नाक की समस्या होना एक आम बात है। इस मौसम में शिशु को इंफैक्शन और जुकाम का खतरा सबसे ज्यादा होता है। बड़े तो जुकाम होने पर बंक नाक की समस्या को झेल लेते है लेकिन बच्चों को इसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# बंद हो जाए शिशु की नाक तो इन घरेलू तरीकों से करें इलाज

वैसे तो शिशु में सर्दी-जुकाम की समस्या को कुछ घरेलू तरीकों से दूर किया जा सकता है लेकिन कई दिनों तक ठीक न होने पर आपको तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। आइए जानते है शिशु में नाक बंद होने के लक्षण और उसे पहचान दूर करने के घरेलू उपचार।

### कैसे जानें कि शिशु के नाक बंद हैं?

शिशु की नाक बंद होने पर उनके सांस लेते समय घरघराहट की आवाज निकलती है। इसके अलावा सर्दी-जुकाम होने पर नाक बहना, सांस लेने में तकलीफ, दूध पीने में प्रॉब्लम और नाक लाल होने जैसी समस्याएं होती है।

- नाक बंद होने के कारण
- एलर्जी
- इंफैक्शन
- शरीर में बैक्टीरिया के कारण
- ठंड लगने के कारण
- साइनस इंफैक्शन के कारण

अपनाए ये घरेलू तरीके -

### सरसों का तेल

शिशु को जुकाम होने पर उनकी नाक में सरसों के तेल की 2 बूंदें डालें। इससे जुकाम भी ठीक हो जाएगा और उन्हें सांस लेने में तकलीफ भी नहीं होगी।

### भाप देना

सर्दी जुकाम होने पर शिशु को नहलाने की बजाए स्पंज स्नान कराएं। इसके अलावा सर्दी-जुकाम को दूर भगाने के लिए उन्हें भाप जरूर दिलवाएं।

### नारियल तेल

शिशु की नाक बंद हो जाए, तो आप नारियल तेल को हल्का गर्म करके नाक में डाल दें। कुछ ही देर में शिशु की बंद नाक खुल जाएगी।

### नींबू

4 नींबू के रस, छिलके और 1 चम्मच अदरक को फांके। इसमें पानी डालकर कुछ देर भिगो दें। इसके बाद इसमें उसी मात्रा में गर्म पानी और शहद मिक्स करके शिशु को पीलाएं।

### अदरक

6 कप पानी में 1/2 कप बारिक अदरक, 2 छोटी दालचीनी को डालकर 20 मिनट तक पकाएं। इसे छानकर चीनी और शहद मिक्स करके बच्चे को पिला दें। एक वर्ष से कम आयु के बच्चों को यह मिश्रण बराबर मात्रा में गर्म-पानी मिलाकर पिलाएं।

### संतरे

संतरा इम्यून सिस्टम को बढ़ाकर खांसी, गले में दर्द और नाक बहने की समस्या को दूर करता है। छोटे बच्चों को आप चम्मच की मदद से संतरे का रस भी पिला सकते हैं।



शिशु काफी नाजूक होते हैं, इसलिए उनकी देखभाल करते समय काफी सावधानियां बरतनी पड़ती है। शिशु को स्पनतान बंद करने बाद अन्य चीजों की आदत डालते समय मां को अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तो महिलाओं को समझ भी नहीं आता कि शिशु को किन चीजों का सेवन करवाएं।

# ब्रैस्टफीडिंग बंद करने के बाद शिशु को जरूर कराएं इन चीजों का सेवन

स्तनपान बंद करवाने के बाद बहुत जरूरी है कि शिशु ऐसी हेल्दी चीजों का सेवन करें जो उसे स्वस्थ बनाएं रखें। आज हम आपको ऐसे ही कुछ फूड के बारे में बताने जा रहें है जिन्हें आप स्तनपान बंद करवाने के बाद शिशु को दे सकती हैं। इनसे बच्चों की सेहत भी बन जाएगी और वो इसे आसानी से खा भी लेंगे।

### हरी सब्जियां

शिशु को स्तनपान बंद करवाने के बाद आप उन्हें हरि सब्जियां जरूर खाने के लिए दें। मटर, पालक, गाजर, चुकंदर आदि को उबालकर मैश करके उसमें स्वादानुसार नमक मिला दें। इसे बच्चे आसानी से का भी लेंगें और उन्हें सब्जियां खाने की आदत भी पड़ जाएगी।

### डेयरी प्रोडक्ट

जब शिशु स्तनपान छोड़ता है तो उसे पर्याप्त मात्रा पोषण की जरूरत होती है। ऐसे में आप उन्हें डेयरी प्रोडक्ट्स भी दे सकती हैं। पनीर या दूध में मौजूद कैल्शियम शिशु को स्वस्थ रखते है।

### फल

आप शिशु को सीजनल फल भी खाने के लिए दे सकती है। सेब, संतरे, केले, आम या किसी भी फल से शिशु को पर्याप्त मात्रा में फाइबर और मिनरल्स मिल जाएगा।

### जूस

कई बार शिशु फल खाना पसंद नहीं करते या फिर उन्हें इसे चबाने में असुविधा होती है। ऐसे में आप उन्हें फल की बजाए उनका जूस दे सकती है। इसे वो पसंद भी करेंगे और उनके शरीर को जरूरी मिनरल्स भी मिल जाएंगे।

### सूप

आप शिशु को सब्जियों का सूप बनाकर भी दे सकती हैं। इससे ना केवल उनको पोषण मिलेगा बल्कि उनके शरीर में पानी की कमी नहीं होगी।



बच्चे की पहली पाठशाला उसका घर होता है और पहली टीचर उसकी मां। बच्चे जरा सी भी गलती करें तो सबसे पहले यही बात सुनने के मिलती है कि बच्चे घर में कुछ नहीं सिखाया गया। पढ़ाई के साथ-साथ कुछ बुनियादी शिष्टाचार सिखाने भी बच्चों को बहुत जरूरी हैं। इन्हीं में से एक है टेबल मैनर्स यानि दूसरों के साथ बैठकर किस तरह से खाना खाना है और कैसा व्यवहार करना जरूरी है। इससे बच्चे के साथ-साथ आपके व्यक्तित्व की भी पहचान होती है।

# बच्चों को सिखाएं टेबल मैनर्स

### बैठ कर खाने की आदत डालें

छोटे बच्चों के लिए एक जगह पर बैठना बहुत मुश्किल होता है। डाइनिंग टेबल पर खाना खाने के लिए बच्चों को साथ बिठा रहे हैं तो इस बात का ख्याल रखें कि उनकी कुर्सी आरामदायक हो। कुर्सी की ऊंचाई बच्चे की हाइट के मुताबिक हो, जिससे वह आराम से बैठ सके।

### सही तरीके से खिलाएं खाना

आप मेहमानों के साथ बैठ कर खाना खा रहे हैं तो बच्चों को नजरअंदाज न करें। बच्चों को बिना आवाज के खाना खाना सिखाएं। ज्यादा मुंह भरकर खाना न खिलाएं, निवाला सिर्फ उतना ही डालें, जितना वह आराम से खा सके। इसके अलावा प्लेट भर कर खाना न डालें, दोबारा जरूरत पड़ने पर खाना दोबारा सर्व करें।

### बर्तनों का सही इस्तेमाल

डाइनिंग टेबल पर बैठते समय बच्चे को इस बात की जानकारी जरूर दें कि कौन सा बर्तन किस तरीके से इस्तेमाल करना है। बड़े चम्मच को सूप और कटोरी का इस्तेमाल ग्रेवी वाली सब्जी के लिए किया जाता है।

### खाना खाने के बाद बर्तन सिंक में रखना

बच्चे को शुरू से ही यह आदत डालें कि घर अपना हो या किसी और का, खाना खत्म हो जाने के बाद हमेशा प्लेट को सिंक में रखें।

### तारीफ भी करें

अपने बच्चे में इस बात की आदत भी डालें कि खाने के बाद खाना बनाने वाले की तारीफ भी करे।



# रोहित ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद भारत के 'साइलेंट हीरो' का खुलासा किया, बोले- उन्हें नहीं भूलना चाहिए



**दुबई (एजेंसी)।** अपने समृद्ध क्रिकेट इतिहास में सफलता का एक और अध्याय जोड़ने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 'साइलेंट हीरो' श्रेयस अय्यर का विशेष उल्लेख किया, जो स्टार-स्टडेड मिडिल ऑर्डर में स्थिरता का स्रोत रहे हैं। रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की।

पूरे टूर्नामेंट के दौरान, भारत का मिडिल ऑर्डर साइलेंट गार्ड की तरह रहा है, जो शीर्ष क्रम के ढहने के बाद टीम को प्रतिकूल परिस्थितियों से बचाता है या मैच बचाने वाली साझेदारियां बनाने के लिए उनके साथ जुड़ता है। रोहित ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मुझे इस टीम पर बहुत गर्व है। हमें पता था कि परिस्थितियां कठिन होंगी, लेकिन हमने खुद को अच्छी तरह से ढाल लिया। अगर आप सभी खेलों को देखें, तो पहला मैच बांग्लादेश के खिलाफ था। मुझे पता है कि यह केवल 230 रन थे, लेकिन हम जानते थे कि विकेट थोड़ा धीमा था। हमें साझेदारी की जरूरत थी और बल्लेबाजों ने बड़ी साझेदारी की।'

बल्लेबाजी में गहराई ने भारत को फायदा पहुंचाया है, श्रेयस अपने शांत व्यवहार और आक्रामक इरादे से बाकी खिलाड़ियों से अलग दिखने में कामयाब रहे हैं। भले ही उनके पास शेखी बघारने के लिए बड़े शतक नहीं थे, लेकिन उनकी निरंतरता ने उन्हें टूर्नामेंट के अंत में भारत के शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी बना दिया। श्रेयस ने रचिन रवींद्र के बाद पांच मैचों में 48.60 की औसत से 243 रन बनाए।

रोहित ने श्रेयस के विभिन्न खेलों में महत्वपूर्ण साझेदारियों के विभिन्न उदाहरणों का हवाला देते हुए भारत के रिकॉर्ड बुक को फिर से लिखने की यात्रा में 30 वर्षीय खिलाड़ी के महत्व को उजागर किया। रोहित ने कहा, 'शांत नायक श्रेयस अय्यर को नहीं भूलना चाहिए, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। वह हमारे लिए उस मध्य चरण में बहुत महत्वपूर्ण थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में उनके साथ बल्लेबाजी करने वाले सभी बल्लेबाजों के साथ साझेदारी की और उस समय विराट बहुत महत्वपूर्ण थे। यहां तक ??कि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी, जो लीग गेम हमने खेला था।'

# प्लान नहीं था, पंजाबी गाना चल रहा था, मेरा डांस निकल गया : श्रेयस अय्यर



**दुबई (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत की जीत का जश्न यादगार डांस परफॉर्मेंस के साथ मनाया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत द्वारा न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराने के बाद अय्यर के डांस मूव्स मैच के बाद के जश्न का मुख्य आकर्षण बन गए। उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी 2013 जीतने के बाद विराट कोहली के प्रतिष्ठित गंगनम स्टाइल सेलिब्रेशन की याद दिला दी। हालांकि अय्यर ने क्लासिक मूव्स के साथ भांगड़ा फुटवर्क को मिलाकर अलग डांस पेश किया जिस पर उनके टीम के साथी और प्रशंसक खुश नजर आए। चैंपियंस बोर्ड के सामने किया गया यह जश्न वायरल हो गया। अय्यर ने भारत को मैच जितवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, फाइनल जीतने के बाद उनकी उपस्थिति और भी रोचक हो गई।

अय्यर ने टूर्नामेंट के दौरान कुल 5 मैचों में 167 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 41.75 रहा। उनका सर्वोच्च स्कोर 67 रन था, जो उन्होंने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था। इस पारी ने भारत को एक मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में मदद की और फाइनल में जगह पक्की करने में अहम भूमिका निभाई। फाइनल में श्रेयस अय्यर ने 31 रन की उपयोगी पारी खेली, जिसने भारत को लक्ष्य का पीछा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी यह पारी दबाव में खेलने की उनकी क्षमता को दर्शाती है।

मैच की बात करें तो दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लेते हुए डेरिल मिशेल और माइकल ब्रेसवेल के अर्धशतक की बदौलत 7 विकेट के नुकसान पर भारत को 252 रन का लक्ष्य दिया। भारत की तरफ से कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने सबसे ज्यादा 2-2 विकेट अपने नाम किए। जवाब में टीम इंडिया ने शुभमन गिल और रोहित शर्मा ने अच्छी शुरुआत की। रोहित पहली 11 ओवर के अंदर ही अर्धशतक बनाने में सफल रहे। बीच में भारत की रन गति कम हो गई जब विराट 1 तो शुभमन 31 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद श्रेयस (48) ने टीम को संभाला। केएल राहुल और हार्दिक पांड्या ने उपयुक्त पारियां खेलकर टीम इंडिया को खिताब दिलाया।

# अगर आप मैदान नहीं छोड़ते, तो आपके पास मौका होता है : हार्दिक पांड्या



**दुबई (एजेंसी)।** हार्दिक पांड्या को जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में चैंपियन्स ट्रॉफी में नई गेंद से गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालनी पड़ी और इस ऑलराउंडर ने कहा कि उनकी संघर्ष करने की स्वाभाविक क्षमताओं ने उन्हें नई भूमिका में ढलने में मदद की। हालांकि टूर्नामेंट में पांड्या पर अधिक भार नहीं रहा क्योंकि भारत ने मुख्य रूप से चार स्पिनरों के साथ गेंदबाजी की। पांड्या ने पांच मैच में सिर्फ 24.3 ओवर गेंदबाजी की और चार विकेट लिए।

पांड्या ने भारत की खिताबी जीत के बाद मिक्स्ड जोन में कहा, 'गेंदबाजी अपना काम खुद करती है। यह साल सीखने और चुनौतियों से भरा रहा। मेरी मानसिकता ने मुझे कभी चुनौतियों से भागना नहीं सिखाया। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर चुनौतियां कठिन हैं तो इसका डटकर सामना करो। अगर आप मैदान नहीं छोड़ते हैं, तो आपके पास मौका होता है।'

पांड्या ने कहा कि वह बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे हमेशा खुद पर भरोसा रहा है कि मैं यह कर सकता हूं। और साथ ही पर्दे के पीछे की गई कड़ी मेहनत रंग लाती है। मेरा हमेशा मानना है कि आप जिस तरह से तैयारी करते हैं, आप उसे खेल में भी दिखा पाएंगे।'

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जीत ने पांड्या को 2017 के टूर्नामेंट में पाकिस्तान से भारत की हार की कड़वी यादों को मिटाने में भी मदद की जिसका वह भी हिस्सा थे। पांड्या ने कहा, 'मैं कह सकता हूं कि आज एक अधूरा सपना पूरा हो गया। लेकिन आठ साल बहुत लंबा समय होता है। आठ साल में जीवन में बहुत कुछ हुआ। लेकिन साथ ही जीतना, और वह भी भारत के लिए, मेरे लिए यह बहुत-बहुत महत्त्वपूर्ण है।'

# रविंद्र जडेजा ने रिटायरमेंट को लेकर डाली पोस्ट, सोशल मीडिया पर हो गई वायरल




**दुबई (एजेंसी)।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल के बाद रिटायरमेंट की अफवाहों पर लगाम लगा दी है। अब ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने अपने फैंस को भविष्य के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने अपनी रिटारमेंट को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाला जिसके बाद स्थिति साफ हो गई है।

जडेजा ने इंस्टाग्राम पर चार-शब्दों वाली पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'कोई अनावश्यक अफवाह नहीं, धन्यवाद।' गौर हो कि जडेजा ने टी20 विश्व कप फाइनल के बाद रोहित और कोहली की घोषणा के एक दिन बाद अपने टी20आई रिटायरमेंट ले ली थी। भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड से मिले 252 रन के लक्ष्य को एक ओवर पहले हासिल करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। जडेजा को 'फील्डर ऑफ द मैच' चुना गया और भारत के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने जडेजा को फील्डिंग मेडल दिया।

गौर हो कि जडेजा ने साल 2009 में अपना वनडे डेब्यू किया था और तब से अब तक इस प्रारूप में 204 मैच खेल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 231 विकेट और 32.62 की औसत तथा 13 अर्धशतक सहित 2806 रन बनाए हैं।

# चैम्पियंस ट्रॉफी : अवार्ड समारोह में पीसीबी अधिकारी को नहीं बुलाये जाने पर विवाद उठा



**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की जीत के बाद हुए अवार्ड समारोह में पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारी को नहीं बुलाया। जिससे विवाद उत्पन्न हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टूर्नामेंट के निदेशक और पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमैर अहमद उस समय मैदान में उपस्थित थे पर उन्हें समारोह में नहीं बुलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी व्यस्त होने के कारण दुबई नहीं जा सके थे। ऐसे में उन्होंने अपने प्रतिनिधि के तौर पर पीसीबी के सीईओ को फाइनल और अवॉर्ड समारोह के लिए दुबई भेजा था।' वहीं मंच संचालन करने वाली समिति की ओर से कहा गया है कि किसी कारण से या गलतफहमी की वजह से उन्हें मंच पर नहीं बुलाया गया। विजेता भारतीय टीम को आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव देवजीत सैकिया ने पदक, ट्रॉफी और जैकेट दिये। अब मेजबान पाकिस्तान का कोई प्रतिनिधि स्टेज पर नहीं था। पीसीबी यह मसला आईसीसी के समक्ष उठा सकता है। वहीं पाक के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी सोशल मीडिया पर कहा, 'भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी जीती पर पीसीबी का कोई प्रतिनिधि फाइनल के बाद नहीं था। पीसीब मेजबान था पर इसके बाद भी उसे मंच पर जगह नहीं मिल पाना हैरानी की बात है। इसके साथ ही ये भी सवाल उठाता है कि पीसीसी की ओर से क्यों कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं आया।'

# हार के बाद भी उपविजेता न्यूजीलैंड हुई मालामाल , 11 करोड़ की इनामी राशि मिली

दुबई । आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद जहां भारतीय टीम को साढ़े 21 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिली है । वहीं न्यूजीलैंड की टीम को करीब साढ़े 11 करोड़ रुपये इनाम के तौर पर मिले हैं । इस प्रकार देखा जाये तो हार के बाद भी कीवी टीम को मोटी रकम मिली है । भारतीय टीम ने दुबई में खेले गये फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया । चैंपियंस ट्रॉफी की इनामी राशि को लेकर आईसीसी ने पहले ही घोषणा कर दी थी । साल 2017 के मुकाबले इस बार इनामी राशि में 53 फीसदी की बढ़ोतरी की गयी है ।इसी कारण उपविजेता टीम भी मालामाल हुईहै ।उपविजेता टीम के लिए आईसीसी ने 10 करोड़ रुपये का इनाम रखा था, जो न्यूजीलैंड को मिलेगा। इसके अलावा न्यूजीलैंड को पार्टिसिपेशन प्राइज और लीग फेज के मैच जीतने के लिए इनाम मिलेगा । इस तरह कीवी टीम का कुल इनाम करीब 11 करोड़ 44 लाख रुपये बैठता है ।

# ओलंपिक खेलों की मेजबानी का भारत का दावा मजबूत : सेबेस्टियन



नई दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सेबेस्टियन को ने कहा है साल 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत' है हालांकि कई और देशों के होने से मेजबानी की प्रतिस्पर्धा कठिन होगी ।भारतीय ओलंपिक संघ ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है । सेबेस्टियन ने कहा, ''मुझे खुश है कि भारत ओलंपिक खेलों का आयोजन करना चाहता है । '' उन्होंने कहा, ''मेजबानी हासिल करना हालांकि आसान नहीं होगा क्योंकि कई अन्य देश भी मेजबानी की दौड़ में शामिल हैं । बोलीदाता नहीं होगा, लेकिन भारत इसे बहुत मजबूत दावा बना सकता है । '' भारत के अलावा पोलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कतर, हंगरी, तुर्कीये, मैक्सिको और मिस्र ने भी साल 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा जतायी है ।2036 खेलों के मेजबान देश का फैसला अगले साल ही आयेगा। नए आईओसी प्रमुख के चुनाव 20 मार्च को होंगे । इसी के बाद मेजबान का चयन होगा ।सेबेस्टियन ने कहा कि अगर भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी का अधिकार नहीं मिलता है तो भी उसे निराश नहीं होना चाहिये और आगे के लिए प्रयास जारी रखने चाहिये ।

# इस भारतीय ने मैच हमारी पहुंच से दूर किया, चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल हारकर बोले सेंटनर



**दुबई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने स्वीकार किया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की असाधारण पारी ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल में दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया और चार विकेट की हार को उन्होंने 'कड़वा-मीठा अंत' करार दिया। रोहित ने 83 गेंद में 76 रन की शानदार पारी खेली जिससे भारत ने रविवार को यहां 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करीबी जीत दर्ज की।

सेंटनर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित शर्मा ने जिस तरह से खेला उससे मैच हमारी पहुंच से दूर हो गया। भारत ने दुबई की परिस्थितियों को अच्छी तरह समझा और अच्छा क्रिकेट खेला। मुझे लगता है कि यह कड़वा-मीठा अंत रहा।' सेंटनर ने कहा कि खिताबी मुकाबले में हार के बावजूद उन्हें अपनी टीम पर 'गर्व' है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि फाइनल में हमारा सामना एक अच्छी टीम से हुआ। हमने इस पूरे मैच में कई बार चुनौती दी, जो सुखद था और मुझे लगता है कि शायद कुछ ऐसे छोटे-मोटे पल भी रहे, जब हमने इसे अपने से दूर जाने दिया।'

सेंटनर ने कहा, 'लेकिन हां, इस पूरे टूर्नामेंट में जिस तरह से हमने इस टीम के साथ खेला है, उस पर मुझे बहुत गर्व है।' सेंटनर ने कहा कि उनकी टीम दुबई की पिच और परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार थी जो लाहौर से काफी अलग थी जहां उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल में हराया था। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हम भारत के खिलाफ लगातार खेल रहे हैं जो हमेशा एक चुनौती होती है। हमें पता था कि परिस्थितियां सेमीफाइनल से थोड़ी अलग होंगी लेकिन हम इसके लिए तैयार थे।'

सेंटनर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमने फिर भी अच्छा प्रदर्शन किया और भारत को अंत तक टक्कर दी। लेकिन हर मैच में कुछ ऐसे पल होते हैं जहां आप संभावित रूप से सुधार कर सकते हैं।' न्यूजीलैंड के कप्तान ने माना कि मैट हेनरी की कमी उन्हें खली जो कंधे की चोट के कारण खिताबी मुकाबले से बाहर हो गए थे। तेज गेंदबाज हेनरी 10 विकेट लेकर इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। सेंटनर ने कहा, 'वह एक बेहतरीन गेंदबाज है। हमने देखा है कि वह उन विकेटों पर भी मूवमेंट हासिल करने में सक्षम है जो ऐसी नहीं लगती कि उनसे मदद मिलेगी। इसलिए मुझे लगता है कि आज हमें इसकी कमी खली।'

उन्होंने कहा, 'मुझे मैटी (हेनरी) के लिए दुख है - वह टीम के लिए खेलने वाला बेहतरीन खिलाड़ी है और वह काफी परेशान दिख रहा था। हमने बस यही कहा, चलो उसके लिए यह करते हैं। उसने इस मैच के लिए तैयार होने के लिए हर संभव कोशिश की और दुर्भाग्य से वह हमारे लिए तैयार नहीं था।'

# जूनियर विश्व कप हॉकी में अच्छा प्रदर्शन करना है लक्ष्य : साक्षी राणा



नई दिल्ली । भारतीय महिला हॉकी टीम की युवा फॉरवर्ड साक्षी राणा का लक्ष्य जूनियर विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करना है । हॉकी प्रो लीग में सीनियर टीम की ओर से सफल पदार्पण से भी साक्षी के हौंसले बुलंद हैं ।जूनियर विश्वकप इस साल के अंत में चिली में होगा । साक्षी ने स्पेन के खिलाफ पदार्पण मैच में ही गोल किया था जबकि भारतीय टीम ये मुकाबला 3-4 से हार गयी थी । साक्षी ने कहा, 'मैं लंबे समय से पदार्पण का इंतजार कर रही थी इसलिए टीम में जगह पाकर उत्साहित हू । मैं मैच से पहले दबाव में नही थी क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा समर्थन कर कहा था कि निडर होकर खेलना । उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य पहले मैच में गोल करने का था । मैने जब गेंद पाई तो देखा कि मेरे आसपास कोई नहीं है । मैने शॉट लगाया और गोल हो गया । । साक्षी ने कहा, 'मैने हॉकी इंडिया लीग और प्रो लीग में विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेला तो मुझे पता चला कि रफ्तार कितनी जरुरी है । मुझे फॉरवर्ड पंक्ति में होने के कारण मैदान पर अपनी रफ्तार अधिक से अधिक बढ़ानी होगी । इसलिए अब मैं इसी पर काम कर रही हू । साक्षी पिछले साल जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम में भी शामिल थी । उन्होंने कहा, 'मेरा ध्यान जूनियर विश्व कप पर है और मैं इसके लिए काफी मेहनत कर रही हू जिससे देश के पदक जीतने में अपनी ओर से योगदान दे सकू ।

# विराट के बयान से उनके संन्यास लेने की अटकलें, प्रशंसक हुए निराश

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतने के बाद अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक ऐसी बता कही जिससे उनके प्रशंसकों को संन्यास लेने का अंदेशा हुआ। विराट ने कहा कि कहा कि हम चाहते थे कि जब हम टीम छोड़कर जाएं तो टीम बेहतर स्थिति में हो। मुझे लगता है कि हमारे पास ऐसी टीम है जो अगले आठ साल तक दुनिया की किसी भी टीम का सामना करने के लिए तैयार है। बहरहाल विराट के संन्यास लेने की आशंका से प्रशंसक निराश हैं। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में एक भी मैचा नहीं हारी। विराट फाइनल में रन नहीं बना पाये पर पूरे टूर्नामेंट में उनकी अहम भूमिका रही। पाकिस्तान के खिलाफ उनके शतक से ही भारतीय टीम जीती है। जैसे ही विराट ने अपने संन्यास की बात की, उनके प्रशंसक भावुक हो गए। चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद कोहली बेहद उत्साहित दिखे। हालांकि, मैच के बाद उन्होंने क्रिकेट छोड़ने की बात कही, जिससे प्रशंसक थोड़े समय के लिए भावुक हो गए। विराट ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद कहा कि यह सफर अद्भुत रहा। उन्होंने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद अच्छी वापसी करना चाहते थे और इस खिताबी जीत से बेहतर कुछ और नहीं हो सकता था। अब उन्हें युवा खिलाड़ियों के साथ खेलने का बहुत अच्छा अनुभव हुआ है। विराट ने ये भी कहा कि टीम के युवा खिलाड़ी टीम को सही दिशा में लेकर जा रहे हैं और यह उनकी प्रगति को देखकर वह काफी खुश हैं। विराट ने आगे कहा कि इतने सालों तक क्रिकेट खेलने के बाद आप अनुभवी खिलाड़ी से दबाव वाली स्थिति में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी टूर्नामेंट में खिताब जीतने के लिए टीम के सभी खिलाड़ियों को अलग-अलग मैचों में अपनी भूमिका ठीक से निभानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयासों से ही टीम खिताब जीतने में सफल रही है। साथ ही कहा कई खिलाड़ियों ने अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी जिसका लाभ टीम को मिला।

# स्मिथ को दक्षिण अफ्रीका के डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने की उम्मीद



जोहानिसबर्ग ।दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि उनकी टीम अपनी मेजबानी में साल 2027 में होने वाले विश्वकप से पहले ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीत सकती है । इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'अगले तीन साल में हम स्टेडियमों, पिचों और अपने क्रिकेट ढ़ांचे को बेहतर करने के प्रयास जारी रखेंगे जिससे 2027 एकदिवसीय विश्व कप को जीता जा सके । दक्षिण अफ्रीका का सामना डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से होगा । ये पहली बार है जब दक्षिण अफ्रीकी टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची है । स्मिथ ने उन बातों को अधारहीन बताया है जिसमें कहा गया कि डब्ल्यूटीसी फाइनल का दक्षिण अफ्रीका का सफर आसान रहा है । उन्होंने कहा, 'आजकल क्रिकेट में कोई सफर आसान नहीं होता । शुरु ही से सभी टीमों को पता था कि किसे किससे खेलना है । दक्षिण अफ्रीका ने लगातार सात टेस्ट जीतकर क्वालीफाई किया है। सभी को टेस्ट इकोसिस्टम देखना चाहिए कि वह कैसे काम करता है । वही लीग क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर स्मिथ ने कहा कि टी20 क्रिकेट का बढ़ना तय है पर सभी सदस्य देशों को मिलकर ऐसा मॉडल बनाना होगा कि बाकी प्रारूप भी सुरक्षित रहें । साथ ही कहा कि , 'मैं चाहता हू कि टेस्ट क्रिकेट मजबूत रहे और अगर छह सात देशों में भी रह गया तो काफी प्रतिस्पर्धी होगा और मजबूत भी बना रहेगा । दुनिया भर में शुरू हो रही फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट के अस्तित्व को बचाये रखने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट ने अमेरिका और दूसरे क्षेत्रों में नये दर्शक दिए हैं और अब हम आने वाले समय में इसे ओलंपिक में भी देखेंगे ।

# इसके लिए काफी तैयारी की जरूरत थी : नई भूमिका में सफलता के बाद बोले केएल राहुल



**दुबई (एजेंसी)।** लोकेश राहुल सफलतापूर्वक छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बाद खुश हैं और उन्होंने इसे अपनी अथक 'तैयारी' और अपने खेल में लगातार सुधार का नतीजा बताया। आमतौर पर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले राहुल को चैंपियन्स ट्रॉफी में एक स्थान नीचे खिसका दिया गया और उन्होंने यहां चार पारियों में 140 रन बनाए।

रविवार को चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत की खिताबी जीत के बाद राहुल ने कहा, 'यह मेरे लिए वाकई सुखद है। मैं अलग-अलग भूमिकाओं में जो काम कर रहा हूं उसके लिए काफी तैयारी की जरूरत होती है। क्रिकेट के मैदान से बाहर काम, यह सोचना कि मुझे प्रत्येक मैच को कैसे लेना है और विभिन्न परिस्थितियों में कैसे प्रदर्शन करना है, पांचवें और छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले कुछ खिलाड़ियों को देखना और देखना कि वे कैसे सफल रहे हैं।'

राहुल ने कहा कि वह टीम के लिए यह नई जिम्मेदारी लेकर खुश हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे मेरे कोच ने बहुत कम उम्र से सिखाया है कि क्रिकेट एक टीम खेल है और टीम को आपसे जो भी चाहिए आपको उसे स्वीकार करने और टीम के लिए प्रदर्शन करने का तरीका खोजने की जरूरत है। आपको यह समझने में सक्षम होना चाहिए कि आपकी भूमिका क्या है, जिम्मेदारी क्या है, यह समझें कि विभिन्न क्रम पर सफल बल्लेबाजी करने के लिए क्या करना पड़ता है।'

राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में स्थिति के अनुकूल खुद को ढाल लिया और छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। बेंगलुरू के इस खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 42 रन बनाए जबकि उनकी नाबाद 32 रन की पारी की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़े लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। कुल मिलाकर राहुल ने सिर्फ 140 रन बनाए लेकिन उन्होंने 98 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जो दर्शाता है कि उन रनों का मैच पर कितना प्रभाव पड़ा।

कप्तान रोहित शर्मा ने भी यही संकेत दिया। रोहित ने कहा, 'उसके धैर्य रखने से दबाव उस पर नहीं पड़ता, हम मैदान पर उसी तरह का धैर्य चाहते थे। मैं टूर्नामेंट में उसके प्रदर्शन से बेहद खुश हूं। सेमीफाइनल और इस मैच में भी दबाव की स्थिति में बल्लेबाजी की। योगदान भले ही 70-80 रन का नहीं हो लेकिन वे 30-40 रन बहुत महत्वपूर्ण थे।'

राहुल चैंपियन्स ट्रॉफी जीतकर बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इस समय बहुत खुश हूं, आईसीसी टूर्नामेंट जीतना इतना आसान नहीं है। यह मेरा पहला खिताब (आईसीसी) है इसलिए मैं बहुत खुश हूं और जिस तरह से हमने इस पूरे टूर्नामेंट में खेला है, उससे मैं बहुत खुश हूं और यह पूरी तरह से टीम का प्रयास रहा है।' राहुल ने स्टंप के पीछे भी शानदार प्रदर्शन किया और महत्वपूर्ण स्टंपिंग और कैच लपके। यह 32 वर्षीय खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से खुश है क्योंकि स्पिन की अनुकूल परिस्थितियों में विकेटकीपिंग करना आसान काम नहीं था।

## एक नजर

### पीएम ने सीआईएसएफ कर्मियों को स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के सभी कर्मियों को स्थापना दिवस पर बधाई दी। मोदी ने कहा कि सीआईएसएफ बल को उसकी व्यावसायिकता, समर्पण और साहस के लिए सराहा जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे आवश्यक बुनियादी ढांचे की रक्षा करके और हर दिन अनगिनत लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करके हमारी सुरक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कर्तव्य के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता वास्तव में सराहनीय है। प्रधानमंत्री ने सीआईएसएफ कर्मियों की तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, सीआईएसएफ के सभी कर्मियों को स्थापना दिवस की बधाई। इस बल को उसकी व्यावसायिकता, समर्पण और साहस के लिए सराहा जाता है। वे आवश्यक बुनियादी ढांचे की रक्षा करके और हर दिन अनगिनत लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करके हमारी सुरक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कर्तव्य के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता वास्तव में सराहनीय है।

### चोरी के 52 फोन के साथ युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** पश्चिमी जिला पुलिस ने चोरी के 52 मोबाइल के साथ आरोपित प्रमोद गुप्ता को गिरफ्तार किया है। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने सोमवार को बताया कि प्रमोद कुमार गुप्ता ने वर्ष 2013 में उप्र के गोंडा स्थित एक सरकारी संस्थान से गणित में स्नातक किया था। उसने वर्ष 2020 में मोबाइल फोन की मरम्मत का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद वह कथित तौर पर दिल्ली और हरियाणा में चोरी के फोन बेचने लगा था, ताकि जल्दी पैसे कमाए जा सकें। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह पहले भी एक आपराधिक मामले में शामिल रहा है। इसके कब्जे से चुराए गए व लूटे गए कुल 52 मोबाइल फोन और उनके 15 मदरबोर्ड जब्त किए गए हैं। वह हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला है। डीसीपी ने बताया कि पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली थी कि रघुबीर नगर में एक व्यक्ति बड़ी संख्या में चुराए गए मोबाइल फोन बेचने की कोशिश कर रहा है। सूचना को पुख्ता कर एसीपी अरविंद कुमार की देखरेख में पुलिस टीम ने एनडब्ल्यूबी चौक रोड के पास जाल बिछाया। रात करीब साढ़े बारह बजे पुलिस ने प्रमोद गुप्ता को आते हुए देखा। जब पुलिस ने गुप्ता को रुकने का इशारा किया, तो वह भागने की कोशिश करने लगा लेकिन थोड़ी दूरी पर उसे दबोच लिया गया।

### आरपीएससी : फर्जी डिग्री व प्रमाण-पत्रों पर लगेगी लगाम

**अजमेर :** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा अब डिग्रियों व अंकतालिकाओं, अन्य दस्तावेजों का सत्यापन नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी में संधारित डेटा को डिजी लॉकर के माध्यम से एक्सेस कर भी किया जा सकेगा। इस संबंध में राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस प्रभाग इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी की पहल पर उनकी टीम द्वारा 25 फरवरी 2025 को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था। आयोग सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस प्रभाग इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा डिजी लॉकर को आयोग की भर्ती प्रक्रियाओं में उपयोग लिए जाने के लिए अनुरोध किया गया था। इस क्रम में डिजी लॉकर प्लेटफार्म का इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारी द्वारा तकनीकी प्रेजेंटेशन आयोग के अधिकारियों के समक्ष किया गया था।

# एबीवीपी ने मुझे दीप पकड़ाने से दीप जलाने तक की यात्रा करवाई है : रेखा गुप्ता

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को एनडीएमसी सभागार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की छात्रा संसद में कहा कि एबीवीपी केवल एक छात्र संगठन नहीं है बल्कि जीवन प्रबंधन की बड़ी पाठशाला है। गुप्ता ने कहा कि उनके भी जीवन में विद्यार्थी परिषद की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि एबीवीपी ने उन्हें दीप पकड़ाने से लेकर दीप जलाने तक की यात्रा करवाई है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि वह 1993 में विद्यार्थी परिषद से जुड़ी थीं और 1995 में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) का चुनाव लड़ा था। उन्होंने




कहा कि युवा छात्राओं की ऊर्जा, आत्मविश्वास और संकल्पशक्ति ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्रा को आगे बढ़ाने और नेतृत्व का पाठ पढ़ाने का कार्य एबीवीपी ने किया है और यही कारण है कि आने वाले समय में इस संगठन से केवल एक नहीं, बल्कि सैकड़ों रेखा गुप्ता तैयार होंगी। छात्रा संसद के माध्यम से एबीवीपी एक विचार रूपी वट वृक्ष तैयार कर रही है, जिसकी छांव में राष्ट्र निर्माण की नींव रखी जाएगी। मैं यह गर्व से कह सकती हूं कि मैं एबीवीपीयन हूं। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि छात्रा संसद के समापन सत्र में छात्राओं द्वारा एक मांग पत्र तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इसे शीघ्र ही सरकार और संबंधित विभागों को सौंपा जाएगा। यह संसद केवल विमर्श का मंच नहीं बल्कि छात्राओं की जमीनी समस्याओं का समाधान निकालने और नीति निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करने की एक ऐतिहासिक पहल है। कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष प्रो. मिलिंद सुधाकर मराठे, सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता मोनिका अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। साथ ही एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सिंह सोलंकी, अखिल भारतीय छात्रा कार्य प्रमुख मनु शर्मा कटारिया, राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा, दिल्ली प्रांत अध्यक्ष तपन बिहारी, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य निव्यांग सुमेर, प्रांत सह मंत्री अपराजिता भी मंच पर उपस्थित रहीं। छात्रा संसद में छात्राओं प्रांत से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई और सदन के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें प्रस्तुत की गईं। छात्राओं ने शिक्षा और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास पाठ्यक्रमों को लागू करने, उच्च शिक्षा में छात्राओं की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए छात्रावासों की संख्या में वृद्धि, ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों में अध्ययन करने आने वाली छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना का प्रावधान, पाठ्यक्रम में वीरांगनाओं, महिला वैज्ञानिकों, खिलाड़ियों और नेतृत्वशील महिलाओं के योगदान को सम्मिलित करने, महिला शोधार्थियों के लिए विशेष योजना एवं अनुदान सुनिश्चित करने आदि महत्वपूर्ण विषयों पर बल दिया गया।

## कनाडा के नये प्रधानमंत्री होंगे मार्क कार्नी, ट्रूडो का दौर खत्म

एजेंसी

**ओटावा :** कनाडा की सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी ने रविवार को जस्टिन ट्रूडो की जगह मार्क कार्नी को नया प्रधानमंत्री चुन लिया है। तीन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ आसानी से नेतृत्व की दौड़ जीतने वाले मार्क कार्नी अगले आम चुनाव में लिबरल पार्टी की ओर से चुनाव लड़ेंगे। उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों के कारण कनाडा की अर्थव्यवस्था प्रभावित होने वाली है। 9 वर्षों तक प्रधानमंत्री पद संभालने वाले ट्रूडो ने चौतरफा दबाव के बीच जनवरी में ही अपने इस्तीफे की घोषणा की थी। पूर्व केंद्रीय बैंक गवर्नर कार्नी ने रविवार को लिबरल पार्टी का नेता चुने के लिए हुए मतदान में 85.9 फीसदी वोटों के साथ शानदार जीत हासिल की। उन्होंने तीन मजबूत



प्रतिद्वंद्वियों पूर्व कैबिनेट मंत्री करीना गोल्ड, पूर्व वित्त मंत्री और उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड और पूर्व लिबरल सांसद फ्रैंक बेलिस को आसानी से हराया। 1965 में नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज के फोर्ट स्मिथ में जन्मे कार्नी ने हार्वर्ड में अपनी पढ़ाई की। वे ब्रिटेन और कनाडा के केंद्रीय बैंकों के प्रमुख रह चुके हैं। बैंक ऑफ कनाडा के चीफ रहे कार्नी ने अपने कार्यकाल में वित्तीय संकटों का सामना किया। 2008 के वित्तीय संकट से कनाडा कई अन्य देशों की तुलना में तेजी से उबरा था। 2013 में वे बैंक ऑफ इंग्लैंड के प्रमुख बने। हालांकि मार्क कार्नी ने कभी कोई निर्वाचित पद नहीं संभाला और वे संसद के सदस्य भी नहीं हैं। अमेरिका के साथ बढ़ते टकराव को देखते हुए आगामी चुनाव में यह मुद्दा सबसे मजबूत होकर उभरेगा कि अमेरिका से मिल रही चुनौतियों और उसके साथ संबंधों को संभालने वाला बेहतर चेहरा कौन होगा। कनाडा में बढ़ती राष्ट्रवादी लहर ने आगामी संसदीय चुनाव में लिबरल पार्टी की संभावनाएं बढ़ा दी हैं।

## कांग्रेस ने महिला आरक्षण को लेकर जंतर-मंतर पर किया प्रदर्शन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने सोमवार को महिला कांग्रेस की अन्य सदस्यों के साथ लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसदी महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन किया। अलका लांबा ने केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण को संसद में पारित होने के बावजूद इसके कार्यान्वयन में देरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, यह कानून यूपीए सरकार ने पारित किया था लेकिन इस सरकार ने इसके नाम पर वोट मांगते हुए इसे दस साल तक रोक कर रखा। उन्होंने कहा, आज सत्ता में होने के बावजूद, भाजपा ने इस कानून को लागू नहीं किया है। कांग्रेस के विधायक इसे लागू करने के लिए लड़ते रहेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनका इरादा हाशिए पर मौजूद महिलाओं की आवाज बनने का है। उन लोगों के लिए खड़े हैं, जो पीड़ित और असहाय हैं। हमारी लड़ाई उनके खोए हुए आत्मविश्वास और सम्मान को बहाल करने के लिए है। उन्होंने कहा कि आज से संसद का सत्र आरंभ हो रहा है, जो लगभग एक महीने तक चलेगा।

## डेटिंग एप के जरिए ठगी करने के मामले में चार गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** शाहदरा जिला पुलिस ने डेटिंग एप के जरिए दोस्ती कर फर्जी डेट करवाकर ठगी करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान राजेंद्र (30), कुलदीप (39), आशीष (21) और दीपक (24) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपित युवक लड़कियों के नाम पर अपना प्रोफाइल बनाकर डेटिंग एप के जरिए युवकों को अपने जाल में फंसाते थे। फिर वे उनको डेटिंग करने के बहाने क्रॉस रिवर मॉल के क्लब में बुलाते थे। वहां मुलाकात के लिए क्लब वाले बाहर से लड़कियां बुलाकर उनसे मिलवाते थे। उसके बाद उन फंसाए गए युवकों को मोटा बिल थमाते थे। इस काम के लिए आरोपितों को हर दिन के लिए तीन-तीन हजार रुपये मेहनताना मिलता था। पुलिस पकड़े गए लोगों से पूछताछ कर इनके बाकी साथियों का पता लगा रही है। पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर जिले की एसटीएफ को सूचना मिली थी कि क्रॉस रिवर मॉल के पास बार में कुछ लोग युवकों से चैट कर ठगी करते हैं। सूचना को पुख्ता कर तुरंत एक टीम का गठन किया गया। क्रॉस रिवर मॉल के भीतर छापा मारा गया। मुखबिर ने क्लब के बाहर खड़े चार लड़कों की ओर इशारा कर बताया कि यही ठगी करते हैं। पुलिस ने राजेंद्र, कुलदीप, आशीष और दीपक को दबोच लिया। इनके मोबाइल में डेटिंग एप भी मिले। पूछताछ करने पर आरोपितों ने बताया कि वह डेटिंग एप के जरिए लड़कियों के छद्म नाम से लड़कों से दोस्ती करते हैं। इसके बाद चैटिंग के दौरान उनको डेटिंग करने का झांसा दे कर क्लब बुलाया जाता है। ठगी के बाद आरोपितों को मोटी रकम मिलती है।

## लोकसभा में राहुल गांधी ने की वोटर लिस्ट पर चर्चा कराने की मांग

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा में नेता विपक्ष नेता राहुल गांधी ने सोमवार को सदन में मतदाता सूची में अनियमितता का मुद्दा उठाया और कहा कि देशभर से इसकी शिकायतें मिल रही हैं। गैर एनडीए शासित राज्यों से यह मुद्दा उठ रहा है। राहुल ने विशेष रूप से महाराष्ट्र का उदाहरण दिया। साथ ही उन्होंने मांग की कि पूरा विपक्ष चाहता है कि सदन में वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए। लोकसभा में शून्य काल की चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि सरकार मतदाता सूची नहीं बनाती लेकिन पूरा विपक्ष चाहता है कि इस मुद्दे पर सदन में चर्चा हो। विपक्षी राज्यों और पूरे देश से मतदाता सूची पर सवाल उठ रहे हैं। पूरा विपक्ष संसद में वोटर लिस्ट



पर विस्तृत चर्चा की मांग कर रहा है। तृणमूल सांसद सौगत रॉय ने भी हरियाणा और पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों में एक जैसे निर्वाचक फोटो पहचान कार्ड संख्याओं का उदाहरण देते हुए कहा कि इस तरह की गड़बड़ियों से प. बंगाल और असम में आगामी चुनाव प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से मतदाता सूची के विस्तार से जांच किए जाने की मांग की। उधर, सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में भी राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को लेकर उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस को एक महीने से अधिक हो गया है। पारदर्शिता को लेकर चुनाव आयोग से हमने मांगें की थीं। यह मांगें अब तक पूरी नहीं की गई हैं। सवाल आज भी वैसे ही बने हुए हैं। अब वोटर लिस्ट में डुप्लीकेट नामों के नए सबूत सामने आए हैं, जिससे और भी नए और गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोकतंत्र और संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए यह चर्चा बहुत जरूरी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनावों में मतदाता सूची का मुद्दा सदन में उठाया था। तब राहुल गांधी ने कहा था कि महाराष्ट्र चुनावों से पहले करीब 70 लाख नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया था।

# पूर्व राजा के समर्थन में उमड़े जनसैलाब से नेपाल की राजनीति में उबाल, प्रमुख राजनीतिक दलों ने राजा को दी नसीहत

एजेंसी

**काठमांडू :** काठमांडू में पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह के समर्थन में उमड़े जनसैलाब के बाद नेपाली राजनीति में हलचल देखी जा रही है। नेपाल के प्रमुख राजनीतिक दल के नेताओं ने पूर्व राजा का विरोध करते हुए उन्हें अपने दायरे में रहने, लोकतंत्र के खिलाफ काम नहीं करने और जनता को उकसाने का काम नहीं करने की नसीहत दी है। रविवार को काठमांडू हवाईअड्डा से लेकर उनके निवास तक लाखों की संख्या में लोग सड़क पर आकर पूर्व राजा के पक्ष में की गई नारेबाजी से प्रमुख दल के नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। नेपाली कांग्रेस के नेता तथा



गृहमंत्री रमेश लेखक ने चेतावनी देते हुए पूर्व राजा को अपने दायरे में रहने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि यदि पूर्व राजा इस समय की व्यवस्था को नहीं मानेंगे तो उन्हें राज्य की तरफ से दी जा रही सुरक्षा और अन्य सुविधाएं वापस ले ली जाएंगी। गृहमंत्री ने यह भी कहा कि पूर्व राजा की गतिविधियां संविधान और कानून के विपरीत हैं। इस तरह की गतिविधियों के कारण उन्हें कानून के दायरे में भी लाया सकता है। पूर्व राजा के पक्ष में लोगों में बढ़ते आकर्षण से सत्तारूढ़ दल नेकपा एमाले पार्टी ने भी नाराजगी व्यक्त की है। पार्टी के महासचिव शंकर पोखरेल ने कहा कि यदि पूर्व राजा को सत्ता में वापसी करनी है तो उन्हें राजनीति में आने की खुली छूट है। लेकिन इस तरह से समाज में अस्थिरता फैलाकर सत्ता पर पुनः बैठने का सपना त्यागने का सुझाव देते हुए अपना दल बनाने की चुनौती दी है। पोखरेल ने कहा कि इस संविधान में राजसंस्था के लिए कोई स्थान नहीं है। यदि पूर्व राजा को देश में राजसंस्था की पुनर्बहाली करनी है तो उन्हें राजनीति में आकर चुनाव लड़ना चाहिए और दो-तिहाई बहुमत लाकर अपने हिसाब से संविधान के बदलाव कर सकते हैं। एमाले महासचिव ने भी पूर्व राजा को अपनी गतिविधियों नहीं रोकने पर गंभीर परिणाम की चेतावनी दी है। सिर्फ सत्ता पक्ष ही नहीं विपक्ष में रहे माओवादियों की तरफ से भी पूर्व राजा के खिलाफ बयान जारी किया गया है। माओवादी के प्रवक्ता पंगा भुसाल ने अपने बयान में कहा है कि पूर्व राजा की गतिविधियों से अब तक प्राप्त उपलब्धियां खतरे में आने का संकेत है। जिस राजतंत्र को जड़ से खत्म करने के लिए माओवादी को दस वर्षों तक जनयुद्ध करना पड़ा, हजारों लोगों को बलिदान देना पड़ा, उस राजतंत्र के फिर से सक्रिय होने के कारण देश का गणतंत्र खतरा में आ गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### जी सिनेमा पर होगा सिंघम अगेन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर


**मुंबई :** सिंघम की दहाड़, जलाएगी लंका इस बार शेर लौट आया है, और अब जंग होगी और धमाकेदार! इस होली, जी सिनेमा बना रहा है आपके जश्न को और भी रोमांचक, क्योंकि आ रहा है सिंघम अगेन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर शुक्रवार, 14 मार्च, रात 8 बजे। इस बार बाजीराव सिंघम की गूंज सीधे रामायण की अमर गाथा से प्रेरित है, जिसके हर किरदार और कहानी में इस महाकाव्य की झलक होगी। जिस तरह रामायण में अच्छाई और बुराई का घमासान देखने मिला, उसी तरह सिंघम अगेन में भी आज के समय के संघर्ष को दिखाएगी, जहाँ कर्तव्य की अग्निपरीक्षा होगी। मास एंटरटेनमेंट के बेताज बादशाह रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स में सिंघम अगेन एक और ऐतिहासिक अध्याय जोड़ती है। इस बार जबर्दस्त स्टारकास्ट के साथ फिल्म का स्केल और भी बड़ा हो गया है। अजय देवगन फिर से अपने आइकॉनिक अवतार में बाजीराव सिंघम बनकर लौट रहे हैं, और उनके साथ हैं अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ - एक ऐसी फौज, जो किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटने वाली। ये सभी जांबाज योद्धा एक ही मकसद के लिए लड़ेंगे इस अन्याय का खात्मा और बुराई का सर्वनाश! लेकिन मुकाबला आसान नहीं होगा, क्योंकि इस बार खतरनाक विलेन बनकर सामने आ रहे हैं अर्जुन कपूर इस डेंजर लंका के किरदार में, जो पूरी ताकत से तबाही मचाने को तैयार है! वहीं, करीना कपूर खान एक बार फिर सिंघम की पत्नी अवनी के दमदार किरदार में नजर आएंगी, जो इस कहानी में जज्बातों की गहराई लेकर आती है। जब अवनी का अपहरण होता है, तो उन्हें बचाने के लिए सिंघम अपनी टीम के साथ श्रीलंका में घुसकर दुश्मनों का सफाया करने निकलता है इस जहां एक ऐसी जंग छिड़ती है, जो अब तक सबसे बड़ी परीक्षा बनकर सामने आती है।

### गायक कुमार सानू ने कैंची धाम में टेका माथा



**नैनीताल :** प्रसिद्ध गायक कुमार सानू सोमवार सुबह अपने परिवार के साथ जिले में स्थित कैंची धाम पहुंचे और बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन किए। इससे पहले रविवार को भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने भी कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी का आशीर्वाद लिया था। फिल्म जगत के गायक कुमार सानू अपने परिवार के साथ सुबह कैंची धाम मंदिर पहुंचे। पूजा अर्चना के दौरान कुमार सानू ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और देश की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। यहां ग्राम प्रधान पंकज निगलटिया ने उनका स्वागत किया और मंदिर की दिनचर्या को लेकर चर्चा की। कुमार सानू ने कहा कि उन्होंने बाबा के बारे में बहुत सुना था, लेकिन आज पहली बार उनके दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि बाबा का आशीर्वाद हमेशा उनके साथ रहता है और यहां आकर उन्हें मानसिक शांति मिली। उन्होंने यह भी कहा कि वे जल्द ही दोबारा बाबा के दर्शन के लिए आएंगे। कैंची धाम में दर्शन के दौरान सैकड़ों प्रशंसकों ने कुमार सानू के साथ सेल्फी ली और यादगार पल साझा किए। बाबा के कैंची धाम में हर रोज देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए यहां पहुंचते हैं।

### मणिपुर में विभिन्न संगठनों के 10 उग्रवादी गिरफ्तार





**इंफाल :** मणिपुर पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में विभिन्न उग्रवादी संगठनों के 10 सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि पहली इंफाल ईस्ट जिले के पोरोंपात थाना क्षेत्र के गोलापट्टी मस्जिद अचौबा अवांग लेइराक से एनआरएफएम संगठन की एक सक्रिय कैडर लाईफ्राकपम सोनिया देवी उर्फ टोम्बी (24) को गिरफ्तार किया गया। वह आम जनता, निजी कंपनियों और सरकारी अधिकारियों से जबरन वसूली में शामिल थी। उसके पास से एक मोबाइल फोन और 1,07,260 रुपये बरामद किए गए। दूसरी कार्रवाई में, इरिलबुंग थाना क्षेत्र के खोंगमैन नंदेइबम लैकाई से पीआरईपीएके (प्रो) के दो सक्रिय उग्रवादी चिरोम रोस्तम मैतेई उर्फ चिरोम्बा (25) और हेइक्रुजाम अरविंद सिंह उर्फ माइकल (32) को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए। तीसरी कार्रवाई में, इंफाल वेस्ट जिले के हेनीपोक स्थित इमा मेधपति स्कूल के पास से पीआरईपीएके (प्रो) के तीन उग्रवादियों लैशराम बोबोई मैतेई उर्फ बोइशेम्बा (28), पलुजम बाबू सिंह उर्फ लुथुम्बा (25) और युमनाम अथोइबी चानू को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से तीन मोबाइल फोन बरामद हुए। चौथी कार्रवाई में, पुलिस ने केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय सदस्य सोरोखाइबम इनाओटन सिंह (38) को इंफाल के आरआईएमएस मुख्य गेट से गिरफ्तार किया। वह सरकारी अधिकारियों और आम जनता से जबरन वसूली में शामिल था। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पांचवीं कार्रवाई में, केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के ही एक अन्य सदस्य शंथम रोमन सिंह (39) को इंफाल वेस्ट जिले के समुरोउ से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 11 धमकी भरे पत्र बरामद हुए। छठी कार्रवाई में, पुलिस ने इंफाल वेस्ट जिले के लैंगोल टाइप- क्रूक्स यूपीपीके संगठन के तीन सक्रिय उग्रवादी - नंगबम बिशन मैतेई (24), असंगबम मणिकांता सिंह (37) और सोरोखइबम नगांथोई सिंह (23) को गिरफ्तार किया।

### गुजरात के बोडेली में 5 वर्षीय बालिका की नरबलि से सनसनी, आरोपी गिरफ्तार

**छोटा उदेपुर :** जिले की बोडेली तहसील के पाणेज गांव में एक कथित तांत्रिक पर 5 वर्षीय बालिका की नरबलि देने का आरोप लगा है। कथित तांत्रिक ने दिनदहाड़े कई लोगों के सामने हाथ में कुल्हाड़ी लेकर बालिका को खींच कर अंदर ले गया और घर के अंदर बालिका का सिर कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी फिर उसका खून मंदिर की सीढ़ियों पर चढ़ा दिया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार जिले के पाणेज गांव में सोमवार सुबह सीता (5) नामक बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। सीता की माता और भाई बाहर कपड़े धो रहे थे। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला कथित तांत्रिक लालो आया और वह बालिका को जबरदस्ती पकड़कर अपने घर में खींच कर ले गया। इसी बीच बच्ची ने जोर-जोर से रोना शुरू कर दिया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर उसकी मां भी दौड़ी आई। माता ने भी शोर कर आसपास के लोगों को इकट्ठा कर लिया, लेकिन कथित तांत्रिक के हाथ में कुल्हाड़ी देखकर सभी डरे-सहमे खड़े रह गए और किसी ने बालिका को बचाने की कोशिश नहीं की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपित बच्ची को खींचकर अपने घर ले गया और बालिका के गले पर कुल्हाड़ी से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद आरोपित ने मंदिर की सीढ़ियों पर उसका खून चढ़ा दिया। घटना की खबर फैलते ही आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वर पब्लिकेशन्स एलएलपी की ओर से शिवशाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नंदू कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902